आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 33°C | 22°C |

इनसाइड न्यूज

24 औद्योगिक क्षेत्रों में व्यापक कायाकल्प की प्रक्रिया पूरा...
पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



बुधवार 16 अक्टूबर, 2024 / पेज : 12 / मूल्य : ₹3.00/- लखनऊ वर्ष : 16, अंक : 06 www.janexpresslive.com/epaper

सभ्यता के इतिहास के बारे में लोगों... 12

## एक्सप्रेस खबरें...

### सहारनपुर में रोटी पर थूकते हुए वीडियो आया सामने, पुलिस जांच में जुटी

जन एक्सप्रेस/सहारनपुर। जहां एक तरफ योगी सरकार खाने में थूकने वालों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर रही है, वहीं इसके बावजूद भी खाने में थूकने के मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला यूपी के सहारनपुर से सामने आया है। सहारनपुर में एक खाने को अपवित्र करते हुए रोटी में थूकने का वीडियो सामने आया है, वीडियो में युवक रोटी पर थूकते हुए साफ दिखाई दे रहा है। वीडियो सहारनपुर सिटी कोतवाली अन्तर्गत चौकी सराय के खलीफा होटल का बताया जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जिहादी मानसिकता रखने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

### गाजियाबाद में अवैध रूप से चल रहे आठ ओयो होटल सीज, मचा हड़कम्प

जन एक्सप्रेस/गाजियाबाद। साहिबाबाद में अवैध रूप से चलाए जा रहे 8 ओयो होटल को पुलिस ने सेट कर दिया। सहायक आयुक्त रजनीश उपाध्याय के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के बाद होटल संचालकों में हड़कम्प की स्थिति है। एसीपी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि सूचना मिली थी कि साहिबाबाद क्षेत्र में कुछ होटल अवैध रूप से संचालित किया जा रहे हैं। उनके पास कोई भी वैध कागज नहीं है जिसको लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को पत्राचार किया गया। इसके बाद मंगलवार को होटलों की जांच पड़ताल को गयी।

### राशन की कालाबाजारी में नपे कई अधिकारी

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। योगी सरकार जीरो टॉरलेंस नीति के तहत बराबर भ्रष्टाचारियों पर शिकंजा कस रही है और मंगलवार को बुलंदशहर में बड़ी कार्रवाई की गई। यहां पर राशन कालाबाजारी में गठित उच्च स्तरीय जांच समिति की रिपोर्ट पर जिला पूर्ति अधिकारी सहित चार अधिकारी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिये गये। इसके साथ ही इन सभी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा 3/7 के तहत अभियोग भी पंजीकृत किया गया है।

# महाराष्ट्र में एक, झारखंड में दो चरण में वोटिंग

## महाराष्ट्र में सिंगल फेज में 20 नवंबर को चुनाव, झारखंड में दो फेज में 13 और 20 नवंबर को वोटिंग

- चुनावों का एलान : 23 नवंबर को नतीजे, 50 सीटों पर उपचुनावों का भी एलान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है। महाराष्ट्र में सिंगल फेज में 20 नवंबर को वोटिंग होगी। वहीं झारखंड में 2 फेज में 13 और 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। दोनों ही राज्यों के चुनाव नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को और झारखंड का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को खत्म हो रहा है। चुनाव आयोग ने मंगलवार दोपहर 3.30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करके 14 राज्यों की 48 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों का ऐलान भी किया। लोकसभा सीटों में केरल की वायनाड में 13 नवंबर और महाराष्ट्र के नांदेड़ में 20 नवंबर को वोटिंग होगी। वहीं, 47 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को और उत्तराखंड की केदारनाथ विधानसभा सीट पर 20 नवंबर को मतदान होगा। सभी के नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।




### मुख्य चुनाव आयुक्त ने 2 बार शायरी पढ़ी

- कश्मीर चुनाव पर : जम्हूरियत के जश्न में आपकी शिरकत, दुनिया देखेगी नापाक इरादों के शिकस्त की कहानी
- ईवीएम की शिकायतों पर : कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना

### ईसी ने ईवीएम पर फैक्ट के साथ जवाब दिया, प्रोसेस बताई

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया, लोग पूछते हैं कि किसी देश में पेजर से ब्लॉस्ट कर देते हैं, तो ईवीएम क्यों नहीं हैक हो सकती। पेजर कनेक्टेड होता है भाई, ईवीएम नहीं। 6 महीने पहले ईवीएम की चेकिंग शुरू होती है।



पोलिंग पर ले जाना, वोटिंग के बाद वापस लाना। हर एक स्टेज पर पॉलिटिकल पार्टी के एजेंट या कैंडिडेट मौजूद होते हैं। जिस दिन कमीशनिंग होती है, उस दिन बैट्री डाली जाती है। वोटिंग से 5-6 दिन पहले कमिशनिंग होती है। इस दिन सिंबल डाले जाते हैं और बैट्री डाली जाती है। बैट्री पर भी एजेंट के दस्तखत डाले जाते हैं। स्ट्रॉग रूम में जाती है, यहां भी 3 लेवल की चेकिंग होती है। जिस दिन पोलिंग के लिए निकलेंगी, तब भी यही प्रोसेस होगी। वीडियोग्राफी होगी। नंबर भी शेयर होंगे, ये मशीन यहां बूथ पर जाएगी। फिर चेकिंग होगी, वोट डालकर देखे जाएंगे। पूरे दिन वोटिंग हुई। फिर मशीन लॉक। फिर दस्तखत और हिसाब-किताब होता है। 20 शिकायतें आई हैं। हम हर सवाल का फैक्नुअल जवाब देंगे। जल्दी देंगे। अगला भी कुछ आएगा, रुकेगा नहीं।

### 2024 चुनावी साल : लोकसभा सहित 6 राज्यों में चुनाव हुए

- 2024 में लोकसभा के साथ 4 राज्यों- आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा के चुनाव हुए। लोकसभा में भाजपा अकेले बहुमत का आंकड़ा तो पार नहीं कर पाई, लेकिन सहयोगियों के दम पर रिकॉर्ड लगातार तीसरी बार सरकार बनाई। मोदी पहले गैर कांग्रेसी चेहरे हुए जो तीसरी बार पीएम बने।
- वहीं, आंध्र प्रदेश में टीडीपी के साथ भाजपा ने सरकार बनाई। चंद्रबाबू नायडू सीएम बने। ओडिशा में पहली बार भाजपा ने पूर्ण बहुमत के साथ मोहन चंद्र माझी के नेतृत्व में सरकार बनाई। अरुणाचल में भाजपा ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाई। सिक्किम में सत्ताधारी सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (स्चरू) ने सरकार बनाई।
- हरियाणा में भाजपा 48 सीटें जीतकर रिकॉर्ड तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। राज्य में अब तक किसी राजनीतिक दल ने लगातार 3 बार सरकार नहीं बनाई है। जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद हुए चुनाव में जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन सरकार बनाने जा रहा है। कांग्रेस-इष्ट गठबंधन ने 48 सीटें हासिल कीं। भाजपा 29 सीटों पर जीती। 15 साल पहले 2009 में भी कांग्रेस और इष्ट गठबंधन की सरकार बनी थी। तब उमर 38 साल के थे और राज्य के सबसे युवा मुख्यमंत्री बने थे।

### क्यों खाली हुई सीटें

- 42 सांसद बने, 3 का निधन 48 विधानसभा सीटों में से 42 के विधायक सांसद बने हैं। इनमें सबसे ज्यादा कांग्रेस के 11, भाजपा के 9, सपा- टीएमसी के 5-5 और अन्य दलों के 12 विधायक शामिल हैं। बाकी 6 में से तीन सीटें निधन से खाली हुईं। सपा विधायक के जेल जाने से, सिक्किम में 2 के इस्तीफे और मध्य प्रदेश में एक विधायक के पार्टी बदलने से सीट खाली हुई। केरल की वायनाड सीट राहुल गांधी के इस्तीफे और महाराष्ट्र की नांदेड़ सीट कांग्रेस सांसद के निधन से खाली हुई है।

### लोकसभा चुनाव में भाजपा 23 से 9 पर सिमटी

महाराष्ट्र में महायुति यानी शिवसेना, भाजपा और एनसीपी अजित पवार गुट की सरकार है। एंटी इनकम्बेंसी और 6 बड़ी पार्टियों के बीच बंटने वाले वोट को साधना पार्टी के लिए बड़ी चुनौती होगी। 2024 लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की 48 सीटों में इंडिया गठबंधन को 30 और एनडीए को 17 सीटें मिलीं।। इनमें बीजेपी को 9, शिवसेना को 7 और एनसीपी को सिर्फ 1 सीट मिली। भाजपा को 23 सीटों का नुकसान हुआ। 2019 लोकसभा चुनाव से एनडीए को 41 सीटें मिली थीं। 2014 में यह आंकड़ा 42 था। यानी आधे से भी कम। 2024 लोकसभा चुनाव के हिसाब से भाजपा 60 सीटों के आसपास सिमट जाएगी। विपक्षी गठबंधन के एक सर्वे में राज्य की 288 सीटों पर एमवीए यानी महाविकास अघाड़ी को 160 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। भाजपा के लिए मराठा आंदोलन सबसे बड़ी चुनौती है। इसके अलावा शिवसेना और एनसीपी में तोड़फोड़ के बाद उद्धव ठाकरे और शरद पवार के साथ लोगों की सिम्पैथी है।

### 32 सीटें भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती

झारखंड में महागठबंधन यानी झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली सरकार है। इसमें कांग्रेस, राजद और वाम दल शामिल हैं। भाजपा को झारखंड में सरकार बनाने के लिए संथाल परगना और कोल्हान प्रमंडल की 32 सीटों पर फोकस करना होगा। संथाल परगना की 18 विधानसभा सीटों में से सिर्फ तीन सीटें अभी भाजपा के पास हैं। पिछले चुनाव में कोल्हान प्रमंडल की 14 विधानसभा सीटों पर तो भाजपा का खाता भी नहीं खुल पाया। जमशेदपुर पूर्वी से तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को भी हार का सामना करना पड़ा। जनवरी में भ्रष्टाचार के मामले में ष्टरूपद से इस्तीफा देकर हेमंत सोरेन को जेल जाना पड़ा। हालांकि जमानत मिलने के बाद वे बाहर आए और चंपाई सोरेन से 156 दिन में ष्टरूका पद वापस ले लिया। इसके बाद चंपाई भाजपा में शामिल हो गए। झारखंड आंदोलन में शिबू सोरेन के साथी रहे चंपाई को कोल्हान टाइगर भी कहा जाता है।

### वायनाड लोकसभा सीटों पर 13 नवंबर को वोटिंग

चुनाव आयोग ने मंगलवार को महाराष्ट्र-झारखंड के साथ 14 राज्यों की 48 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों का भी ऐलान किया। केरल की वायनाड लोकसभा सीट के साथ 13 राज्यों की 47 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा। वहीं, महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट और उत्तराखंड की केदारनाथ विधानसभा सीट पर 20 नवंबर को वोटिंग होगी। सभी के नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।

## यूपी की नौ विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को होंगे उपचुनाव, 23 को नतीजे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



यूपी उपचुनाव को लेकर आज चुनाव आयोग ने तारीख का एलान किया। उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव होंगे और 23 नवंबर को नतीजे आएंगे। बता दें कि प्रदेश की 10 सीटों पर उपचुनाव होने थे लेकिन कोर्ट में दायर याचिका की वजह से मिल्कीपुर में उपचुनाव की तारीख का एलान नहीं किया गया है। यूपी के साथ ही पंजाब उपचुनाव और महाराष्ट्र-झारखंड विधानसभा की चुनावी तारीखों का भी एलान किया गया।

### इन सीटों पर होने हैं उपचुनाव

यूपी में नौ विधानसभा सीटों करहल (मैनपुरी), सीसामऊ (कानपुर), कटेहरी (अंबेडकरनगर), कुंदरकी (मुरादाबाद), खैर (अलीगढ़), गाजियाबाद, फूलपुर (प्रयागराज), मझवा (मिर्जापुर) और मीरापुर (मुजफ्फरनगर) पर उपचुनाव होने हैं। सीसामऊ सीट सपा विधायक इरफान सोलंकी को सजा होने से रिक्त हुई है जबकि 9 विधायक, लोकसभा सदस्य बन चुके हैं।

### भाजपा नौ सीटों पर उतारेगी अपने प्रत्याशी

यूपी की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उप चुनाव के लिए भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व ने नौ सीटों पर खुद चुनाव लड़ने का फैसला किया है । साथ ही इन सीटों के लिए नौ प्रत्याशियों के नाम को भी फाइनल कर दिया है। यह भी तय किया गया है कि उप चुनाव नए चेहरों को ही अधिक मौका दिया जाएगा। हालांकि इन प्रत्याशियों के नाम की घोषणा उप चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद की जाएगी। दिल्ली में रविवार को बैठक हुई, जिसमें मीरापुर सीट को रालोद को देने पर सहमति बनी है। यह 2022 में भी रालोद यहां से जीती थी। जबकि नौ सीटों पर भाजपा अपने सिंबल पर चुनाव लड़ाएगा।

### उपचुनाव के लिए सपा ने चला पीडीए दांव

उपचुनाव के लिए सपा द्वारा घोषित किए गए उम्मीदवारों में पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग से हैं। सपा ने प्रत्याशियों की घोषणा के साथ ही नारा भी दिया था - होगा पीडीए के नाम, एकजुट मतदान। हालांकि, सपा ने सियासी परिवारों से ही पत्नी, बेटे-बेटियों या भाई को मौका दिया है। वहीं, यूपी में अपने सहयोगी दल कांग्रेस से कोई बात नहीं की है। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं सपा बची हुई सीटों पर कांग्रेस को मौका दे सकती है।

## वायनाड से चुनाव लड़ेंगी प्रियंका गांधी, कांग्रेस पार्टी ने बनाया प्रत्याशी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



प्रियंका गांधी केरल की वायनाड लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस पार्टी ने प्रियंका को प्रत्याशी बनाने की औपचारिक घोषणा कर दी है। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने प्रियंका को प्रत्याशी बनाए जाने का एलान किया। बता दें कि प्रियंका खुद भी वायनाड से पार्टी का प्रतिनिधित्व करने को लेकर हामी भर चुकी हैं। विगत जून महीने में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे की घोषणा के बाद प्रियंका ने कहा था कि यहां से चुनाव लड़ना उनका सौभाग्य होगा। वायनाड से निर्वाचित होने पर प्रियंका पहली बार किसी सदन की सदस्य बनेंगी। वह 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले सक्रिय राजनीति में उतरी थीं। उसके बाद से वह पार्टी महासचिव की जिम्मेदारी निभा रही हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा वायनाड लोकसभा उपचुनाव की घोषणा के तुरंत बाद कांग्रेस ने प्रियंका गांधी की उम्मीदवारी वाली सूची जारी की।

## झारखंड चुनाव पर बीजेपी केंद्रीय समिति की बैठक, पीएम हुए शामिल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

अगले महीने होने वाले झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की मंगलवार शाम यहां बैठक हुई। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा और राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बी एल संतोष सीईसी सदस्यों में शामिल हुए। बैठक में संभावित उम्मीदवारों की सूची पर विचार-विमर्श किया। बैठक में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, झारखंड के लिए भाजपा की प्रभारी अन्नपूर्णा देवी और संजय सेठ के अलावा पार्टी की झारखंड इकाई के प्रमुख बाबूलाल मरांडी और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भी मौजूद रहे। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) छोड़कर हाल ही में भाजपा में शामिल हुए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने भी बैठक में भाग लिया। चुनाव आयोग (ईसी) ने मंगलवार को घोषणा की कि झारखंड में चुनाव 13 नवंबर और 20 नवंबर को दो चरणों में होंगे, जबकि मतों की गिनती 23 नवंबर को की जाएगी। भाजपा जहां जनता दल (यूनाइटेड) और ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ने वाली है।

### सीट शेयरिंग पर भी बात

झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए के बीच सीट बंटवारे के फॉर्मूले को लेकर भी जानकारी सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, झारखंड की 81 विधानसभा सीटों में से 67 सीटों पर बीजेपी उम्मीदवार खड़े कर सकती है। वहीं, 14 सीटें गठबंधन में शामिल पार्टियों के खाते में जाने की संभावना है।

## उमर अब्दुल्ला आज लेंगे सीएम पद की शपथ

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। श्रीनगर

अनुच्छेद 370 निरस्त होने के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस की जीत के बाद उमर अब्दुल्ला के जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के लिए मंच तैयार है। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को डल झील के किनारे स्थित शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा सुबह 11:30 बजे पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। समारोह स्थल के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। सुरक्षा को इस कार्यक्रम में कई वीवीआईपी शामिल होंगे। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए इंडिया गठबंधन के घटकों को निमंत्रण भेजे गए हैं। एलजी ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष को केंद्र शासित प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया था।

## बहराइच : अब तक 52 उपद्रवियों को भेजा गया जेल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती और पल-पल की मॉनीटरिंग से कुछ ही घंटों में बहराइच की घटना को कंट्रोल कर लिया गया। योगी की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत ग्राउंड जीरो पर उच्च अधिकारियों ने उतर कर बहराइच में सुनियोजित तरीके से माहौल बिगाड़ने की साजिश को नाकाम कर दिया। बहराइच में सोमवार को ही स्थिति को कंट्रोल कर शांति व्यवस्था को कायम कर लिया गया था। वहीं, पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा जिला प्रशासन के साथ उपद्रवियों की तलाश के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। घटना से प्रभावित इलाकों को जोन में बांटा गया और बैरियर लगाकर आने-जाने वालों पर नजर रखी जा रही है। इसके अलावा यूपी पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी की सख्ती का असर है कि कुछ ही घंटों में उपद्रवी बेदम हो गए। बता दें कि योगी की उत्तर प्रदेश दंगा निरोधक नीति का ही असर है कि प्रदेश में पिछले साढ़े सात वर्षों में एक भी दंगा नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच की घटना का संज्ञान लेने के बाद स्थिति को कंट्रोल में करने के लिए उच्च अधिकारियों को ग्राउंड जीरो पर भेजा था। योगी के निर्देश के बाद एडीजी लॉ एंड आर्डर अमिताभ यश, गृह सचिव संजीव गुप्ता, एडीजी जोन गोरखपुर, आईजी रेंज, डीआईजी, मंडलायुक्त देवीपाटन शशि भूषण सुशील ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को कंट्रोल किया। वहीं, स्थिति के कंट्रोल होते ही उपद्रवियों की तलाश तेज की गयी।



### स्थापित किया गया कंट्रोल रूम

बहराइच डीएम मोनिका रानी ने बताया कि घटना से प्रभावित इलाकों में लोगों से कम्यूनिकेशन मजबूत करने के लिए प्रधान, कोटेदार, लेखपाल, सचिव आदि की ड्यूटी लगायी गयी है। यह सभी गांववासियों से लगातार बातचीत कर रहे हैं। साथ ही उनकी समस्याएं और घटना को लेकर अन्य जानकारियां जुटा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यहां पर एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है, जिसके जरिये लोगों की मदद की जा रही है। घटना से प्रभावित परिवार को राहत किट प्रदान की गयी है। साथ ही राजस्व टीम द्वारा नुकसान का सर्वे किया जा रहा है ताकि प्रशासन की ओर से उनकी हर संभव मदद की जा रही है। इसके अलावा इन इलाकों में साफ सफाई का काम चल रहा है।

### उपद्रवियों की खंगाली जा रही हिस्ट्री

एडीजी लॉ एंड आर्डर अभिताभ यश ने बताया कि घटना में लिप्त उपद्रवियों की धर पकड़ की जा रही है। उन्होंने बताया कि उपद्रवियों की हिस्ट्री खंगालने के लिए एक्स्ट्रा इंटेलिजेंस टीम लगायी गयी है। वहीं उपद्रवियों के पिछले ट्रैक रिकॉर्ड को खंगालने के साथ उनके मुकदमों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पूरे शहर के साथ प्रभावित इलाकों में लगातार फोर्स का मूमेंट हो रहा है। इसके अलावा कुछ संदिग्धों पर विशेष टीम द्वारा नजर रखी जा रही है। एडीजी लॉ एंड आर्डर ने बताया कि बहराइच में अतिरिक्त वरिष्ठ अधिकारी सेक्टरवार गश्त कर रहे हैं।

### उपद्रवियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही

एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि अब तक 52 उपद्रवियों को जेल भेजा जा चुका है। इसमें सोमवार और मंगलवार को 26-26 उपद्रवियों को जेल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि संवेदनशील इलाकों में उच्च अधिकारियों के साथ लगातार गश्त की जा रही है। मामले में दो और एफआईआर दर्ज की गयी है। इसके अलावा वीडियो फुटेज के आधार पर उपद्रवियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। लगातार रेड की जा रही है। पूरे शहर में शांति व्यवस्था कायम है और रोजमर्रा की तरह सामान्य गतिविधियां संचालित हैं।

## कल धूमधाम से महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाएगी योगी सरकार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- सभी जनपदों में कराए जाएंगे श्रीराम चरित मानस पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कीर्तन
- योगी सरकार का कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों व जनसहभागिता पर जोर

योगी सरकार 17 अक्टूबर को धूमधाम से वाल्मीकि जयंती मनाएगी। इस दौरान अनेक भव्य कार्यक्रम होंगे। इस दिन मंदिरों में श्रीराम चरित मानस पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन, कीर्तन आदि कराए जाएंगे। महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली चित्रकूट में वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। योगी सरकार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय कलाकारों को आध्यात्मिक मंच देगी। योगी सरकार के निर्देशानुसार 17 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में वाल्मीकि जयंती मनाई जाएगी। महर्षि वाल्मीकि से संबंधित स्थलों-मंदिरों आदि पर दीप प्रज्ज्वलन, दीपदान के साथ-साथ रामायण पाठ कराए जाएंगे। यह कार्यक्रम जनपद, तहसील व विकास खंड स्तर पर होंगे। सीएम योगी ने हर आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, ध्वनि, प्रकाश व सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था कराने का निर्देश दिया है। योगी सरकार महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली लालापुर चित्रकूट में वृहद आयोजन कराएगी। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव को कार्यक्रम का नोडल बनाया गया है। श्रीवास्तव ने बताया कि लालापुर में महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ सुबह11 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। भगवती जागरण मंच और दयाराम रैकवाड़ व टीम की तरफ से आध्यात्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इस दौरान पूजन-हवन, भजन, वाल्मीकि रामायण पाठ, लवकुश प्रसंग आदि के भी कार्यक्रम होंगे। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी और जनसहभागिता भी रहेगी।



### श्रीराम मंदिर-हनुमान मंदिरों में भी होंगे आयोजन

जनपदों में स्थित प्रभु श्रीराम मंदिर, हनुमान मंदिरों व रामायण से संबंधित मंदिरों में कार्यक्रम होंगे। इसमें स्थानीय कलाकारों को मंच उपलब्ध कराया जाएगा। जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा जनपद में चयनित मंदिरों व स्थलों पर कार्यक्रम के लिए कलाकारों का चयन किया गया है। इसका समन्वय संस्कृति विभाग, सूचना-जनसंपर्क विभाग, जिला पर्यटन व संस्कृति परिषद द्वारा किया जाएगा। हर जनपद में आयोजन के लिए नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं। योगी सरकार ने कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ जनसहभागिता पर भी जोर दिया है।

## 69000 शिक्षक भर्ती : सुप्रीम कोर्ट में नहीं हुई सुनवाई

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

69000 शिक्षक भर्ती मामले में मंगलवार को भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। इससे आरक्षित व अनारक्षित दोनों वर्ग के अभ्यर्थी निराश हैं। वहीं अब इस मामले में सुनवाई के लिए दिवाली के बाद 11 नवंबर की तिथि लगी है। अभ्यर्थियों ने उम्मीद जताई कि नई तिथि को उनको न्याय मिलेगा। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने बताया कि 40वें नंबर पर हमारा केस लगा था।

## एक्सप्रेस खबरें...

### मारपीट व दहेज एक्ट की रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस/उरई। कदौरा थाना क्षेत्र में ग्राम हरचंदपुर निवासी सुरेंद्र पुत्र कल्लू ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही श्याम किशोर और लला पुत्र स्वामीदीन ने उसके साथ गाली गलौज की व मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वही दूसरा मामला डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टिमरो निवासी महिला विनीता पुत्री संतोष पत्नी सौरभ ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि गीता पति अज्ञात समेत चार लोगों ने मिलकर पति व ससुराली जनों द्वारा वादनी से दहेज की मांग की। मांग पूरी न होने पर उसको गाली गलौज देकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों मामलों को संज्ञान में लेकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही।

### शराब के साथ गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/उरई। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर में उप निरीक्षक अरविंद सिंह ने मुखबिर की सूचना पर रवि सिंह पुत्र रामबाबू निवासी ग्राम लोहई दिवारा थाना सिरसा कलार को गिरफ्तार कर लिया। जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 20 देसी शराब के क्वार्टर बरामद हुए। पुलिस ने उसके खिलाफ कार्यवाही की।

### तमंचा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/उरई। रेढर थाना क्षेत्र के किन्नरपुरा के पास उप निरीक्षक शोभाराम सिंह ने लालू और बृजेंद्र पुत्र भरत सिंह निवासी ग्राम कुंवरपुर थाना रेढर गिरफ्तार कर लिया। जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक तमंचा 315 बोर का और एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

### जुआ खेल रहे जुआरियों को पकड़ा

जन एक्सप्रेस/उरई। शहर कोतवाली क्षेत्र के उप निरीक्षक रिंकू चौधरी थाना कोतवाली उरई में झांसी रोड से दीपक पुत्र राम प्रकाश निवासी मोहल्ला इंदिरा नगर समेत चार लोगों को जुआ खेलते गिरफ्तार कर लिया। जब उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 6100 रुपये बरामद किए और पकड़े गए सभी जुआरियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

### जानलेवा हमले के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपी को सजा

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। जमीनी विवाद में जानलेवा हमले के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को पांच वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार रूपए अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि बीती 30 नवम्बर 2014 को शिवरामपुर निवासी जीवनलाल निषाद ने कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उसके बेटे शंकर पर प्लाट में काम करते समय जमीनी विवाद को लेकर शिवरामपुर निवासी रामकृष्ण कुशवाहा ने अपने दो साथियों हीरालाल कुशवाहा और रामनाथ के साथ कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। साथ ही गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# डीएम-एसपी ने ली कानून व्यवस्था, अभियोजन एवं महिला अपराधों की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को कानून व्यवस्था, अभियोजन एवं महिला अपराधों की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने ई- प्रासीक्यूशन पोर्टल पर दैनिक अभियोजन कार्यों की फीडिंग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत दी जाने वाली आर्थिक सहायता व आरोपियों को सजा दिलाए जाने की स्थिति, गिरोह बंद अधिनियम, महिला सम्बन्धी अपराधों, पास्को अधिनियम, आपराधिक वादों, सम्मन और वारंट तामीला, आयुध अधिनियम, आर्म्स एक्ट, टॉप 10 अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही, आगामी त्योहारों के दृष्टिगत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अराजक, उपद्रवी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही, ओवरलोड परिवहन, अवैध खनन, विषाक्त नशा पत्ती मुक्त से सम्बन्धित प्रवर्तन कार्य, आगामी त्योहारों एवं राष्ट्रीय पर्वों के दृष्टिगत खाद्य पदार्थ एवं औषधियों पर मिलावट खोरी के नियंत्रण, अवैध टैक्सी, बस स्टैंड, रिक्शा स्टैंड, अवैध वाहनों के संचालन तथा अवैध वसूली एवं सडकों पर अवैध अतिक्रमण, गोवंश बध, दुधारू पशुओं एवं गोवंश के अनाधिकृत परिवहन की घटनाओं, एसिड, तेजाब की दुकानों तथा अवैध विक्रय के नियंत्रण, शांति एवं कानून व्यवस्था, गैंगस्टर एक्ट आदि विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि विद्यालय वाहनों के परमिट तथा वाहन चालक तथा परिचालक की जांच अवश्य कराएं। इसके लिए सभी विद्यालयों को पत्र भी जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि जितने शासकीय, प्राइवेट, कस्तूरबा गांधी, आश्रम पद्धति आदि विद्यालयों में छात्रावास हैं, जिनमें छात्राएं निवास कर रही हैं, उन क्षेत्रों के पुलिस अधिकारी रात्रि में गस्त अवश्य करें। उन्होंने थानाध्यक्षों से कहा कि महिला सम्बन्धी अपराधों, माफियाओं आर्म्स एक्ट टॉप 10 अपराधियों आदि के खिलाफ त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि जो वाहन पकडे गए हैं, उनकी तत्काल नीलामी की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी तथा खनिज अधिकारी को निर्देश दिए कि जो आपके विभाग से सम्बन्धित वाहन हैं, उनका भी निस्तारण कराया जाए।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी मऊ सौरभ यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर पंकज वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, राजापुर निष्ठा उपाध्याय, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीके शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक शुक्ला, जिला शासकीय अधिवक्ता श्याम सुंदर मिश्रा, सहायक निदेशक अभियोजन विनोद सिंह आदि मौजूद रहे।

## युवक ने कुएं में कूदकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस/उरई। एट थाना क्षेत्र के पचोखरा के कुएं में युवक ने छलांग लगा दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कूंए से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोटरा थाना क्षेत्र के पचोखरा निवासी सुरजीत अहिरवार 18 वर्ष पुत्र हरपाल अहिरवार ने मंगलवार को अज्ञात कारणों के चलते कारस देव बाबा मंदिर के सामने बने कुंए में छलांग लगा दी और कुएं की गहराई व पानी अधिक होने की वजह से वह डूब गया। जब युवक को कुंए में कूंदता देखा तो हड़कंप मच गया। उन्होंने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से कूंए में उसकी खोजबीन शुरू कर दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने रेस्क्यू कर कुछ देर बाद युवक के शव को कुएं से बरामद कर लिया। वही मृतक के पिता ने बताया कि वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। जो सुबह घर से खाना खाकर मजदूरी करने के लिए निकला था। क्या वजह रही कि उसने कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार का कहना है की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# चंद घंटों में हत्यारोपी गिरफ्तार एसपी ने किया खुलासा



जन एक्सप्रेस। कालपी

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने युवक के हत्यारोपी को महज चंद घंटों में गिरफ्तार कर लिया। कदौरा जोल्हुपुर मार्ग पर ग्राम लमसर घटोई बाबा के पास सोमवार की सुबह एक अज्ञात शव पड़ा मिला था। खबर मिलते ही क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र पचौरी, प्रभारी निरीक्षक नागेन्द्र पाठक मौके पर पहुंचे और सूचना आला अधिकारियों को दी थी। खबर मिलते ही एएसपी प्रदीप कुमार फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल स्थल पहुंचे थे और उन्होंने घटना का बारीकी से निरीक्षण किया था। जहां पर फोरेंसिक टीम ने हर पहलू पर जांच पड़ताल कर कुछ साक्ष्य एकत्रित किए थे। तभी मामले के खुलासे को लेकर एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने एसओजी, सर्विलांस सहित कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम को लगाया था। अज्ञात शव की पहचान कृष्णा मिश्रा 25 वर्ष पुत्र गोपाल मिश्रा निवासी मुंबई के रुप में की गई थी, जो कुछ महीनो से जिला जालौन आया हुआ था। जो की तरह-तरह के नशे का आदि था और यही इसकी पहचान गुल्लन उर्फ प्रशांत पुत्र अवधेश सिंह निवासी ग्राम गैरेही कदौरा से हो गई थी। दोस्ती होने के बाद वह भी कृष्ण के साथ रहने लगा था और उसके घर का काम करने भी लगा था। बीते दिन रविवार को खाना बनाने के बाद दोनों ने नशे का सेवन किया, उसके बाद दोनों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। तभी गुल्लन ने उसका सर दीवाल पर पटक दिया। जिससे उसके सर पर गंभीर चोटें आने से उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद हत्यारोपी की तलाश करते हुए महक 24 घंटे में हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल नगर में पुलिस के पुलिसिंग की सराहना की जा रही है।

# जालौन में एक दिन के लिए डीएम बनी छात्रा कुर्सी संभालते ही जनता की सुनी फरियाद

जन एक्सप्रेस। उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने मंगलवार को एक नई पहल की। छात्रा ने एक दिन के लिए जिलाधिकारी बनकर डीएम की कुर्सी पर बैठकर पूरी जनता दर्शन में लोगों की फरियाद सुनी और अधिकारियों को समस्या का निस्तारण करने का निर्देश दिया। छात्रा के आदेश का अधिकारी भी अनुपालन करते हुए दिखे।

छात्रा दस बजे कलेक्ट्रेट पहुंची। अधिकारी बनने का पहला अनुभव पाकर एक आत्मविश्वास भी बढ़ा। एक दिन कामकाज देखने के बाद कर्मचारियों ने उसे घर तक छोड़ा। डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने छात्रा को गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। इसके बाद अपने कुर्सी पर उन्होंने बैठाया। डीएम की कुर्सी पर बैठी रामजी लाल पाण्डेय इंटर कॉलेज उरई में 12 वीं की छात्रा काजल अहिरवार के चेहरे पर मुस्कान आ गई। छात्रा ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। उसके निस्तारण करने का निर्देश अधिकारियों को देती रहीं। इसके साथ ही अन्य समस्याओं के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी से वार्ता कर समाधान के लिए कहा। छात्रा ने बताया कि जिलाधिकारी बनकर मुझे गर्व महसूस हो रहा है। घर पर सभी खुश हैं, रिश्तेदार लोग भी फोन कर बधाई दे रहे हैं। मैं अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहती हूं।

# जिलाधिकारी ने किया कृषि विभाग की नमसा योजना की समीक्षा

जन एक्सप्रेस। उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि विभाग की महत्वपूर्ण नमसा योजना की समीक्षा कर प्रगति संतोषजनक न होने पर समस्त भूमि संरक्षण अधिकारियों का स्पष्टीकरण के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि नमसा योजना से किसानों को मिलने वाली आय सुनिश्चित करने और टिकाऊ खेती के राष्ट्रीय मिशन के तहत राज्य सरकार की ओर से नेशनल मिशन फॉर सस्टेनिवल एग्रीकल्चर योजना (नमसा) की शुरुआत की गई है। नेशन मिशन सस्टेनेबल एग्रीकल्चर नमसा योजना के तहत इकाई राष्ट्रीय जलागम जालौन प्रथम क्लस्टर रुदावली, इकाई राष्ट्रीय जलागम जालौन द्वितीय क्लस्टर करमुखा व पिपरीगहरवार, इकाई डीपीएपी क्लस्टर का चयन किया गया। जिससे जनपद के किसान जल्द ही इस योजना से लाभान्वित होकर पशुपालन सहित खेती के क्षेत्र में सतत विकास की ओर अग्रसर होंगे। उक्त योजना की प्रगति संतोष जनक न होने पर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए निर्धारित कार्यमदों के सापेक्ष अभियान चलाकर लक्ष्य को पूर्ति करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने उप कृषि निदेशक व कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि नमसा योजना की प्रगति प्रतिदिन अनुश्रवण कर 15 दिवस के अंदर प्रगति में सुधार लाएं। रुचि न लेने वाले अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों को परम्परागत खेती के अलावा हॉर्टिकल्चर बेस्ड में बगीचा स्थापना, इसमें फसल पद्धति के साथ फलदार पौधे, दलहन फसल व सब्जियां को लगाया जाएगा। गाय, भैंस, भेड़, बकरी जिसके अंतर्गत उन्नत गाय/भैस/डेयरी के साथ मिश्रित खेती में चारा उत्पादन, ट्री बेस्ड फार्मिंग सिस्टम, लिया जाएगा। इसमें फलदार पौधे लगाए जाएंगे। इसके अलावा सहायक गतिविधियों में वर्मी कंपोस्ट इकाई निर्माण करवाया जाएगा।

इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सुशील कुमार उत्तम, कृषि अधिकारी गौरव यादव, समस्त भूमि संरक्षण अधिकारी आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# भाकियू ने किसान समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

भारतीय किसान यूनियन की मासिक किसान पंचायत मंगलवार को तहसील राजापुर, मऊ एवं सदर तहसील कर्वी में हुई। भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में तहसीलों में किसानों ने ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। बैठक में समस्त तहसीलों में चकबन्दी, विद्युत समस्या, उर्वरक का मुद्दा छाया रहा।

सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि किसानों को खाद नही मिल पा रही हैं। समितियों में खाद की उपलब्धता नही है। बुवाई का समय चल रहा है, किसानों को खाद अपेक्षा अनुसार नही मिल पा रही हैं। इसी प्रकार जिले की समस्त नहरों की शिल्ट सफाई व नहरों पर से कब्जे हटाये जाने की लगातार मांग करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जल्द ही विभाग के खिलाफ बड़ा आन्दोल किया जाएगा। मऊ तहसील अध्यक्ष विनय त्रिपाठी ने बताया कि खण्डेहा के किसानों ने मांग की है कि चकबन्दी की धारा 52 न लगाई जाए। जब तक चकबन्दी की निष्पक्ष निस्तारण रास्तों से अतिक्रमण मुक्त न हो तब तक धारा 52 न लगाई जाए। तहसील अध्यक्ष राजापुर राजकिशोर सिंह ने बताया कि बिजली की भारी समस्या है। किसानों के नलकूप नही चल पा रहे हैं। किसानों के साथ वन विभाग द्वारा किया गया वादा पूर्ण नही किया जा रहा है। जंगली जानवरों, बन्दरों, नील गाय से किसान परेशान हैं।

# दंगल में पहलवानों ने किया शानदार कुश्तीकला का आयोजन

जन एक्सप्रेस। मऊ, चित्रकूट



हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विजय दशमी के अगले दो दिनों तक लगने वाला विराट इनामी दंगल का आयोजन मनिकपुर विधायक के छोटे भाई पिंटू द्विवेदी व मऊ नगर पंचायत चेयरमैन अमित द्विवेदी ने फीत काटकर किया। दंगल में पहले दिन लगभग तीन दर्जन से भी अधिक कुस्तियां हुई। जिसमें जिले के बाहर के पहलवानों ने अपने दांवपेंच दिखाकर दर्शको का मनोरंजन किया। दंगल के दूसरे दिन लवलेश आगरा तथा प्रशान्त दिल्ली के बीच हुई। जिसमें आगरा के पहलवान लवलेश ने बाजी मारी। इसके अलावा जितिन झांसी, शकंर पहलवान कानपुर, बल्लू बांदा, भूरा आगरा, अक्षय भोपाल, विवेक राजस्थान तथा महिला पहलवान मुनमुन ने विपक्षी पहलवानों को धूल चटाई। दंगल में महिला पहलवानों का दबदबा रहा। शिवाऔतार, राममनोहर, रामकुमार निर्णायक की भूमिका में रहें। दंगल का समापन मऊ नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी तथा दंगल के आयोजक सूर्य कुमार शुक्ला ने 7100 सौ रूपये की ईनामी कुस्ती का हाथ मिलाकर किया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने आगामी मकर संक्रांति के दिन दो दिवसी विराट इनामी दंगल करने की घोषणा किया। दंगल का संचालन शारदा अग्रहरि ने किया। इस मौके पर दंगल आयोजक सूर्य कुमार शुक्ला, गमल द्विवेदी, प्रेम पान्डेय, कल्लू शुक्ला, आलोक शुक्ला, अतुल द्विवेदी, भारत भूषण, धर्मेन्द्र शुक्ला, सुबोध शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति रहें सजग: प्रभाकर सिंह

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

राष्ट्रीय छात्र दिवस के अवसर पर भारत रत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के जन्मदिवस पर मंगलवार को पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय कछार पुरवा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विकास पर सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ प्रभाकर सिंह ने मिसाइल मैन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा किया। साथ ही बच्चों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, पौष्टिक भोजन पोषक तत्वों के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी। इस दौरान संस्था की तरफ से सभी बच्चों को शैंपू तथा रीयल फ्रूट जूस का नि शुल्क वितरण किया गया। शिक्षक विद्या सागर सिंह ने बताया कि अभावों से लडकर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम अपनी पढाई पूरी की। साथ ही देश के लिए मिसाइल तैयार किया, देश के राष्ट्रपति बने। उन्होंने अपने राष्ट्रपति कार्यकाल में देश को नई दिशा दी। उन्होंने 100 दिन में काम पर भी लक्ष्य दिया कि प्रत्येक व्यक्ति को एक निश्चित समय सीमा के अंतर्गत कार्य करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उनके कार्य एवं व्यक्तित्व को देखते हुए राष्ट्रपति भवन द्वारा उनके लिए बहुत सरलता से खुल गए। उन्होंने अपने समय में भारत को विश्व में अपनी अलग पहचान दिलाया। इसी प्रकार प्रत्येक बच्चे को मेहनत करके आगे बढना चाहिए। समस्त छात्रों को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने विज्ञान की दुनिया में देश का नाम रोशन किया। उन्होंने भारत के विकास स्तर को विज्ञान के क्षेत्र में अत्याधुनिक बनाने के लिए एक विशिष्ट सोच प्रदान की। यह भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार भी रहे। उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर विकास पथ सेवा संस्थान के लवकुश सिंह, उषा रानी त्रिपाठी, प्रधानाध्यापिका रचना यादव, सरला देवी, गरिमा सिंह, ममता देवी, सोनू गौतम, दीपा देवी, सियाराम सिंह, गीतांजलि देवी, प्रियंका द्विवेदी, नीलम देवी, सुनीता, सविता, रुकमणी आदि मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बने राजीव अग्रवाल

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल एवं जिला महामंत्री गुलाब गुप्ता का शहर के एक गेस्ट हाउस में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। महामंत्री गुलाब गुप्ता ने कहा कि जनपद के सभी व्यापारियों को साथ लेकर संगठन को मजबूती के साथ खडा किया जाएगा। शीघ्र ही पूरी कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। संगठन में वरिष्ठ पदाधिकारी का हमेशा सम्मान रहेगा। नए व्यापारियों को संगठन में जोडा जाएगा। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने कहा कि जिले का हर छोटे बडे व्यापारी के साथ कंधे से कंधा मिला कर हर समय खडा रहा जाएगा। किसी भी तरह का किसी व्यापारी के साथ शोषण और अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, प्रदेश मंत्री ओम केसरवानी, जिला महामंत्री गुलाब गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष दिलीप केसरवानी, जिला मंत्री ऋषि आर्य, जिला संगठन मंत्री महेश जयसवाल, गल्ला व्यापारी उमा दत्त पांडेय, विशाल केसरवानी, पेट्रोलियम संगठन के अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल, किराना व्यापार मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, मनोज वर्मा, आईटी मंच के अध्यक्ष शैलेंद्र केसरी, सूर्य प्रकाश गुप्ता वरिष्ठ गल्ला व्यापारी, आयकर के वरिष्ठ सलाहकार संजय अग्रवाल, नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सुरेंद्र अग्रवाल, दवा व्यवसायी पंकज अग्रवाल, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष चारु चंद्र खरे आदि ने शुभकामनाएं दी।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय में हुआ राजस्व, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

दीनदयाल शोध संस्थान एवं राजस्व विभाग उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड मानिकपुर की ग्राम पंचायत करौंहा के उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में राजस्व, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, जिला संयुक्त चिकित्सालय की चिकित्साधिकारी डॉ तनुसा टी आर, दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव अतुल जैन, संगठन सचिव अभय महाजन, कोषाध्यक्ष बसंत पंडित द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय व भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि आज यह करौंहा में राजस्व, स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है। उन्होंने कहा कि इस शिविर में पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, किसानों की समस्याओं, निवास, जाति, आय प्रमाण पत्र आदि योजनाओं के स्टाल लगाए गए हैं। जिनकी जो समस्या है उसका समाधान करा लें। खंड विकास अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में लोगों को जानकारी दें। इस समय सर्वे का कार्य चल रहा है, उसमें पात्रता की सूची के आधार पर नाम जुडवाएं। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराएं। आशा आंगनबाडियों को टीकाकरण में लगाया गया है, जो क्षेत्र में जाकर टीकाकरण का कार्य करा रही हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जो विद्यालय संचालित है, उसमें बच्चों को कपडा, मोजा, जूता आदि खरीदने के लिए अभिभावकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से धनराशि भेज दी गई है। इसके अलावा किताबों का भी वितरण कराया गया है।

दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव अतुल जैन ने कहा कि गांव की साझेदारी व भागीदारी से हम सब मिलकर योजनाओं पर कार्य कर रहे हैं। राष्ट्र ऋषि नानाजी के मार्गदर्शन में हम गांव के लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी दे रहे हैं, जो शासकीय सुविधाएं हैं, उनका आप लोग लाभ उठाएं। जिला संयुक्त चिकित्सालय की चिकित्साधिकारी डॉ तनुसा टीआर ने कहा कि आज दीनदयाल शोध संस्थान के माध्यम से किशोरी सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जो किशोरावस्था में शारीरिक व मानसिक परिवर्तन होता है, अपने मां बहन को दोस्त बनाना बहुत जरूरी है ताकि जो समस्याएं हो तो उसको आप उनसे बता सकें। उन्होंने कहा कि हीमोग्लोबिन कम है तो उसमें संतुलित आहार लेने के लिए चिकित्सकों द्वारा बताया जाएगा।

दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख 75 वर्ष की आयु में चित्रकूट आए और मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश के अधिकतर ग्रामों में स्वालंबन का अभियान चलाकर पाठ पढाया। उन्होंने कहा कि इस स्वालंबन पाठ में पांच शब्द बहुत महत्वपूर्ण है। जिसमें गांव में कोई व्यक्ति गरीब न रहे, बेकार न रहे, अस्वस्थ, अशिक्षित तथा विवाद नहीं रहना चाहिए। आज स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य के बारे में परीक्षण करके उपचार दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कल राष्ट्र ऋषि नानाजी की 108 वीं जयंती व महर्षि वाल्मीकि की भी जयंती है। उन्होंने कहा कि 16, 17 एवं 18 अक्टूबर को दीनदयाल शोध संस्थान में तीन दिवसीय कार्यक्रम है।

दीनदयाल संस्थान के कोषाध्यक्ष बसंत पंडित ने कहा कि प्रशासन एवं दीनदयाल शोध संस्थान के माध्यम से शिविर लगाकर भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाए जाने के लिए शिविर लगाया गया है। जिसमें आज पांच गांव के लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने किशोरियों से कहा कि आप लोगों की उम्र कम है। शासकीय अस्पतालों एवं संस्थान द्वारा आयोजन कर स्वास्थ्य लाभ दिलाया जा रहा है। कहा कि 12 से 16 वर्ष की किशोरियों को आयरन की गोली एवं ब्लड टेस्ट करा कर स्वास्थ्य लाभ दिलाया जाएगा। इसके बाद जिलाधिकारी तथा दीनदयाल शोध संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य कुंज बिहारी तिवारी एवं शिक्षक खेमराज सिंह को स्मार्ट क्लास में बच्चों को अच्छा प्रदर्शन कराने में सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने आम जनमानस की समस्याओं को सुना। साथ ही निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए।



### दिल्ली में पटाखे बैन...

दिवाली से पहले दिल्ली में वायु प्रदूषण को नियंत्रण में रखने के लिए दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने 1 जनवरी 2025 तक पटाखों को बैन कर दिया है। सरकार के आदेश के मुताबिक पटाखे बनाने, उन्हें स्टोर करने, बेचने और इस्तेमाल पर बैन है। इतना ही नहीं पटाखों... पढ़ें पेज 12 पर...

# 24 औद्योगिक क्षेत्रों में व्यापक कायाकल्प की प्रक्रिया पूरा कराएगी योगी सरकार

## सीएम योगी के विजन अनुसार, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) को सौंपा गया है जिम्मा

- यूपीसीडा द्वारा आगरा, मथुरा, मेरठ, गोरखपुर, संत कबीर नगर, मऊ, कानपुर, लखनऊ व रायबरेली में फुल डेप्थ रीक्लेमेशन (एफडीआर) तकनीक से बनेंगी सड़कें
- स्ट्रीट लाइटिंग, सीसीटीवी, टेलीफोन स्टेशन, सब स्टेशन, स्ट्रीट फर्नीचर, बाउंड्री वॉल, एंट्री गेट समेत विभिन्न सुविधाओं का भी किया जाएगा विकास

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश को उद्यम प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार प्रदेश में इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण व विकास पर सबसे ज्यादा फोकस कर रही है। प्रदेश के सभी औद्योगिक क्षेत्रों में अवस्थापना समेत तमाम सुविधाओं का विकास किया जा रहा है और इसमें निवेश समेत विभिन्न परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के काम में तेजी लाई जा रही है। इसी क्रम में, 24 औद्योगिक क्षेत्रों के व्यापक कायाकल्प की प्रक्रिया को पूरा करने पर योगी सरकार फोकस कर रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) को इन कार्यों की पूर्ति का जिम्मा सौंपा गया है। सीएम योगी के विजन अनुसार, जिन 24 औद्योगिक क्षेत्रों में सड़क निर्माण समेत विभिन्न प्रकार के इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेडेशन होना है उन्हें 6 पैकेट्स में विभाजित किया है। पहले पैकेट में आगरा के ईपीआईपी नगर, फौदारी नगर तथा सिकंदरा (साइट ए, बी, सी) तथा मथुरा साइट ए शामिल हैं। ये क्रमशः 105.45, 183.28, 50.70, 17.79, 183.31 तथा 348.87 एकड़ क्षेत्र में अवस्थित हैं। वहीं, पैकेज 2 में जेपी नगर गजरौला (1 व 2) तथा बरेली के परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र चिह्नित हैं। इनका क्षेत्रफल क्रमशः 423.58 तथा 273.34 एकड़ है। तीसरे पैकेज में मेरठ के स्पोर्ट्स गुड्स कॉम्पलेक्स, साइट 2 लोनी रोड, साइट 3, लोनी इंडस्ट्रियल एरिया मेरठ रोड व उद्योग कुंज डासना चिह्नित हैं। इनके क्षेत्रफल क्रमशः 2.32, 307, 350.95, 12.50, 115.20 व 58.06 एकड़ हैं। चौथे पैकेज में गोरखपुर, संत कबीर नगर व मऊ में क्रमशः 50.20, 234.58 व 103.61 एकड़ में स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों में विकास प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसी प्रकार, प्रक्रिया के अंतर्गत पैकेज 5 में कानपुर के पनकी साइट 1, 2, 3, 4, 5 व चकेरी में क्रमशः 240.60, 112.50, 211.60, 27.40, 147.64 व 114.30 एकड़ क्षेत्रफल में स्थापित इंडस्ट्रियल एरिया में विकास प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी। इसी प्रकार, पैकेट 6 में लखनऊ के सरोजनी नगर के 87.59 तथा रायबरेली के साइट-1 व 2 में क्रमशः 42.99 व 220 एकड़ क्षेत्र में अवस्थित औद्योगिक क्षेत्रों में विकास प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा।



### 4,025 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैले विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में होंगे विकास कार्य

कार्य योजना के अनुसार, यूपीसीडा द्वारा आगरा, मथुरा, मेरठ, गोरखपुर, संत कबीर नगर, मऊ, कानपुर, लखनऊ व रायबरेली में फुल डेप्थ रीक्लेमेशन (एफडीआर) तकनीक से सड़कों के निर्माण समेत अन्य अवस्थापनात्मक सुधार की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। इन कार्यों में स्ट्रीट लाइटिंग, सीसीटीवी, टेलीफोन स्टेशन, सब स्टेशन, स्ट्रीट फर्नीचर, बाउंड्री वॉल, एंट्री गेट समेत विभिन्न सुविधाओं विकास शामिल है। प्रक्रिया के अंतर्गत कुल 4,025 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैले विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। इन सभी कार्यों को पूरा करने के लिए यूपीसीडा द्वारा डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जिसके जरिए चरणबद्ध तरीके से सभी प्रस्तावित निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा।

### 31 प्रकार के विकास व अपग्रेडेशन कार्यों को किया जाएगा पूरा

- सीएम योगी के विजन अनुसार, कार्य योजना में चिह्नित सभी विकास व अपग्रेडेशन कार्यों को पूरा करने के बाद इन्हें संबंधित नगर निगम व नगर पालिका को सौंपा जाएगा।
- इसके लिए डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की जा रही है जिसके जरिए चिह्नित कार्यों को पूरा करने का चरणबद्ध एक्शन प्लान तैयार होगा। इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए डीटेल्ड सर्वे व साइट एनालिसिस को प्रयोग में लाया जाएगा।
- मौजूदा कार्य योजना के अनुसार, सभी चिह्नित औद्योगिक क्षेत्रों में कुल 31 प्रकार के विकास व अपग्रेडेशन कार्यों को पूरा किया जाएगा।
- इनमें लोकनिर्माण विभाग के मानकों तथा यूपीसीडा की जरूरतों अनुसार एफडीआर तकनीक से सड़क निर्माण (लेन मार्किंग, स्ट्रीट फर्नीचर, कैट्स आई, कर्ब स्टोन की पेंटिंग सहित), एक्सटर्नल व इंटरनल ड्रेनेज सिस्टम की स्थापना, जल आपूर्ति, सीईटीपी व एसटीपी की स्थापना जैसे कार्यों को पूरा किया जाएगा।
- इसी प्रकार, फ्लैटेड फैक्टरी का निर्माण, पेव्ड फुटपाथ, प्रवेश द्वार निर्माण, ट्रक पार्किंग टर्मिनल, बस शेल्टर, डॉर्मेटरी, फायर स्टेशन का निर्माण व अपग्रेडेशन, पुलिस आउटपोस्ट अपग्रेडेशन, सीएफसी बिल्डिंग का विकास, यूरिनल्स, ईवी चार्जिंग व स्मार्ट व्हीकल पार्किंग, इंटीग्रेटेड कमांड व कंट्रोल सेंटर की स्थापना की जाएगी।
- वहीं, फैकेड लाइटिंग, अंडरग्राउंड लाइन बिछाने, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक्स के विकास, हाई मास्ट व डेकोरेटिव पोल्स की स्थापना, सीसीटीवी कैमरों व कमांड सेंटर की स्थापना, पॉल्यूशन मॉनिटरिंग व पब्लिक एड्रेसिंग सिस्टम व ट्रैफिक लाइट्स की स्थापना जैसे कार्य भी प्रक्रिया के अंतर्गत पूरा किए जाएंगे।

# पीड़ित परिवार बोला, सीएम साहब ने जो आश्वासन दिया, हमें उसी की जरूरत थी

- सीएम ने जताया शोक, दिया आश्वासन-दोषियों को कतई छोड़ा नहीं जाएगा
- महसी विधायक के साथ स्व. रामगोपाल के माता-पिता, पत्नी व भाई पहुंचे सीएम आवास

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बहराइच की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में असमय काल-कवलित हुए रामगोपाल मिश्र के परिजनों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की है। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने के बाद मृतक रामगोपाल के भाई किशन ने कहा कि हमें मुख्यमंत्री जी से वह सब कुछ मिला है, जिसकी हमें जरूरत थी। पूरे परिवार को यह भरोसा है कि हमें न्याय मिलेगा। बहराइच में विगत दिनों हुई घटना में मृतक रामगोपाल मिश्र के परिजनों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मृतक रामगोपाल मिश्र के पिता, माता, पत्नी व भाई मंगलवार को महसी विधायक सुरेश्वर सिंह के साथ मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री ने शोक जताया और परिजनों को आश्वासन दिया कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने मृतक रामगोपाल मिश्र के परिजनों को 10 लाख रुपये की तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही आवास, शौचालय व आयुष्मान समेत सरकार की सभी योजनाओं से आच्छादित कराने के लिए भी निर्देशित किया। मुख्यमंत्री से भेंट के बाद संतुष्ट दिख रहे मृतक रामगोपाल के चचेरे भाई किशन मिश्र ने कहा कि सीएम योगी ने आश्वासन दिया है कि अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आवास, शौचालय व 10 लाख रुपये की सहायता राशि देने का आश्वासन दिया है। अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। जो आश्वासन उन्होंने दिया है, हम उससे संतुष्ट हैं।



### पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस संबंध में अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट भी किया। उन्होंने लिखा कि जनपद बहराइच की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में काल- कवलित हुए युवक के शोक संतप्त परिजनों से आज लखनऊ में भेंट की। दु:ख की इस घड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता से पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। आश्वस्त रहें, पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना ही उत्तर प्रदेश सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। इस घोर निंदनीय और अक्षम्य घटना के दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# पीएम पोषण योजना के तहत 2024-25 में अब तक प्रदेश में करीब 80 प्रतिशत धनराशि का हुआ व्यय



- 12 अक्टूबर 2024 तक कुल उपलब्ध 686 करोड़ में से 540 करोड़ से ज्यादा धनराशि का हुआ उपयोग

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में छात्र एवं छात्राओं को मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने के लिए संचालित पीएम पोषण योजना के अंतर्गत योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक कुल उपलब्ध राशि का 80 प्रतिशत उपयोग करने में सफलता प्राप्त की है। पीएम पोषण योजना के तहत केंद्रांश और राज्यांश को मिलाकर कुल 686 करोड़ रुपए से ज्यादा की धनराशि उपलब्ध थी, जिसके सापेक्ष योगी सरकार ने समस्त जनपदों को 12 अक्टूबर तक कुल 667 करोड़ रुपए से ज्यादा की धनराशि आवंटित की। इसमें 12 अक्तूबर तक 540.66 करोड़ रुपए का व्यय किया गया, जो कुल उपलब्ध राशि का 78.82 प्रतिशत है। मालूम हो कि केंद्र सरकार ने सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में गर्म पका हुआ भोजन उपलब्ध कराने के लिए'प्रधानमंत्री पोषण योजना' को मंजूरी दी है। यह योजना स्कूलों में मिड-डे मील योजना के मौजूदा राष्ट्रीय कार्यक्रम का स्थान लेगी। इसे पांच वर्ष (2021-22 से 2025-26) की शुरुआती अवधि के लिए लॉन्च किया गया है। इसके तहत हाल ही में मुख्य सचिव की अगुवाई में हुई समीक्षा बैठक में योजना से आच्छादित विद्यालयों में अध्ययनरत समस्त छात्रों को अतिरिक्त सप्लीमेन्ट्री न्यूट्रीशन दिए जाने का भी निर्णय लिया गया है। 2024-25 में पीएम पोषण योजना के अंतर्गत खाद्यान्न लागत, परिवर्तन लागत, रसोईयां मानदेय, परिवहन लागत और एमएमई जैसे मदों के लिए पेमेंट अप्रूवल बोर्ड (पीएबी) द्वारा 2198.27 करोड़ रुपए की राशि का अनुमोदन किया गया है। इसके तहत विगत वित्तीय वर्ष का 280.83 करोड़ रुपए अवशेष है, जबकि 405.14 करोड़ रुपए भारत सरकार द्वारा अवमुक्त किया जा चुका है। इस तरह राज्य सरकार के पास कुल 686.97 करोड़ रुपए योजना के लिए उपलब्ध है। इसी धनराशि में से राज्य सरकार की ओर से समस्त जनपदों को 667.77 करोड़ रुपए की धनराशि 12 अक्तूबर तक आवंटित कर दी गई है तो वहीं जनपदों ने छात्र एवं छात्राओं को पका हुआ गर्म भोजन देने के लिए आवंटित धनराशि में से 540.66 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। राज्य सरकार की ओर से योजना के संचालन के लिए द्वितीय किस्त जारी किए जाने का अनुरोध किया गया है।

# आईसीएलएस की सिफारिशों पर आंतरिक अध्ययन विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान द्वारा भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अधीनस्थ नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस एनएसएसओ कार्यालय लखनऊ के सहयोग से 15 अक्टूबर को, 19वीं आईसीएलएस की सिफारिशों पर आंतरिक अध्ययन विषयक एक दिवसीय आंचलिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संस्थान पर किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश तथा उत्तराखण्ड के सम्बन्धित आंचलिक अधिकारियों, कार्मिकों ने प्रतिभाग किया । प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र समारोह के अवसर पर महानिदेशक संस्थान सम्प्रति अपर मुख्य सचिव एल वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता व विशिष्ट अतिथि प्रो मधूसूदन स्वामी विजिटिंग फैकल्टी ऑफ एलबीएस प्रशासनिकअकादमी, मसूरी डॉ हीरालाल विशेष सचिव सम्प्रति अध्यक्ष शारदा सहायक कमाण्ड, मनोज कुमार, उप-महानिदेशक, एनएसएसओ तथा अन्य वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। महानिदेशक संस्थान द्वारा प्रतिभागियों को बताया गया कि आज हम यहाँ पर एक महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जो हमारे देश की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को समझने में सहायता करेगा। पेरियॉडिक लेबर फोर्स सर्वे श्रमिक सांख्यिकी के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन कर रहा है तथा श्रम बल के विभिन्न संकेतकों जैसे- गतिविधियों की भागीदारी, श्रमिक जनसंख्या का अनुपात एवं बेरोजगारी की दर इत्यादि का अनुमान लगाया जाता है।

# दीपावली के लिए बनने लगे दीये, महोना के कुंम्हारों द्वारा रोज़ाना बनायें जातें हैं 100 से 200 दीये



- इस दीपावली में दीये व लक्ष्मी गणेश की मूर्तियों की बिक्री ज्यादा होने की संभावना

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी

**बीकेटी, लखनऊ।** लखनऊ जिले के बीकेटी क्षेत्र महोना निवासी कुम्हार परिवार गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियों को रंगने में जुटे हुए हैं। बता दें कि आकर्षक मूर्तियां होंगी तो ग्राहक उन्हें खरीदेंगे और अच्छी कीमत मिलेगी। उनको इस बात की उम्मीद है कि आगामी दीपावली के त्योहार में अच्छी आमदनी होगी और परिवार का खर्च आसानी से चलेगा। वह करीब एक माह पूर्व से मूर्ति तैयार करने में लगे हुए हैं। चूंकि दीपावली में गणेश-लक्ष्मी की घर घर में पूजा अर्चना होती है। लोग परंपरानुसार मिट्टी की बनी मूर्तियों को अपने घर लाते हैं। इसलिए मिट्टी को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। आपकों बता दें कि बख्शी का तालाब क्षेत्र में दीपावली त्यौहार से पहले पुश्तैनी धंधा कर रहे कुम्हार गणेश और लक्ष्मी की मूर्ति व दीया बनाने में लगे हुए हैं। अपनी कला का प्रदर्शन करके और उंगलियों के हुनर से गणेश तथा लक्ष्मी जी की मूर्ति बनाते हैं। इसी व्यवसाय पर उन सभी का परिवार निर्भर रहता हैं। खुशी का त्यौहार दीपावली का त्यौहार आते ही कुंम्हारो के चेहरे खिल उठते हैं। दीपावली त्यौहार आने से पहले ही लक्ष्मी और गणेश जी की मूर्ति बनाने में लग जाते हैं। बीकेटी के नगर पंचायत महोना के कल्लू कुम्हार का परिवार दीपावली के लिए गणेश और लक्ष्मी की मूर्तियां बनाते हैं, इस कुम्हार ने बताया कि ये हमारा पुश्तैनी धंधा है जो हम काफी वर्षों से करते आ रहे हैं लक्ष्मी और गणेश की मूर्ति बनाने से लेकर रंगाई तक एक सेट पर 30 रुपए से 50 रूपए तक खर्च होते हैं गणेश और लक्ष्मी की मूर्ति का एक सेट बाजार में 100 से 150 तक बिक जाता है। इससे परिवार चलाने के लिए आश्रय ही नहीं मिलता बल्कि परिवार के बच्चों की पढ़ाई भी चल जाती हैं। इस व्यवसाय में नगर पंचायत महोना के गुड्डू,मयूरी व रेनू सहित आधा दर्जन लोग कार्य करते हैं। इस कार्य में लगे सबका कहना हैं कि 100 पीस लक्ष्मी गणेश का दो महीने पूर्व एक घान लगाना पड़ता हैं।चार दिन में मूर्तियां तैयार हो जाती हैं, फिर उनको पंखों में सुखाया जाता हैं इसके बाद मूर्तियों की सजावट के लिए रंगाई की जाती हैं, फिर यह बाजार में बिक्री के लिए तैयार हो जाती हैं। वहीं इस व्यवसाय में लगे लोगों का कहना हैं कि इस सीजन में 35000 से 45000 रुपए तक आमदनी हो जाती हैं और दीपावली त्यौहार के जाते ही यह व्यवसाय 8 महीने तक बंद हो जाता हैं। परिवार की रोजी-रोटी चलाने के लिए हमें नौकरी या अन्य व्यवसाय का सहारा लेना पड़ता हैं तब जाकर परिवार की रोजी-रोटी चल पाती हैं इस व्यवसाय में जुड़े नागरिकों का कहना है कि हमारे पुत्र और पुत्रियाँ अब इस व्यवसाय में रुचि नहीं लेते हैं वह नौकरी पेशा या अन्य व्यवसाय करने में लग जाते हैं।

# मिशन शक्ति का दिखा असर बेटियां बनीं एक दिन की डीएम-एसपी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बेटियों को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और प्रोत्साहित करने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित करते हैं। इसी के तहत सीएम योगी के निर्देश पर शारदीय नवरात्र में मिशन शक्ति के तहत प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। इसी कड़ी में शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रदेश के एक दर्जन से अधिक जिलों में बेटियों को प्रोत्साहित करने के लिए एक दिन का डीएम, सीडीओ, एसडीएम और एसपी बनाया गया। इस दौरान बेटियों ने शिकायतों को सुन त्वरित निस्तारण भी किया। सीएम योगी का आभार जताते हुए बेटियों ने कहा कि इस पहल से आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने कड़ी मेहनत कर भविष्य में प्रशासनिक सेवा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात भी कही। लखीमपुर खीरी की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप मिशन शक्ति और बेटी बचाओ बेटी पढ़ओ के तहत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार की आठवीं की छात्रा अग्रिमा धवन ने डीएम की कुर्सी संभाली। एक दिन की डीएम अग्रिमा ने जनसुनवाई के दौरान सब्जियों के दाम कंट्रोल करने के निर्देश दिये। इसके अलावा जिले की सभी सातों तहसील क्रमशः लखीमपुर में भाव्या सिंह, गोला में स्मृति सिंह, पलिया में निधि गुप्ता, धौरहरा में अनन्या रस्तोगी, निघासन में अनुष्का पटेल, मोहम्मदी में नन्दिनी गुप्ता, मितौली में खुशबू राठौर ने सांकेतिक रूप से एसडीएम की भूमिका अदा की। जौनपुर के डीएम दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि इंटर में जिले की टॉपर सजल गुप्ता ने डीएम की कुर्सी संभाली। उन्होंने 87 मामलों की सुनवाई कर 14 मामलों का निस्तारण किया।

### महराजगंज की सांकेतिक डीएम अर्पिता और एसपी प्रतीक्षा ने सुनीं समस्याएं

गाजीपुर डीएम आर्यका अखौरी ने बताया कि हाईस्कूल की मेधावी छात्रा प्रियंका कुशवाहा को एक दिन का डीएम बनाया गया। उन्होंने जनता दर्शन में समस्याएं सुनकर कार्रवाई के निर्देश दिये। शामली डीएम अरविंद चौहान ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत जिले की इंटर की टॉपर आकांक्षा को डीएम बनाया गया। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों को सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये। सीतापुर डीएम अभिषेक आनंद ने बताया कि बेटी अर्पिता सिंह को एक दिन का डीएम, प्रतीक्षा सिंह को एसपी, संध्या मिश्रा को सीडीओ बनाया गया।

**रिपोर्ट** महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एपी सेन प्रेक्षागृह में आयोजन

# मनुष्य के सर्वांगीण विकास में संस्कारों की महती भूमिका

- वैदिक संस्कार की उपयोगिता राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ, विशेषज्ञों ने रखे विचार
- 15 -17 अक्टूबर तक चलेगी संगोष्ठी, कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक मंगलाचरण से हुआ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एपी सेन प्रेक्षागृह में ''वैदिक संस्कार की उपयोगिता'' विषयक त्रिदिवसीय ( 15 अक्टूबर-17 अक्टूबर 2024 ) राष्ट्रीय संगोष्ठी (सेमिनार) का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन स्त्र दिनाँक 15 अक्टूबर को प्रारम्भ हुआ है। कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक मंगलाचरण से हुआ। उदघाटन सत्र में महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन के प्रतिनिधि आकाश मिश्र और कुंजबिहारी पांडेय जी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरम्भ में आये हुये अतिथियों का वाचिक स्वागत संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, के अध्यक्ष एसोसियट प्रोफेसर डॉ अभिमन्यु सिंह जी ने किया । डॉ शतपथी जी ने सभी विद्वजनों को शाल, पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस सत्र की अध्यक्षता लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो.आलोक राय ने कहा- कि वेदों में हर चीज का वर्णन है और विश्वविद्यालय में वैदिक शोध होना चाहिए। आपने कहा नवीनीकृत टैगोर लाइब्रेरी में संस्कृत विभाग के सहयोग से एक वैदिक सेक्शन विकसित किया जाना चाहिए ! उन्होंने कहा भारत का गौरवशाली इतिहास रहा है और आगे भी रहेगा। कार्यक्रम के मुख्यातिथि, जगद्गुरूरामान्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविश्वविद्यालय, जयपुर के कुलपति प्रो.राम सेवक दुबे जी ने कहा-जिसने वेद और वेदांगों का अध्ययन किया हो, वही व्यक्ति 16 संस्कारों को ग्रहण कर सकता है । रामसेवक जी ने कहा कि व्यक्ति अपने पूर्व जन्म के संस्कारों को लेकर आता है । मनुष्य के सर्वांगीण विकास में संस्कारों की महती भूमिका है ! उन्हेंनि कहा कि संस्कारों की उपयोगिता कालत्रयी है। यानि तीनों कालों में संस्कारों की उपयोगिता प्रासंगिक है ! यह समस्त जगत पुनरावर्तित है- गीता के एक श्लोक का उच्चारण करते हुए बताया कि पुरुषार्थ चतुष्टय की प्राप्ति के लिए संस्कार अति आवश्यक है। संस्कार के द्वारा मानवीय आचरण सुसंस्कृत होता है। उन्होने यह साथ ही सभा को यह भी बताया कि पूर्वजन्म के संस्कार भी फलित होते हैं। संस्कारों का प्रमुख लक्ष्य मोक्षप्राप्ति है।

इन्होंने षोडश संस्कारों में गर्भाधान संस्कार का पर विशेष बल दिया। क्योंकि वहीं से सबकुछ निर्धारित होता है। उन्होंने बताया कि प्राचीन समय में गर्भाधान संस्कार कैसे होता था । राष्ट्र की रक्षा ,वंश की रक्षा, कुल का निर्धारण, माता- पिता ,परिजन वंश की वृद्धि के लिए संस्कार को वैदिक विधि से करते थे। गर्भाधान के तीसरे महीने पश्चात पुंसवन संस्कार कोक्ष यज्ञ के माध्यम से कर उत्तम सन्तान के प्राप्ति की कामना करते हैं।

सारस्वत अतिथि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर के निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा जी ने कहा- कि भारतीय संस्कृति वेदों में निहित है। संस्कृत का संरक्षण होना बहुत आवश्यक है। उन्होनें कहा कि ज्योतिष का विषय सभी विद्यालयों में होना चाहिए। संस्कारों की आज बहुत उपयोगिता है ,क्योकि पुरातन विचारों का लोप होता चला गया। आधुनिक समय में बहुत लोगो के सभी सरकारी के नाम तक ज्ञात नहीं। यह बहुत चिन्ता का विषय है , इस विषय पर चर्चा की। जो झा जी ने बताया की आज की युवा पीढ़ी आगे जाकर इन संस्कारों को जीवित रखेगी। विशिष्ट अतिथि बेंसबाडा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रायबरेली के प्रचार्य डॉ. अमलधारी सिंह गौतम जी ने कहा-वेद कल्पवृक्ष पुस्तक का विमोचन भी किया गया जिसके लेखक अमलधारी जी है ! चारों वेदों को अपनी लेखनी से जन-जान तक पहुँचाने वाले मनीषी आचार्य अमलधारी जी ने कहा- वेदों रक्षित रक्षित ! सारा ज्ञान वेदों में भरा पड़ा है ! प्राचीन काल में ऋग्वेद की 25 शाखाएँ थी किंतु अब सभी प्राप्य नहीं है!

वेद बहुत सरल भी उन्हें हर व्यक्ति को पढ़ना चाहिए तभी हमारा व्यक्तित्व संस्कारों से ओत-प्रोत होगा!

लखनऊ विश्वविद्यालय के कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो0 अरविंद मोहन जी आए हुए विद्वानों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि वेद में ज्ञान है, संस्कार है और जीवनशैली है ! वेद के ज्ञान को आम जनतक कैसे पहुँचाए यह हम सभी की जि़म्मेदारी है ! ऋषियों का आश्रम सिर्फ़ अध्यात्म का केंद्र न होकर ज्ञान के सृजन का केंद्र था ! कार्यक्रम का संचालन ज्योतिर्विज्ञान के संयोजक ऐसोसियेट प्रोफ़ेसर डॉ सत्यकेतु जी ने किया। संस्कृति तथा प्राकृत भाषा विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ गौरव सिंह, डॉ0 भुवनेश्वरी भारद्वाज, डॉ0 बृजेश कुमार सोनकर, डॉ0 ऋचा पाण्डेय तथा ज्योतिर्विज्ञान विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय के डॉ0 विपिन कुमार पांडेय, डॉ0 अनिल कुमार पोरवाल, डॉ0 विष्णुकांत शुक्ल,, डॉ0 अनुज कुमार शुक्ल, डॉ प्रवीण कुमार बाजपेयी, कोमल, नीरज, योगेश आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग दो सौ छात्र एवं छात्राएं उपस्थिति रहे।

## ग्लोबल हैंडवाशिंग डे पर बच्चों को किया जागरूक, बताया स्वच्छता का महत्व

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में ग्लोबल हैंडवाशिंग डे के अवसर पर विद्यार्थियों को साबुन से हाथ धोने के प्रति जागरूक किया गया और बताया गया कि संक्रमित बीमारियों के फैलने का सबसे ज्यादा ख़तरा गंदे हाथों से ही होता है। अतः हमें खाने से पूर्व,खाने के बाद,खाना बनाते समय आदि अवसरों पर हाथ जरूर धोना चाहिए। खाद्य विषाक्तता को रोकने के लिए हाथ धोना महत्वपूर्ण चीजों में से एक है इससे बीमारी और कीटाणुओं के संक्रमणकोरोकनेमें मददमिलतीहै प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने छात्रों को बताया कि प्रति वर्ष ग्लोबल हैंडवाशिंग डे मनाने के पीछे 卐स्वास्थ्य卐 एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है। इस वर्ष का विषय 卐 स्वच्छ हाथ अभी भी महत्वपूर्ण क्यों है 卐। यह विषय स्वास्थ्य सेवा तक सीमित पहुंच वाले क्षेत्रों में प्रकोप और महामारी को रोकने में स्वच्छ हाथों के महत्व पर प्रकाश डालता है इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानचार्य फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शाहीन खान, रामदेव, शिवकरन पाल, पिंकी जायसवाल, गिरीश श्रीवास्तवसहितशिक्षकशिक्षिकाएंविद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 472 बीसी सखियों ने ₹221करोड़ के लेन-देन कर कमाए ₹54.10 लाख

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**

जिलाधिकारी निशा अनंत और मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के नेतृत्व में जनपद की महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बीसी सखी बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट सखी के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है।इस कार्यक्रम के तहत जनपद अमेठी में वर्तमान में 472 बीसी सखी सक्रिय रूप से कार्यरत हैं।वर्तमान वित्तीय वर्ष में अप्रैल से अगस्त के बीच इन बीसी सखियों ने लगभग 5.84 लाख व्यक्तियों के साथ कुल ?221 करोड़ का लेन-देन किया।जिस पर उन्हें ?54.10 लाख का कमीशन प्राप्त हुआ।इस दौरानइन महिलाओं ने न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार किया, बल्कि अपनी क्षमता का उपयोग करते हुए आजीविका के नए स्रोतों को वा अपने कौशल को भी विकसित किया।

## बीसी सखियों की सफलता में अमेठी की टॉप 10 सखियां



**जनपद** में बीसी सखी के रूप में काम करने वाली महिलाओं में से कई ने विशेष कौशल और समर्पण के साथ बड़ी सफलता अर्जित की है। जनपद की टॉप10 बीसी सखियों में राधा कुमारी विकासखंड जगदीशपुर ग्राम इमली गांव, अनीता देवी विकास खंड शुक्ल बाजार, ग्राम किसुनी, बिना रानी विकासखंड भादर, ग्राम मवैया, कंचन सिंह विकासखंड संग्रामपुर ग्राम भौसिंहपुर, निकिता यादव विकास खंड जगदीशपुर, ग्राम कमरौली, इश्तिता बानो विकासखंड तिलोई ग्राम कूरा, अलका विकास खंड अमेठी, ग्राम बियसिया प्रतिभा विकासखंड सिंहपुर ग्राम फतेहपुर गायत्री देवी विकासखंड तिलोई, ग्राम करौंका तथा रेविका सिंह, विकास खंड मुसाफिरखाना ग्राम गन्नौर शामिल हैं।इन महिलाओं ने अपने कौशल और समर्पण से न केवल अपनी आय में वृद्धि की, बल्कि समाज में एक सकारात्मक बदलाव भी लाया है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने उपायुक्त स्वतः रोजगार को निर्देशित किया है, कि जनपद में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से उनके कौशल के अनुसार उन्हें प्रशिक्षित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन महिलाओं को ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान या अन्य माध्यमों से प्रशिक्षण देकर उनकी आय में वृद्धि की संभावनाओं को और मजबूत किया जाएगा। साथ ही पात्र लाभार्थियों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत दी गई व्यवस्थाओं के अनुसार योजनाओं से आच्छादित करने के प्रयास किए जाएंगे।

ताकि कोई भी महिला इस लाभकारी योजना से वंचित न रहे।इस पहल का उद्देश्य जनपद की महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से मजबूत करना है,बल्कि उन्हें समाज में आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में अग्रसर करना है। सरकार और प्रशासन की इस महत्वपूर्ण योजना के चलते जिले की महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते हुए अपनी आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव ला रही हैं।

## उद्यान विभाग से कृषक उन्नत किस्म का आलू बीज कर सकते हैं प्राप्तः उद्यान अधिकारी

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया है कि शासना द्वारा आलू उत्पादक कृषकों एवं एफपीओ के मध्य नकद मूल्य पर आलू बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूर्व निर्धारित विक्रय दर 3495/प्रति कुन्तल में 500 रूपए कुन्तल की कमी करते हुए 2995 रुपए कुन्तल निर्धारित किया गया है। (शोध संस्थाओं एवं सरकारी संस्थाओं को छोड़कर) उन्होंने कहा है कि इच्छुक कृषक/एफपीओ नकद मूल्य 2995 रूपए प्रति कुन्तल पर आलू बीज कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, रायबरेली में आकर प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु प्रभारी 4401/आलू, वीरेश कुमार, व0उ0नि0 के मोबाइल नंबर-9450846622 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## डॉ जी.आर यादव मनोचिकित्सक को यूपी आइकॉन अवार्ड से उपमुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



उदासी से घिरे मरीजों के चेहरों पर मुस्कान बिखरने वाले चिकित्सकों को गोमती नगर स्थित होटल सागर सोना में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा मंगलवार को यूपी आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में अमेठी के ग्राम घटमापुर गंगेहुवा निवासी डॉक्टर जी.आर यादव एमबीबीएस एमडी मनोचिकित्सक को उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने यूपी आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया। बताते चलें कि डॉक्टर जी.आर यादव मूलतः जनपद अमेठी के ग्राम घटमापुर गंगेहुवा के निवासी हैं। वर्तमान में वे हिंद अस्पताल में प्रोफेसर के रूप में कार्य कर रहे हैं।इसके साथ ही अमेठी व गौरीगंज में अपने स्वयं के क्लीनिक पर भी मरीजों का उपचार करते हैं। डॉ यादव मरीजों की सेवा हमेशा तत्परता से करते हैं। जिसके लिए इन्हें यूपी आइकॉन अवार्ड के लिए चयनित किया गया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अवार्ड देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की है।

## शैक्षणिक व शोध कार्य को लेकर आर जी आई पी टी एवं आई आई टी के बीच हुआ समझौता

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



राजीव गाँधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान जायस अमेठी ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना के साथ शैक्षणिक एवं शोध सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है।देश में राष्ट्रीय महत्व के दो प्रतिष्ठित संस्थानों के बीच यह समझौता शोध एवं शैक्षणिक सहयोग बढ़ाने और नई दिशा देने के उद्देश्य से किया गया है।इस समझौते पर संस्थान के निदेशक प्रो.आलोक कुमार सिंह तथा आई.आई.टी. पटना के निदेशक प्रो. टी.एन.सिंह ने औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर आरजीआईपीटी से प्रो.एम.एस. बालाथनिगइमणि, अधिष्ठाता-अनुसंधान व विकास डॉ. मिलन कुमार,विभागाध्यक्ष रासायनिक व जैव-रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग, डॉ.अंकुर पांडे, सहअधिष्ठाता एवं आईआईटी पटना से डॉ.अनुप केशरी, सह अधिष्ठाता, अनुसंधान व विकास तथा डॉ. सुब्रत हयात, सह अधिष्ठाता डॉ. सुशांत कुमार, सह अधिष्ठाता डॉ. अनूप कुमार गुप्ता, विभागाध्यक्ष रासायनिक व जैव रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग आदि उपस्थित रहे।

संस्थान सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार समझौते के अंतर्गत दोनों संस्थान वैज्ञानिक और तकनीकी जानकारी का आदान-प्रदान,शोध निष्कर्षों और तकनीकी जानकारियों को साझा करेंगे। तथा समझौते के तहत सहयोगी शोध गतिविधियां संयुक्त शोध परियोजनाओं में भाग लेना, जिसमें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय वित्त पोषित पहलों में भागीदारी शामिल है। और छात्र प्रशिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करेंगे। पीजी और पीएचडी छात्रों की संयुक्त निगरानी स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट उम्मीदवारों के मार्गदर्शन में सहयोग करेंगे। साथ ही शिक्षक, कर्मचारी, और छात्र यात्राएं आपसी यात्राओं के माध्यम से ज्ञान का आदान-प्रदान करेंगे।यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच सहयोग की भावना को बढ़ावा देने और शैक्षणिक परिदृश्य को समृद्ध करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस साझेदारी से विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व शोध और नवाचार के रास्ते खुलेंगे।

# विकासखंड बीकापुर में 10 सूत्री मांगो को लेकर हुआ धरना-प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस | बीकापुर अयोध्या**



प्रधान संघ द्वारा अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार को विकासखंड पर इकट्ठा होकर धरना और प्रदर्शन किया गया। प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विशाल सिंह की अगुवाई में आयोजित किए गए धरना प्रदर्शन में विकासखंड क्षेत्र के करीब चार दर्जन से अधिक ग्राम प्रधान और उनके प्रतिनिधि शामिल हुए। अपनी मांगो से संबंधित 10 सूत्रीय मांग पत्र खंड विकास अधिकारी हरिश्चंद्र सिंह को दिया गया। खंड विकास अधिकारी द्वारा अपने स्तर से समस्या का करने का आश्वासन दिया गया। ग्राम प्रधानों द्वारा 10 सूत्रीय मांग पत्र में विधायक और सांसदों की भांति पेंशन दिए जाने, शस्त्र लाइसेंस प्रदान किए जाने, वर्तमान कार्यकाल में मानदेय की बढ़ोतरी किए जाने, मनरेगा की लंबित बिलों की फीडिंग तथा कराए गए विकास कार्य के पैसे का भुगतान कराए जाने, ब्लॉक प्रमुखों को सुरक्षा प्रदान किए जाने, जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत पाइप डालने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को दुरुस्त कराए जाने जैसी अन्य कई मांगों को लेकर मंगलवार को अखिल भारतीय प्रधान संघ के आवाहन पर विकासखंड बीकापुर में प्रधानों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान नाराज प्रधानों ने ब्लॉक परिसर में तालाबंदी करके अपनी नाराजगी का इजहार किया। प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी हरिश्चंद्र सिंह के समक्ष अपनी शिकायतों को रखते हुए उसके निदान की फरियाद की। खंड विकास अधिकारी ने भी उचित स्तर तक प्रधानों की समस्याओं को ऊपर अधिकारियों तक पहुंचाने तथा यथोचित समाधान करने का आश्वासन दिया।

## ऊंचाहार और डलमऊ में बस स्टेशन स्थापित कराने की कवायद शुरू

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

लखनऊ प्रयागराज हाईवे और डलमऊ नगरी में रोडवेज बसों के यात्रियों को जल्द ही बड़ी राहत मिलने वाली है। ऊंचाहार और डलमऊ में बस स्टेशन स्थापित कराने की कवायद शुरू हो गई है।

प्रमुख सचिव के निर्देश पर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने एडीएम प्रशासन को पत्र भेजकर निशुल्क जमीन की व्यवस्था कराने का अनुरोध किया है जिससे बस स्टेशन की सुविधा देने का काम शुरू किया जा सके वर्तमान समय में लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर महत्वपूर्ण कस्बा होने के बाद भी ऊंचाहार में बस स्टेशन नहीं है। मुख्य चौराहे पर ही बस रुकती है।

वहीं बस स्टेशन न होने के कारण यात्रियों को हाईवे के किनारे ही खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। क्षेत्र में लंबे समय से बस स्टेशन की मांग की जा रही है इसे लेकर विधायक डॉ मनोज कुमार पांडेय ने भी शासन को पत्र देकर ऊंचाहार में बस स्टेशन बनवाने का अनुरोध किया है। इसी तरह डलमऊ में भी बस स्टेशन की सुविधा अब तक यात्रियों को नहीं मिल सकी है।

मामले में प्रमुख सचिव ने ऊंचाहार और डलमऊ में बस स्टेशन की व्यवस्था के लिए जमीन के बंदोबस्त के संबंध में पत्र भेजा है। प्रमुख सचिव का पत्र आने के बाद सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने एडीएम प्रशासन को जमीन की व्यवस्था के लिए पत्र भेजा है। एआरएम ने ऊंचाहार और डलमऊ में निशुल्क जमीन की व्यवस्था कराने की मांग की है। प्रमुख सचिव के निर्देश पर एडीएम प्रशासन को पत्र भेजा गया है। ऊंचाहार और डलमऊ में बस स्टेशन प्रस्तावित है।

## सपा कार्यालय पर पूर्व राष्ट्रपति की धूमधाम से मनायी गई जयन्ती

**जन एक्सप्रेस | बीकापुर अयोध्या**



समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी फैजाबाद पर पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम जी की जयंती समाजवादी पार्टी के नेताओ कार्यकर्ताओं द्वारा मनाई गई।

जिसमें उनके चित्र पर माल्यार्पण करके उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने बताया की डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम में एक मछुआरे परिवार में हुआ आर्थिक रूप से कमजोर परिवार में जन्मे कलाम ने अपनी पढ़ाई और जीवन में संघर्ष का सामना करते हुए आगे बढ़े। उन्होंने भौतिक और अंतरिक्ष विज्ञान में रुचि दिखाई और मद्रास इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में स्नातक किया। डॉक्टर कलाम ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो और रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन डीआरडीओ में वैज्ञानिक के रूप में कार्य किया। उन्होंने भारत के मिसाइल कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाई। जिसके कारण उन्हें मिसाइल मैन के नाम से जाना जाता है 1998 पोखरण सेकंड परमाणु परीक्षण में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा 2002 में वह भारत के 11वें राष्ट्रपति बने और अपनी सादगी और ईमानदारी के लिए जनता के राष्ट्रपति कहलाये।

# रक्तदान में राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन लगातार छठवीं बार रहा अव्वल

- रक्तदान के लिए जिला चिकित्सालय में सम्मानित हुई 9 संस्थाएं

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या धाम**



अयोध्या जिले में रक्तदान करने में लगातार छठवीं बार अयोध्या जिले में सर्वाधिक रक्तदान के लिए ट्रस्ट राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन को सम्मानित किया गया जिसमें संस्था को स्मृति चिन्ह व प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। यह सम्मान संस्था को सीएमएस डॉ उत्तम कुमार, जिला चिकित्सालय अधीक्षक डॉ विपिन कुमार वर्मा, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ फुजैल अहमद अंसारी व चिकित्सक डॉ सादिक अहमद ने संस्था को स्मृति चिह्न, प्रमाणपत्र व ट्राफी देकर सम्मानित किया,जिसे संस्था की ओर से संस्था उपाध्यक्ष विजय वर्मा, सचिव इंद्र प्रीत सिंह वेदी व आरक्षी मो अहद ने सयुंक्त रूप से प्राप्त किया। इस मौके पर कुल 9 संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया जिसमें राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन 98 यूनिट डोनेट कराके प्रथम स्थान पर रहा द्य सावन कृपान रूहानी मिशन 84 यूनिट व इंसानियत फाउंडेशन 81 यूनिट डोनेट कराके क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहा। उक्त आंकड़े 15 जून से लेकर 30 सितम्बर तक हुए रक्तदान के आधार पर ब्लड बैंक द्वारा जारी किये गए।

ज्ञातव्य हो कि ट्रस्ट राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन पिछले पांच चक्र में जिला चिकित्सालय में रक्तदान व मरीजों को खून मुहैया कराने में प्रथम स्थान रहा है। इस मौके पर सीएमएस रक्तदान से जुडी समस्याओं का निराकरण करते हुए हर संभव सहयोग देने की बात कही गयी। संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्त ने हर्ष व्यक्त करते हुए इस सम्मान को उन सभी रक्तदाताओं को समर्पित करते हुए कहा कि इस सम्मान के असली हक़दार वो रक्तदाता है जो एक कॉल पर रक्तदान करने ब्लड बैंक पहुंच जाते है। और संस्था 2016 से नियमित रक्तदान के क्षेत्र में कार्यरत है। इस दौरान भिन्न संस्थाओं के सहयोग से करीब सात हजार मरीजों को संस्था द्वारा खून उपलब्ध कराया गया है।

## नन्दीग्राम महोत्सव की तैयारी की रूप-रेखा में रहे पूर्व सांसद लल्लू सिंह

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर , अयोध्या।** नंदीग्राम महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसकी जानकारी कार्यक्रम के व्यवस्थापक परमात्मा दास ने दी कार्यक्रम 22 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलेगा जिसका शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ करेंगे जिसके लिए योगी आदित्यनाथ को आमंत्रण भेज दिया गया है महोत्सव कार्यक्रम में भूमि पूजन, कलश यात्रा, श्री राम महायज्ञ, 1100 हनुमान चालीसा पाठ, भव्य दीप महोत्सव, नित्य भजन संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम, कवि सम्मेलन, महाआरती, लाठी प्रतियोगिता, भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा प्रत्येक दिन अन्य अन्य क्षेत्रों के कलाकारों से सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जाएंगे। कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व कार्यक्रम बनाने के लिए समितियों का बृहद गठन किया गया है जिसमे महिलाओं को भी बड़ी जिम्मेदारी शौपी गयी है।

## धूमधाम से मनाया गया डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम का जन्मदिन



**जन एक्सप्रेस | अयोध्या धाम**

भारत के महान वैज्ञानिक तथा राष्ट्रपति डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर छात्र- छात्राओं के बीच निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता तथा मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का प्रारंभ श्री कलाम जी को माल्यार्पण करने के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का संचालन राज्य शिक्षक पुरस्कार विजेता सुनील कुमार आनंद ने किया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य मनोज कुमार जी ने बच्चों से अब्दुल कलाम जी की जीवन से प्रेरणा लेने को कहा। इसी क्रम में अन्य वक्ताओं में श्रीमती नेहा वर्मा, गंगेश मिश्रा जी, रमेश जी, साबरमती जी तथा अन्य ने डॉ अब्दुल कलाम जी को याद किया तथा अपने विचार प्रस्तुत किया। रमेश जी ने प्रतियोगिता में सफल प्रथम द्वितीय व तृतीय विजेताओं के नाम की घोषणा की। मॉडल प्रतियोगिता में नीरज प्रथम स्थान, किशन द्वितीय स्थान तथा मोहित तृतीय स्थान पर रहे, पोस्टर प्रतियोगिता में अमन प्रथम स्थान, सुधा द्वितीय तथा कामिनी तृतीय स्थान पर रही, निबंध प्रतियोगिता में रूबी प्रथम स्थान, किशन द्वितीय स्थान तथा नीतू तृतीय स्थान पर रही व भाषण प्रतियोगिता में जितेंद्र भारती ने बाजी मारी। ट्रस्ट के प्रबंधक डॉ विजय शंकर मौर्य के द्वारा विजेताओं को शील्ड,मेडल व अन्य पुरस्कार दिए गए।

## यातायात पुलिस गांधीगिरी के माध्यम से जनता को कर रही जागरूक

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

पुलिस अधीक्षक रायबरेली के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में मंगलवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के चौदहवें दिवस जनपद रायबरेली यातायात पुलिस द्वारा बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत शहर में सार्वजनिक स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक किया गया। यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार करते हुए आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए पंपलेट स्टीकर वितरित किए गए एवं सार्वजनिक स्थानों पर बैनर लगवाए गए। निर्धारित गति से अधिक चलने वाले वाहनों की गति की चेकिंग स्पीड राडार के माध्यम से की गई निर्धारित गति से तेज चलते हुए पाए जाने वाले वाहनों पर प्रवर्तन की कार्रवाई की गई तथा राजमार्गों पर सड़क के किनारे वाहन खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहनों को राजमार्ग के किनारों से हटवाया गया साथ ही उनको ऐसा न करने की चेतावनी दी गई ना मानने वालों पर मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को फूल देकर तथा माला पहनाकर गांधीगिरी के माध्यम से उनको यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। वाहनों के शीशे में काली फिल्म लगाकर चलने वाले वाहनों के शीशे से काली फिल्म निकलवाई गई तथा उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई भी की गयी रायबरेली शहर में जाम का कारण बनने वाले वाहनों को क्रेन के माध्यम से हटवाकर उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

## राज्य मंत्री ने 20000 से ज्यादा सदस्य बना कर अपनी लोकप्रियता को दर्शाया

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान मे राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा जिले में 20 हजार से ज्यादा सदस्य बनाकर रिकॉर्ड दर्ज करते हुए जनपद में प्रथम स्थान बनाया है। बता दें कि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने अपने गृह जनपद रायबरेली में पार्टी द्वारा दिए गए लक्ष्य को पार करते हुए बीस हजार से ज्यादा सदस्य बनाकर अपनी लोकप्रियता को दर्शाया है। वहीं अन्य विधायकों ने सिर्फ खानापूर्ति करते हुए निर्धारित लक्ष्य को भी नही छू पाये हैं। जिससे कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बता दें कि पार्टी द्वारा सोमवार को जनपदों से सदस्यता अभियान के संबंध में मांगी गई रिपोर्ट में रायबरेली जनपद से सबसे अधिक सदस्य बनाने वाले राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह रहे हैं।

**शिकंजा** | कम्पोजिट विद्यालय में सामुदायिक सहभागिता के अन्तर्गत सामग्री वितरित

# विद्यालय के प्रति समर्पण शैक्षिक, भौतिक वातावरण बच्चों को कर रहा प्रेरितः दिनेश तिवारी

**जन एक्सप्रेस | दर्शननगर, अयोध्या**

कम्पोजिट विद्यालय रामदत्तपुर अटरावाँ -पूरा अयोध्या में सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत सामग्री वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि रयाजुद्दीन खण्ड शिक्षा अधिकारी पूरा अयोध्या ने सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व0 राम लखन चौहान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इसके बाद विद्यालय प्रांगण में मुख्य अतिथि द्वारा एक पेड़ माँ के नाम वट वृक्ष लगाया गया। विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ-साथ स्वच्छता अभियान से सम्बंभित नाटक एवं देवी के नौ स्वरूपों का प्रस्तुतिकरण किया गया। तदुपरांत ममता श्रीवास्तव प्र0अ0 ने मुख्य अतिथि को बुके भेंटकर स्वागत किया। दिनेश कुमार तिवारी स0अ0 व राम मनोज शरण प्र0अ0 किशुनदासपुर ने मुख्य अतिथि को माल्यार्पण व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया तथा श्रीमती उदिता वर्मा ने कार्यक्रम अध्यक्ष राम चन्द्र वर्मा को बुके भेंट किया व दिनेश तिवारी ने अंग वस्त्र व श्रीमती विमला वर्मा स0अ0 ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेटकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती ऋतु स0अ0 (शिक्षक संकुल) ने किया। विशिष्ट अतिथि यशस्वी एस0आर0 जी डॉ0 अम्बिकेश त्रिपाठी (राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित) जय प्रकाश पाण्डेय (राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक) राम चन्दर वर्मा (जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा) श्री उदल यादव ग्राम प्रधान प्र0 तथा अभिभावक व गण मान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। दिनेश कुमार तिवारी स0अ0 ने बताया कि विद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्रों को बैठने के लिए डेस्क बेंच व कुर्सी पार्यप्त मात्रा में उपलब्ध नही था जिसको मेरे द्वारा श्री सभाराज वर्मा प्रो0 राज बिल्डर्स एवं डेवलपर्स बृजेश त्रिपाठी संयोजक नमामि गंगे, विजय पाण्डेय (सूरज) महामंत्री अमर शहीद जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय सेवा समिति अयोध्या एवं रामानंद चौहान एड्वोकेट समाज सेवी स्वतंत्रता सेनानी परिवार के संज्ञान में लाया गया। दिनेश तिवारी के अनुकरणीय नेतृत्व, कर्तव्य निष्ठा एवं विद्यालय के प्रति समर्पण तथा शैक्षिक भौतिक वातावरण से प्रभावित होकर सभा राज वर्मा (पटवारी का पुरवा) ने 10 डेस्क बेंच, विजय पाण्डेय ने 2 डेस्क बेंच, बृजेश त्रिपाठी ने 2 डेस्क बेंच व 6 कुर्सी व 4 मेज़ एवं रामानंद चौहान ने 4 डेस्क बेंच प्रदान किया। सभी लोगो ने दिनेश तिवारी की अप्रतिम दक्षता की प्रशंसा करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की तथा आशा व्यक्त किया कि विद्यालय इसी तरह विकास के पथ पर निरंतर बढ़ता रहे और भरोसा दिलाया की विद्यालय के विकास में जब भी हम सब के सहयोग की जरूरत होगी हम सब हमेशा सहयोग के लिए तैयार है।



मुख्य अतिथि रयाजुद्दीन खंड शिक्षा अधिकारी पूरा ने शिक्षा की गुणवत्ता कैसे बढ़ेगी, विद्यालय को कैसे निपुण बनाया जाये, दीक्षा ऐप, रीड अलोंग ऐप, स्विफ्ट चैट, विज्ञान किट, गणित किट, पुस्तकालय की पुस्तकों एवं शिक्षक संदर्शिकाओं का प्रयोग, उपचारात्मक शिक्षण, लर्निंग आउटकम आदि पर प्रकाश डाला।



**महर्षि वाल्मीकि की जयंती से पूर्व निकाली गयी...**

महर्षि वाल्मीकि की जयंती आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनायी जाती है जो 17 अक्टूबर 2024 को होगी। महर्षि वाल्मीकि की जयंती के पहले...

▸ शेष पेज 07 पर...

# अंतरराष्ट्रीय ठगी करने वाले साइबर गिरोह का कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने किया पर्दाफाश

■ गिरोह का सरगना चढ़ा पुलिस के हत्थे, जांच पड़ताल में चौंकाने वाले तथ्य आए सामने

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



शहर की साइबर क्राइम टीम ने शेयर मार्केट में रकम के बदले भारी मुनाफ़े की लालच देकर ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह गिरोह सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को काफी समय से अपना शिकार बना रहा था। साथ ही आम आदमी की जीवनभर की गाढ़ी मोटी कमाई फ़र्ज़ी डीमेट अकाउंट खोलकर उन्हें भारी मुनाफा कमाने का सपना दिखाते थे। जिससे आम आदमी इनके झांसे में आ जाता और इनके जाल में फँसकर अपनी रकम गंवा देता था।

कानपुर कमिश्नरेट पुलिस द्वारा जांच पड़ताल में इस गिरोह के पास से करीब 8 अकाउंट से 15 करोड़ से ज़्यादा का फर्जीवाड़ा सामने आया है, साथ ही इन गिरोह पर अलग अलग राज्यों से करीब 250 से अधिक ठगी के मुक़दमे दर्ज होना बताया जा रहा है।

पुलिस ने इनके पास से ठगी में इस्तेमाल किए जाने वाले लैपटॉप, मोबाइल्स, एटीएम स्वाइप मशीन, समेत कई अहम दस्तावेज बरामद किए है। इन दस्तावेजों को बरामद करने के बाद पुलिस को चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं।

वहीं पकड़े गए चारों अभियुक्तों में मध्यप्रदेश का रहने वाला रोहित सोनी इस गिरोह का सरगना बताया जा रहा है। साथ ही मुख्य आरोपी एक राजनीतिक पार्टी से भी जिलाध्यक्ष के पद पर कार्य कर रहा है, इसके साथ होसांगबाद मध्यप्रदेश से लोन रिकवरी एजेंट अक्षय गुरु, मधुबनी बिहार से बैंक सेल्स डिपार्टमेंट में कार्यरत मनीष मंडल, व मध्यप्रदेश होसांगबाद से ही नामी बैंक में क्लर्क के पद पर तैनात मयंक मीणा को पुलिस ने दबोचा है।

पुलिस ने प्रेसवार्ता में बताया कि इन साइबर ठगो के तार विदेश से भी जुड़े है, व इन ठगों की तलाश कई राज्यों की पुलिस कर रही है।

लेकिन कानपुर की साइबर टीम को इस मामले में बड़ी सफलता हाँथ लगी है।

### टेलीग्राम ग्रुप में लोगों को जोड़ा जाता था

आरोपी शेयर और क्रिप्टोकरेंसी से कमाए मुनाफे को साइबेरिया, दुबई में बैठे आकाओं के पास भेजते थे। यहां से इन्हें कमीशन मिलता था। टेलीग्राम ग्रुप में लोगों को जोड़ा जाता। पहले से सक्रिय सदस्य ज्यादा मुनाफा मिलने की बात लिखकर बाकी को ललचवाते थे। जब वह निवेश कर देते, तो उन्हें ब्लॉक कर ग्रुप से रिमूव कर दिया जाता था।

# वाह क्या मर्तबा तेरा गौस ए आज़म के नारों की गूंज के साथ निकला जुलूस ए गौसिया





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



अंजुमन गुलामाने अहले बैत कमेटी की कयादत में पिछले 15 सालो से ईदगाह कालोनी बेनाझाबर से शेख अब्दुल कादिर जिलानी र.जि. की शान में निकलने वाला जुलूस ए गौसिया अपनी शानो शौकत के साथ निकाला गया।

मुहाफिज़ ए नामूस रिसालत, कानपुर में अमन और एकता का परचम लहराने वाले जौहर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हयात ज़फर हाशमी मेहमान ए खुसुसी के तौर पर शामिल हुए। जुलूस का नेतृत्व अंजुमन गुलामाने अहले बैत कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद इरफान बरकाती ने किया। जुलूस में शामिल लोग सर पर टोपी, कुर्ता पैजामा पहने हुए थे और अदब के साथ परचम (झंडे), नात शरीफ के लिए साउंड के साथ निकले। माँ कस्तूरबा गर्ल्स इन्टर कालेज ईदगाह कालोनी से उठकर, बेनाझाबर, बकरमंडी, ईदगाह कालोनी के सभी ब्लाक, ऊंची सड़क, आदि मार्गो से होता हुआ, वापस ईदगाह कालोनी आकर समाप्त हुआ। जुलूस मे शामिल मुहाफिज़ ए नामूस रिसालत हयात ज़फर हाशमी का अंजुमन की जानिब से इस्तकबाल किया गया और जुलूस का जगह जगह इस्तकबाल किया। जुलूस संचालक इरफान बरकाती, हाफ़िज़ व कारी शमशाद, मोहम्मद हाशिम, हाजी मोहम्मद तौफ़ीक़, मोहम्मद इकबाल, अयाज़ अहमद, अली अहमद, शाहबाज़ खान, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद दानिश, मोहम्मद साहिल, राजा बाबू, मोहम्मद शारिक आदि मौजूद रहे।

# कौशलपुरी मंडल के रामबाग सेक्टर के पन्ना प्रमुखों की बैठक हुई संपन्न



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

भारतीय जनता पार्टी कानपुर उत्तर के सीसामऊ विधानसभा के कौशलपुरी मंडल के रामबाग सेक्टर के पन्ना प्रमुखों की बैठक रामबाग पार्क में सम्पन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु सक्सेना ने की बैठक के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ अध्यक्ष को पन्ना प्रमुख से निरंतर संपर्क में रहते हुए। पन्ना प्रमुख के माध्यम से उस पन्ने के सभी मतदाताओं से संपर्क करना चाहिए। यदि पन्ने पर मतदाता के रूप में मौजूद कोई मतदाता उस मकान को छोड़ कर अगल बगल कही रहता हो तो उससे संपर्क कर के उसका मतदान सुनिश्चित करवाना चाहिए। पन्ने पर मौजूद मतदाता का फोन नंबर पता क्रमांक लिख कर एक बूथ रजिस्टर त्यार करना चाहिए। बैठक में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, उमेश निगम जन्मेजय सिंह, पवन प्रताप सिंह, आनंद मिश्रा पार्षद आलोक पांडे मुदित मिश्रा, रामकुमार सिंह, विवेक पांडे आदि लोग उपस्थित थे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी।

# मुख्यमंत्री ने कल्याणपुर वासियों को सड़क की दी सौगात



■ सीएम ग्रिड की पहली सड़क का हुआ शिलान्यास

**जन एक्सप्रेस कानपुर नगर**

शहर की पहली सीएम ग्रिड का सड़क का शिलान्यास मंगलवार को महापौर प्रमिला पांडे व क्षेत्रीय विधायिका निलमा कटियार ने किया। बगिया क्रॉसिंग से केसा चौराहे तक की सड़क का निर्माण सीएम ग्रिड के तहत किया जाएगा।

1100 मीटर लंबाई में सड़क का निर्माण 11 करोड़ रुपए से किया जाएगा।

आपको बताते चलें बगिया क्रॉसिंग से केसा चौराहे तक कि यह सड़क बीते कई वर्षों से जर्जर हालत में पड़ी हुई थी। जन एक्सप्रेस अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद क्षेत्रीय विधायक का नीलिमा कटियार ने एक पत्र के माध्यम से उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से सड़क बनाए जाने की मांग की थी। इसके बाद मुख्यमंत्री जी ने सड़क को बनाए जाने के लिए पैसा स्वीकृत किया।

महापौर प्रमिला पांडे और क्षेत्रीय विधयिका नीलिमा कटियार ने भूमि पूजन किया। महापौर ने उद्घाटन करते हुए कहा कि सीएम ग्रिड की यह सड़के कानपुर के विकास में मिल का पत्थर साबित होगी। महापौर ने यह भी कहा है कि सीएम ग्रिड की सड़कों में किसी भी प्रकार की धांधली नहीं होने दी जाएगी। यह पहली बार होगा जब शहर के अंदर हाईवे की तरह सड़कों का निर्माण किया जाएगा। शिलान्यास के मौके पर कल्याणपुर विधायक का नीलिमा कटियार क्षेत्रीय पार्षद कौशल मिश्रा, वार्ड 23 के पार्षद रामनारायण गौतम, वार्ड 35 के पार्षद आनंद शुक्ला, रवि मिश्रा समाजसेवक आकाश दीक्षित आदि सभी लोग मौजूद रहे हैं।

# मेट्रो के कॉरिडोर-2 में उतारी गई 5वीं टीबीएस मशीन गोमती

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

मेट्रो के 4.10 किमी लंबे रावतपुर-डबल पुलिया अंडरग्राउंड सेक्शन में टनल निर्माण का कार्य मंगलवार से शुरू हो गया। कानपुर मेट्रो के कॉरिडोर-2 के इस सेक्शन में परियोजना की 5वीं टीबीएस मशीन गोमती उतारी गई। कॉरिडोर-2 (सीएसए से बर्रा-8) के अंडरग्राउंड सेक्शन में रावतपुर एलिवेटेड स्टेशन के निकट बने लॉन्चिंग शाफ्ट से अप-लाइन पर इस मशीन को लॉन्च किया गया। यह मशीन सबसे पहले रावतपुर से कंपनी बाग चौराहे की ओर आगे बढ़ेगी और कॉरिडोर-2 डिपो रैंप तक करीब 650 मीटर लंबे टनल का निर्माण करेगी।

डाउन लाइन पर टनल निर्माण के लिए आने वाले दिनों में छठी टीबीएम मशीन को भी लॉन्च किया जाएगा। करीब 4.10 किमी लंबे अंडरग्राउंड सेक्शन में सबसे पहले रावतपुर से कृषि विश्वविद्यालय के निकट स्थित डिपो रैंप तक टनल का निर्माण होगा। इस दौरान उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशनलिमिटेड (यूपीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार, वर्क्स एंड इंफ्रास्टक्चर के निदेशक सीपी सिंह, रोलिंग स्टॉक निदेशक नवीन कुमार व अन्य मौजूद रहे।

# वाल्मीकि जयंती पर सात जन्मों में बंधेंगे 75 जोड़े





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

वाल्मीकि जयंती पर 75 जोड़े विवाह के बंधन में बंधेंगे। सामूहिक विवाह समारोह 17 अक्टूबर को वाल्मीकि उपवन लान नंबर 1 में होगी। इस कार्यक्रम को पूर्व से तैयारी हो गई है मंगलवार से शुरुवात हो गई है बुधवार को कमेटी द्वारा महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा को पंचामृत से स्नान कराकर महाआरती का आयोजन होगा। इस दौरान कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा शहर की बस्तियों मे जाकर आमंत्रित भी किया है दिनांक 16.10.24 को अम्बेडकरनगर विजय नगर से सायंकाल 6 बजे शोभायात्रा निकाली जाएंगी जो कि आरती में शामिल होगी। कमेटी के अध्यक्ष, महामंत्री ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि इस वर्ष विवाह कार्यक्रम व जन्मोत्सव मेले को भव्य बनाने की तैयारी हो चुकी हैं आकर्षण मंच को लाइटों व फूलो से सजाया जाएगा दुल्हों की बारात लाजपत भवन से उठाई जाएगी जिसकी तैयारियां पूरी हो चुकी है सभी दुल्हों घोड़ी से पूरी सजसजा के साथ मोतीझील के लिए प्रस्थान करेंगे साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होगा साथ ही भोजन की व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी। प्रेसवार्ता में प्रमुख रूप से राम जियावन सागर, अरुण समुन्द्रे, प्रकाश हजारिया, मुन्ना हजारिया, सुरेश भारती, माता प्रसाद, मुन्ना पहलवान, विजेंद्र मचोरिया, मनीष विद्यार्थी, शिवराम, राम गोपाल, धनश्याम गहरवार, बसंत लाल भारती, डी.डी सुमन, राम स्वरुप, राम गोपाल समुन्द्रे, अशोक, अशोक भारती, सचिन, प्रेमा देवी, आरती देवी, सोनू लोहिया, दिनेश सुदर्शन आदि लोग उपस्थित रहे।

# फुटवियर और कंपोनेंट उद्योग में विश्व में देश का दूसरा स्थान

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर समेत देश में फुटवियर कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। इसी के साथ कंपोनेंट उद्योग बढ़ता जा रहा है। मौजूदा समय में विश्व में देश फुटवियर और कंपोनेंट कारोबार में दूसरे स्थान पर है। चीन पहले स्थान पर काबिज है। कोरोना के बाद से और चीन-अमेरिका के बीच छिड़े व्यापारिक गतिरोध के चलते पूरी दुनिया की नजर कानपुर समेत पूरे देश के फुटवियर उद्योग पर है। बड़े-बड़े ब्रांड और कंपनियां यहीं पर उत्पाद बनवा रही हैं। ऐसा ही रहा तो वो दिन दूर नहीं जब चीन पीछे होगा। 2028 तक देश का कंपोनेंट उद्योग को 50 हजार करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य है। इसके लिए 50 प्रतिशत की ग्रोथ हर साल चाहिए होगी। मौजूदा समय में 20 हजार करोड़ का कारोबार है। कानपुर के बने सेफ्टी शूज पूरी दुनिया में छाए हुए हैं। ये जानकारी चर्म निर्यात परिषद के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मुख्तारूल अमीन ने मकरावटगंज स्थित एक पैलेस में आयोजित प्रेसवार्ता में दी।

उन्होंने बताया कि आठ साल पहले तक 95 प्रतिशत स्पोर्ट्स शूज आयात होते थे। अब केवल 10 प्रतिशत ही आयात होता है। 85 प्रतिशत जूते कानपुर समेत देश भर में बनते हैं। इंडियन फुटवियर कंपोनेंट मैन्यूफैक्चर्स एसोसिएशन इफ्कोमा के अध्यक्ष संजय गुप्ता और वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि कंपोनेंट उद्योग निर्यात में 75 प्रतिशत और घरेलू बाजार में सौ प्रतिशत आत्मनिर्भर है। बांग्लादेश, श्रीलंका, साउथ अफ्रीका और यूरोप के देशों को कंपोनेंट का निर्यात किया जा रहा है। सरकार से कंपोनेंट उद्योग को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन स्टूडियो, उत्पादों को पेटेंट कराने, देश में उत्पाद बना रहीं विदेशी कंपनियों में 60 प्रतिशत उत्पाद देसी कंपनियों और उनकी हिस्सेदारी 50 प्रतिशत करने और विजन डाक्यूमेंट में कंपोनेंट उद्योग को शामिल करने की मांग उठाई गई है। मुख्तारूल अमीन ने बताया कि बंथर में जल्द ही डिजाइन स्टूडियो खुल सकेगा। इस पर तेजी से काम किया जा रहा है। इसके बाद यहीं पर नए-नए डिजाइन बन सकेंगे। वार्ता में चर्म निर्यात परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष असद इराकी, पूर्व अध्यक्ष जावेद इकबाल, सदस्य प्रेरणा वर्मा मौजूद रहीं।

### 65 मैन्यूफैक्चर्स 80 स्टाल लगाएंगे

उन्नाव के केएलसी काम्प्लेक्स में लगने वाली शू टेक 2024 की प्रदर्शनी में 65 मैन्यूफैक्चर्स के 80 स्टाल लगाए जाएंगे। कानपुर के अलावा दिल्ली, आगरा, गुरुग्राम, चेन्नई, बंगलुरू के कारोबारी इसमें शामिल होंगे। जो फुटवियर कंपोनेंट लेबल्स, एडहेसिव, शू फिनिशेज, केमिकल्स, फुटवियर मशीनरी, हीट ट्रांसफर लेबल्स, ईवा फोम, सेल्यूलोस शीट्स ब्रश लीनिंग्स फैब्रिक्स इंटरलिनिंग्स, सिंथेटिक प्रिंटिंग मशीन, टेक्सटाइल लैमिनेटेड फैब्रिक्स, धागा एवं अन्य उत्पादों को प्रदर्शित करेंगे। पिछले साल 20 करोड़ के करीब कारोबारी पूछताछ हुई थी।

### अंतरराष्ट्रीय ब्रांड आ गए शहर

कानपुर में पिछले कुछ सालों में फुटवियर के निर्माण क्षेत्र में तेजी आई है। क्लार्क, ईको, जियॉक्स, फ्लोरशीम जैसे ब्रांड ने फुटवियर और रिटेल क्षेत्र में निवेश किया है। कानपुर एवं मध्य क्षेत्रों में चमड़ा और इससे जुड़े उद्योग में लगभग साल में 15 प्रतिशत का विकास हुआ है। 2022-23 में कानपुर ने 6000 करोड़ का निर्यात हुआ। घरेलू बाजार में भी लगभग 200 करोड़ का व्यापार प्राप्त मिला। इफ्कोमा ने ताइवान, इटली, स्पेन की कंपनियों के साथ एमओयू किया है। फुटवियर निर्माण में वैश्विक अग्रणी हांग फू इंडस्ट्रियल ग्रुप ने तमिलनाडु में अत्याधुनिक गैर-चमड़ा फुटवियर विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए 1,500 करोड़ का निवेश किया है। इससे कंपोनेंट उद्योग में तेजी आएगी।



### राफे इकबाल को मिलेगा युवा उद्यमी अवार्ड

शूटेक प्रदर्शनी में अवार्ड भी दिए जाएंगे। युवा उद्यमी का अवार्ड राफे इकबाल को, लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड चमड़ा क्षेत्र में नजर मोहम्मद को, लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड कंपोनेंट क्षेत्र में गुलशन कुमार धूपर को, इंडस्ट्री एक्सीलेंस अवार्ड ताज आलम को, इफ्कोमा एक्सीलेंस अवार्ड अनिल खेमका को और लीजेंडरी पार्टनर अवार्ड नरेश कुमार अग्रवाल को दिया जाएगा।

### 13 नवंबर को उपचुनाव

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश में विधानसभा की नौ सीटों पर उपचुनाव का ऐलान मंगलवार को कर दिया। 13 नवंबर को सीसामऊ विधानसभा सीट पर चुनाव होना है। 2.69 लाख से अधिक मतदाता अपना नया विधायक चुनेंगे। जिला प्रशासन मतदाता सूची में नाम बढ़ाने व घटाने का काम कर रहा है। हालांकि अभी फाइनल सूची जारी नहीं की गई है। जल्द वो भी जारी होगी।

# पुलिस कर्मियों के बच्चों के लिए शहर में किलकारी हाउस का हुआ शुभारंभ



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी को और भी आसान करने के लिए उनके बच्चों के लिए एक किलकारी हाउस का शुभारंभ किया गया है। जिसका उद्घाटन पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने फीता काटकर किया है अब ऐसे में जिन पुलिसकर्मियों के बच्चे छोटे हैं और ड्यूटी करते समय उनका ध्यान बच्चों पर आकर्षित होता है उनकी सेवा भी खुद पुलिस के लोग ही करेगे जो कि एक सराहनीय पहल है।

दरअसल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के फेज 5 के तहत ही इस किलकारी हाउस का शुभारंभ पूरे प्रदेश भर में किया गया है इससे महिला पुलिसकर्मियों के साथ साथ जिन पुलिस कर्मियों के बच्चे छोटे हैं उनकी देखभाल खुद पुलिस और उनके लोग ही करेगे जहां पर बच्चों के लिए खिलौने पढ़ाई खाने-पीने की व्यवस्थाएं की गई है।

इस संबंध में डीसीपी अंकिता शर्मा ने बताया कि कानपुर में महिला थाना के अंतर्गत यह पहला किलकारी हाउस का शुभारंभ पुलिस कमिश्नर महोदय द्वारा किया गया है जहां पर 1 साल से 5 साल तक के बच्चे रह सकते हैं ऐसे में जो महिला पुलिसकर्मी है जो कि पुरुष पुलिसकर्मी के बराबर ही कार्य करती हैं उनको यह चिंता बनी रहती है कि उनके बच्चे घर में कैसे रहेंगे इसको ध्यान में रखते हुए इस किलकारी हाउस में बच्चे किलकारी लेते हुए आनंद उठाएंगे और उनकी जिम्मेदारी भी पूरी तरीके से निभाई जाएगी।

# जुलूस-ए-गौसिया में युवकों में हुई मारपीट

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



रावतपुर थानाक्षेत्र में मंगलवार को निकाले जा रहे जुलूस-ए-गौसिया के जुलूस में बिरयानी को लेकर दो युवकों में मारपीट हो गई। बुजुर्गों ने बीच बचाव कर झगड़े को खत्म कराया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया। जुलूस सैयदनगर रामलला से बकरमंडी होता हुआ शारदानगर पहुंचा। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने पंडाल लगाकर उसका स्वागत किया और खाने पीने की चीजें बांटी।

जुलूस जब शारदानगर पहुंचा तो एक जगह बिरयानी बंट रही थी। गाड़ियों का काफिला रुक गया तो लोडर बढ़ाने को लेकर दो तीन युवकों में आपस में कहासुनी हो गई। कुछ देर बाद कहासुनी मारपीट में बदल गई। मामला बढ़ा तो साथ चल रहे अधिकारियों ने बड़े बुजुर्गों को बीच में डालकर मामले को शांत कराकर जुलूस को आगे बढ़ाया।

इसके बाद लोगों ने गाली गलौज करने वाले युवकों को पीट दिया। एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय ने बताया कि जुलूस में बिरयानी को लेकर युवकों के दो गुटों में मारपीट हो गई थी।

वहां मौजूद पुलिस फोर्स ने तुरंत दोनों गुटों को अलग-अलग कराकर मामला शांत कराया। अभी तक किसी की ओर से तहरीर नहीं मिली है।

# भाव भंगिमा से सीता हरण के दृश्य को दर्शाया तो तालियों से गूंज उठा हॉल

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कथक के जरिए रामायण के सीता हरण का दृश्य चेहरे की भाव भंगिमा से दर्शाया तो पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मौका था कानपुर संगीतज्ञ परिवार की ओर से मोतीझील स्थित लाजपत भवन में आयोजित शास्त्रीय संगीत का, जहां कथक नर्तक विशाल कृष्ण मिश्रा ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत पं बलवंत भाऊ शास्त्री पटवर्धन ने सामवेद मंगलाचरण से की। गोल्डन गर्ल स्नेहा चौरसिया की स्मृति में आयोजित स्नेहामृत समारोह में बांसुरी वादक पद्मविभूषण पं हरिप्रसाद चौरसिया मुख्य अतिथि रहे। पं शंकर लाल भट्ट को सभी ने श्रद्धांजलि दी और उनके द्वारा रचित सरस्वती वंदना को दीपिका शुक्ला ने अपना स्वरों से सजाया, तबले पर हरीश झा और वॉयलिन पर संगत देवानंद पाठक ने की। इसके बाद कलाकारों ने सरोद वादन, तबला और कथक की प्रस्तुतियां दीं। मुंबई से आए सरोद वादक प्रतीक श्रीवास्तव ने अपने सुमधुर सरोद वादन से दर्शकों का मन मोह लिया। उन्होंने रागेश्री बजाया और तबले पर संगत पं हरीश कुमार झा ने की, इसमें मसीत खानीगत, रजा खानीगत राग बजाया। मनमोहक धुन पर श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। दूसरी प्रस्तुति कथक नर्तक विशाल कृष्ण मिश्रा ने शंकर महादेव देव...पर शिव स्तुति कर दी। उसके बाद तीन ताल पर निबद्ध, जिसके अंतर्गत तिहाइयां, तोड़, परण की पारंपरिक कथक में प्रस्तुति दी तो हर कोई वाह, वाह कह उठा । विशाल ने रामायण के दो प्रसंग सीता हरण और जटायु मोक्षम का प्रस्तुतिकरण भाव भंगिमा के जरिए दिया, जिसमें सीता और रावण के अलग अलग भंगिमाओं को चेहरे पर प्रदर्शित किया तो लोग एकटक देखते रहे। इस मौके पर संयोजक अमित शंकर भट्ट, अनुज कुमार, किशन चौरसिया बउआ, अनिल चौरसिया, गोविंद चौरसिया, शिशिर चौरसिया, आशीष गुप्ता आदि मौजूद रहे। बांसुरीवादक हरिप्रसाद चौरसिया का स्वागत फूलों से किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि, यहां इतने सारे कलाप्रेमियों को देखकर मुझे लगता है कि, मैं कानपुर में पैदा क्यों नहीं हुआ। यहां की कला का भी मैं सम्मान करता हूं और कलाकारों व कलाप्रेमियों से ये गुजारिश करता हूं कि वे इसी परंपरा को आगे बढ़ाएं। ताकि आगे आने वाली पीढ़ी कला के महत्व को समझ सके।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय


### जिद और जुनून से बदलती है दुनिया

**प्रधानमंत्री मोदी प्रणीत पीएम गति शक्ति योजना इनसे भी अधिक प्रभावशाली है। भारतीय रिजर्व बैंक और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी के अध्ययन के अनुसार, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए खर्च किए गए हर एक रुपये से जीडीपी को ढाई से साढ़े तीन रुपये का फायदा पहुंचता है। मंदी के वक्त में यह बढ़ोतरी और ज्यादा असरदार होती है। अगर राष्ट्र में सड़कों, रेल लाइनों, हवाई अड्डों, बंदरगाहों, जल मार्गों का जाल बिछेगा तो सभी तरह के माल की ढुलाई की गति में तेजी आएगी। इससे लागत में कमी आएगी और महंगाई पर नियंत्रण पाने में मदद मिलेगी।**

*बहुत बार कहा जाता है कि जिद, जज्बा और जुनून से दुनिया बदली जा सकती है। यह न तो मुहावरा है, न ही इसे लोकोक्ति कहा जा सकता है। मगर इन तीन शब्द का संकल्प जिसने भी लिया, समझो उसने आधी सफलता तो पहले ही प्राप्त कर ली। ...और आधी पर तो कार्यान्वियन के साथ जीत मिलनी तो तय है। ऐसा ही कुछ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में कहा जा सकता है। उनके फैसलों पर ऐसी ही दृढ़ इच्छाशक्ति झलकती है। वो अपने फैसलों पर चट्टान की तरह खड़े होते हैं। तारीख-15 अगस्त, 2021। स्थान-लाल किले की प्राचीर। इसी प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम गति शक्ति योजना की घोषणा की। तब किसी ने भी नहीं सोचा होगा कि यह योजना भारत के लोगों के जीवन को आसान करने में सहायक होगी। इस योजना के तीन साल 13 अक्टूबर को पूरे हुए हैं। बड़ी सूचना है कि पीएम गतिशक्ति योजना के तहत 208 प्रोजेक्ट्स के मंजूरी की सिफारिश हुई है। इनपर 15.39 लाख करोड़ रुपये खर्च होने हैं। यह सड़क और रेलवे समेत अलग-अलग मंत्रालयों के प्रोजेक्ट्स हैं। इन सभी की सिफारिश नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप ने की है। इस ग्रुप ने पीएम गतिशक्ति योजना की घोषणा के बाद आकार लिया। इंडस्ट्रियल और इंटर्नल ट्रेड प्रोमोशन विभाग के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा कि 208 प्रोजेक्ट्स को इस पहल के दायरे में शामिल करने के लिए प्रस्तावित किया गया है। वह कहते हैं कि पीएम गतिशक्ति योजना के तहत इंफ्रा प्रोजेक्ट्स को शामिल करने के कई तरह के फायदे होते हैं। इन प्रोजेक्ट्स की समय सीमा से लेकर प्लानिंग खर्च में भी कटौती होती है। इस सिफारिश में सबसे ज्यादा प्रोजेक्ट्स सड़क (101), रेलवे (73), शहरी विकास (12) और चार ऑयल और गैस मंत्रालय के हैं। यहां यह जानना बेहद अहम है कि केंद्र सरकार ने लॉजिस्टिक्स खर्च कम करने और इंटीग्रेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने कि लिए इस पहल को अक्टूबर 2021 में लॉन्च किया। इस तीन साल की यात्रा में यह पहल मील का पत्थर साबित हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम गतिशक्ति के तीन वर्ष पूर्ण होने पर 13 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम के अनुभूति केंद्र का दौरा किया। उन्होंने कहा कि पीएम गतिशक्ति ने भारत की अवसंरचना विकास यात्रा को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, %%आज, जब गतिशक्ति ने तीन वर्ष पूरे कर लिए हैं तो मैं भारत मंडपम गया और अनुभूति केंद्र का दौरा किया, जहां मैंने इस पहल की परिवर्तनकारी शक्ति का अनुभव किया। पीएम गतिशक्ति ने भारत की बुनियादी ढांचे के विकास की यात्रा को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी का शानदार उपयोग किया जा रहा है कि परियोजनाएं समय पर पूरी हों और किसी भी संभावित चुनौती को कम किया जा सके। इसमें कोई दोराय नहीं कि गति ही जीवन है। प्राचीन अवधारणा है-चरैवेतिज चरैवेति। ऐतरेय ब्राह्मण उपनिषद में इसका उल्लेख है। यह जीवन का मूलमंत्र है। उपनिषद में यह मूलमंत्र देवताओं के राजा इंद्र ने अपने बेटे रोहित को दिया है। प्रधानमंत्री मोदी का आध्यात्मिक पक्ष बेहद सुदृढ़ है। बहुत हद तक संभव है कि इसी महामंत्र के अनुष्ठान से पीएम गति शक्ति का विचार उनके मन में आया हो। बहरहाल चाहे जो भी, यह योजना बेमिसाल है। इसके छह स्तंभ हैं- व्यापकता, प्राथमिकता निर्धारण, अनुकूलन, तालमेल, विश्लेषण और गतिशीलता। इसमें केंद्रीकृत पोर्टल के साथ विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की सभी मौजूदा और नियोजित पहल शामिल होती हैं। इससे असरदार क्रियान्वयन में मदद मिलती है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**कई शक्तियां निहित स्वार्थों और भेदों को उभार कर समाज में परस्पर अविश्वास, तंत्र के प्रति अनास्था और अराजकता पैदा करने हेतु नए-नए षड्यंत्र रच रही हैं। हमें इन सबके प्रति जागरूक रहते हुए उनके मंतव्यों को भी विफल करना होगा। यह अमृतकाल भारत को वैश्विक नेतृत्व प्राप्त कराने के लिए सामूहिक उद्यम करने का अवसर प्रदान कर रहा है। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा प्रबुद्ध वर्ग सहित सम्पूर्ण समाज का आह्वान करती है कि भारतीय चिंतन के प्रकाश में सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक, लोकतांत्रिक, न्यायिक संस्थाओं सहित समाजजीवन के सभी क्षेत्रों में कालसुसंगत रचनाएं विकसित करने के इस कार्य में संपूर्ण शक्ति से सहभागी बने।**



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

# शताब्दी वर्ष के विविध आयाम

**राष्ट्र के नवोत्थान के लिए हमें परिवार संस्था का दृढ़ीकरण, बंधुता पर आधारित समरस समाज का निर्माण तथा स्वदेशी भाव के साथ उद्यमिता का विकास आदि उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए विशेष प्रयास करने होंगे। इस दृष्टि से समाज के सभी घटकों, विशेषकर युवा वर्ग को समन्वित प्रयास करने की आवश्यकता रहेगी।**

सौ वर्ष पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना सकारात्मक भाव भूमि पर हुई थी। इसमें नकारात्मक चिंतन के लिए कोई जगह नहीं है। हिन्दू समाज को संगठित करने का ध्येय था। संघ की संरचना में शाखाएं सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती हैं। यहीं से सामाजिक संगठन और निःस्वार्थ सेवा का संस्कार मिलता है। इसमें मातृभूमि की प्रार्थना की जाती है-नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमि। यह भाव राष्ट्र को सर्वोच्च मानने की प्रेरणा देता है। समाज के प्रति सकारात्मक विचार जागृत होता है। स्वयंसेवकों के समाज सेवा कार्य इसी भावना से संचालित होते हैं। पहले से संचालित सामाजिक समरसता अभियान को तेज किया जाएगा। समाज में छुआछूत और भेदभाव को दूर करने के लिए कार्यकर्ताओं को और सजग किया जाएगा। इसके साथ ही वह पारिवारिक मूल्यों के लिए और कुटुम्ब प्रबोधन के कार्यक्रमों को गति दी जाएगी। साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य संचालित होगा। लोक जागरण को वरीयता दी जाएगी। सामाजिक जीवन मूल्यों के प्रति लोगों को जागृत किया जाएगा। संघ राजनीतिक क्षेत्र में काम नहीं करता है। संघ के साथ किसी की कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। शाखा के इतर संघ के सभी आयामों में महिलाओं की प्रमुख भूमिका रहती है। शाखा संघ का एक बड़ा आयाम है। इसमें स्वयंसेवक सुबह या शाम के समय संघ स्थान पर जाते हैं। बाकी संघ के सभी प्रकार के कार्यक्रमों जैसे प्रचार विभाग, कुटुम्ब प्रबोधन हो, सेवा हो या अन्य प्रकार के कार्यक्रमों के नीति निर्माताओं व नीति निर्धारण करने वालों में महिलाओं की प्रमुख भूमिका रहती है। जहां भी शाखाएं लगती हैं वहां तीन माह में एक बार पूरे परिवार के साथ सहभोज, सांस्कृतिक कार्यक्रम और चर्चा आदि आयोजित किए जाते हैं। इसमें परिवार के सभी सदस्य सम्मिलित होते हैं। ऐसा करके एक प्रकार से संघ ने पूरे परिवार को साथ में जोड़ने का एक और नया आयाम दिया है। संवाद के माध्यम से सभी को संघ एकजुट करना चाहता है। संघ के नेता मुस्लिम बुद्धिजीवियों और उनके आध्यात्मिक नेताओं से उनके आमंत्रण पर ही मिल रहे हैं। मुस्लिम, इसाई अथवा विदेश से आने वाले प्रतिनिधिमंडल यदि वे संघ को समझने और उससे संवाद कायम करना चाहते हैं तो ऐसे



**संघर्षकाल में विदेशी शासन से मुक्ति हेतु जिस प्रकार त्याग और बलिदान की आवश्यकता थी, उसी प्रकार वर्तमान समय में उपर्युक्त लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए नागरिक कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्ध तथा औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त समाजजीवन भी खड़ा करना होगा।**

सभी लोगों का संघ स्वागत करेगा। लेकिन राष्ट्र विघातक शक्तियों के विरुद्ध समाज को सजग करना अपरिहार्य होता है। भाषा,जाति या अन्य प्रकार के भेदों को दूर करते हुए संघ के कार्यकर्ता समाज को एकजुट करने का काम करते हैं। कुछ राजनीतिक शक्तियां अपने स्वार्थ के लिए समय-समय पर भाषा-जाति व अन्य प्रकार का विघ्न पैदा करते हैं। लेकिन समाज बहुत जागृत है। ऐसे लोग कभी सफल नहीं होंगे। भारत और समाज को तोड़ने वाली शक्तियां परास्त होंगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसी लक्ष्य को लेकर समाज को एकजुट करने का कार्य करता रहेगा। विश्व कल्याण के उदात्त लक्ष्य को मूर्तरूप प्रदान करने हेतु भारत के 'स्व' की सुदीर्घ यात्रा हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रही है। विदेशी आक्रमणों तथा संघर्ष के काल में भारतीय जनजीवन अस्त-व्यस्त हुआ तथा सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक व धार्मिक व्यवस्थाओं को गहरी चोट पहुंची। इस कालखंड में पूज्य संतों व महापुरुषों के नेतृत्व में संपूर्ण समाज ने सतत संघर्षरत रहते हुए अपने 'स्व' को बचाए रखा। इस संग्राम की प्रेरणा स्वधर्म, स्वदेशी और स्वराज की 'स्व' त्रयी में निहित थी, जिसमें समस्त समाज की सहभागिता रही। स्वाधीनता के अमृत महोत्सव के पावन अवसर पर सम्पूर्ण राष्ट्र ने इस संघर्ष में योगदान देने वाले जननायकों, स्वतंत्रता सेनानियों तथा मनीषियों का कृतज्ञतापूर्वक स्मरण किया है। स्वाधीनता प्राप्ति के उपरांत हमने अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की हैं। आज भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनकर उभर रही है। भारत के सनातन मूल्यों के आधार पर होने वाले नवोत्थान को विश्व स्वीकार कर रहा है। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की अवधारणा के आधार पर विश्व शांति, विश्व बंधुत्व और मानव कल्याण के लिए भारत अपनी भूमिका निभाने के लिए अग्रसर है। सुसंगठित, विजयशाली व समृद्ध राष्ट्र बनाने की प्रक्रिया में समाज के सभी वर्गों के लिए मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति, सर्वांगीण विकास के अवसर, तकनीक का विवेकपूर्ण उपयोग एवं पर्यावरणपूरक विकास सहित आधुनिकीकरण की भारतीय संकल्पना के आधार पर नए प्रतिमान खड़े करने जैसी चुनौतियों से पार पाना होगा। राष्ट्र के नवोत्थान के लिए हमें परिवार संस्था का दृढ़ीकरण, बंधुता पर आधारित समरस समाज का निर्माण तथा स्वदेशी भाव के साथ उद्यमिता का विकास आदि उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए विशेष प्रयास करने होंगे। इस दृष्टि से समाज के सभी घटकों, विशेषकर युवा वर्ग को समन्वित प्रयास करने की आवश्यकता रहेगी। संघर्षकाल में विदेशी शासन से मुक्ति हेतु जिस प्रकार त्याग और बलिदान की आवश्यकता थी, उसी प्रकार वर्तमान समय में उपर्युक्त लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए नागरिक कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्ध तथा औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त समाजजीवन भी खड़ा करना होगा। इस परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री द्वारा स्वाधीनता दिवस पर दिये गए 'पंच-प्रण' का आह्वान भी महत्वपूर्ण है। जहां अनेक देश भारत की ओर सम्मान और सद्भाव रखते हैं, वहीं भारत के 'स्व' आधारित इस पुनरुत्थान को विश्व की कुछ शक्तियां स्वीकार नहीं कर पा रही हैं।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्दशी 20:39 तक |
| नक्षत्रः | उत्तरभाद्रपदा 19:07 |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | बुधवार |
| योगः | ध्रुव, 10:04 |
| सूर्योदयः | 06:26 |
| सूर्यास्तः | 17:46 |
| चंद्रमाः | मीन राशि में |
| राहुकालः | 12:06-13:31 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | आश्विन |
| शुभ मुहूर्तः | नहीं है |

## जन एक्सप्रेस

**काण्ड भी तमाम !**

*जैसी करनी वैसी भरनी ।*
*खाए खूब मलाई ।।*
*पर आए थे करने ।*
*जनता की भलाई ।।*
*तय मिलना परिणाम ।*
*पेश किया जो काम ।।*
*सत्य है पर लेकिन ।*
*काण्ड भी तमाम ।।*
*एक एक कर चीजें ।*
*बाहर आने वाली ।।*
*हो रहा कुछ सूखा ।*
*थी पहले हरियाली ।।*
*होना था प्रहार ये ।*
*आज नहीं तो कल ।।*
*फंस गई है गाड़ी ।*
*लगता मुश्किल हल ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*बढे जब-जब मोहब्बत में फ़ासले*
*जमाने ने देखे हैं कितने जलजले।*
*ए साक़ी कहीं चैन मिलता नहीं*
*कहां जाएं मय-ख़ाने से दिलजले।*
*चलते रहो मोहब्बत की राहों में*
*कदम कदम पर है बड़े मरहले।*

*ना बारिश,न साकी,न पैमाना,ना सुराही*
*कोई यहां तो आए सारे मंजर बदले।*
*तुम सुनो ना सुनो फिर भी उसने*
*पुकारा है तुम्हें हर जख्म के बदले।*
*कत्ल हुआ तेरी गली में मेरा संजीव*
*ना इरादे बदले ना तेरे खंजर बदले।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान


***जीवन में अगर ये समज गये की क्या याद रखना है और क्या भूलना तो आप बहुत आगे निकल गये हो***

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# त्योहार में ज्यादा मीठा खाने से हो सकता है दांत में दर्द

**विजयादशमी** के बाद अब लोग दीपावली का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बीते एक माह से लगातार तीज-त्योहार लगे हुए हैं। तीज-त्योहार पर मीठे पकवाना खाना और बनाना हमारी संस्कृति का हिस्सा है। मिठाई न केवल खुशी और उत्सव का प्रतीक होती है, बल्कि यह परंपराओं और रीति-रिवाजों का भी महत्वपूर्ण अंग है। त्योहार पर परिवार और दोस्तों के बीच मिठाई बांटने और साथ खाने का रिवाज है। इस वजह से, त्योहारों के दौरान लोगों को ज्यादा मीठा खाने का मौका मिलता है क्योंकि मिठाई आसानी से उपलब्ध होती है। हालांकि, ज्यादा मीठा खाने से दांतों पर बुरा असर पड़ता है। शुगर बैक्टीरिया को बढ़ने का मौका देती है, जो एसिड बनाकर दांतों की बाहरी परत को कमजोर करता है। इससे कैविटी, दांतों में दर्द और अन्य ओरल हेल्थ से जुड़ी समस्याएं पैदा होती हैं। ज्यादा मीठा खाने से मसूड़ों में सूजन, दांतों का पीलापन और मुंह की बदबू जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। इस लेख में हम जानेंगे कि त्योहारों पर ज्यादा मीठा खाने से दांतों में होने वाले दर्द से आप कसि तरह से बच सकते हैं।

**मीठा खाने के बाद कुल्ला करें:** जब भी आप मिठाई खाएं, तो तुरंत बाद मुंह को अच्छी तरह पानी से धो लें। इससे आपके दांतों पर शुगर जमा नहीं होगी



और बैक्टीरिया की ग्रोथ को रोका जा सकेगा। अगर संभव हो तो नमक के पानी से कुल्ला करना बेहतर होता है, क्योंकि यह प्राकृतिक रूप से कीटाणु को खत्म करने में मदद करता है।

**फ्लॉस का इस्तेमाल करें:** मिठाइयां दांतों के बीच में फंस जाती हैं और वहां से शुगर को पूरी तरह हटाना मुश्किल होता है। फ्लॉस का उपयोग कर आप दांतों के बीच से शुगर को निकाल सकते हैं, जो कैविटी और प्लाक बनने से बचाता है।

**चीनी के सेवन में संयम बरतें:** त्योहारों में मिठाई का ज्यादा सेवन करना वैसे, तो आम बात है, लेकिन आप इसे कंट्रोल कर सकते हैं। शुगर की ज्यादा मात्रा दांतों के इनेमल को कमजोर बनाती है, जिससे कैविटी का खतरा बढ़ जाता है। कोशिश करें कि मिठाई छोटे हिस्सों में खाएं और प्राकृतिक शुगर वाली मिठाइयों को प्राथमिकता दें, जैसे फलों से बने मिठाई या गुड़ से बनी मिठाइयां। इससे शुगर का स्तर भी कंट्रोल रहेगा और दांतों को कम नुकसान होगा।

**माउथवॉश का इस्तेमाल करें:** त्योहारों के दौरान, मीठा खाने के बाद माउथवॉश का इस्तेमाल करना एक अच्छा तरीका है। माउथवॉश न केवल दांतों की सतह को साफ करता है, बल्कि बैक्टीरिया और प्लाक को भी हटाता है। अगर आप ब्रश नहीं कर पा रहे हैं तो एंटीबैक्टीरियल माउथवॉश का इस्तेमाल जरूर करें, ताकि दांतों में जमा बैक्टीरिया और शुगर को हटा सकें। इससे दांतों की सुरक्षा बढ़ती है और दर्द या कैविटी की समस्या कम होती है।

**डेंटल चेकअप कराएं:** त्योहारों के मौसम में मिठाइयां खाना स्वाभाविक है, लेकिन दांतों को स्वस्थ रखने के लिए आपको डेंटिस्ट से नियमित रूप से चेकअप कराना चाहिए। वे आपकी दंत समस्याओं की प्रारंभिक स्थिति में पहचान कर सकते हैं और सही उपचार की सलाह दे सकते हैं। इन सरल उपायों से आप अपने दांतों को मिठाई से होने वाले नुकसान से बचा सकते हैं और त्योहार का आनंद बिना किसी दर्द या परेशानी के ले सकते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष



डॉ. सत्यवान सौरभ

# लाइक-कमेंट के चाह में मंडराती मौत की रील

**खासकर 16 से 40 वर्ष के युवा वर्ग में ये क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर लोकप्रिय होने या अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के जुनून में लोग इतने खो जाते हैं कि कुछ अलग हटकर दिखाने के चक्कर में खुद के साथ-साथ कई बार दूसरों तक की जान से खिलवाड़ कर डालते हैं।**


**बच्चे अपने माता-पिता की बात नहीं मानते हैं। जो उम्र पढ़ने की होती है उसमें रील बना रहे हैं। रिस्क भी ज्यादा लेते हैं। ऐसे बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों की भी काउंसिलिंग की जरूरत है। युवाओं के साथ-साथ अब छोटे बच्चों में भी मोबाइल पर रील्स बनाने की आदत होने लगी है। बच्चे घर पर अकेले रहते हैं। सोशल मीडिया का अट्रैक्शन है। सबको अच्छा लगता है कि उन्हें लोग पसंद करे।**

**आज** का युवा रील लाइफ में जी रहा है। एक असल दुनिया है और एक आभासी दुनिया। युवा इस आभासी दुनिया यानी रील पर अधिक लाइक्स के चक्कर में खुद को जोखिम में डाल रहे हैं। भारत में टिकटॉक पर बैन लगने के बाद रील्स और मीस बनाने का चलन सामने आया। इसके बाद लोग इंस्टाग्राम पर वीडियो डालने लगे। रील्स में इंफॉर्मेशनल, फनी, मोटिवेशनल और डांस समेत कई तरह के वीडियो होते हैं। रील्स एक तरह का इंस्टाग्राम पर शॉर्ट वीडियो होता है। शुरुआत में यह रील्स 30 सेकंड का होता था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 90 सेकंड का कर दिया है। रील बनाने का युवाओं के बीच ऐसा क्रेज आजकल है कि वह कहीं भी रील बनाने लग जाते हैं। कई बार इस रीलबाजी के चक्कर में लोग अपना ही नुकसान भी करा बैठते हैं। सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने के शगल के कारण युवा लाइफ में रील बनाने का क्रेज बढ़ता जा रहा है। कब यह शौक सनक की हद तक पहुंच जाता है, पता ही नहीं चलता। नियमों को ताक पर रखकर रील बनाने के जुनून में जान तक गंवा देते हैं। शहरों में ही युवाओं को फेसबुक से लेकर इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक, फ्लाई ओवर पर, चलती रेल में कोच के डिब्बे के बीच खड़े होकर या बाइक चलाते हुए रील बनाते देखा जा सकता है। कई युवा रील को रोचक बनाने के चक्कर में पानी के बीच उतर रहे हैं तो कई युवा टूटी दीवारों पर चढ़कर रील बना रहे हैं। वैसे तो रील्स बनाने का खुमार हर वर्ग के लोगों को है, लेकिन इसमें खासकर 16 से 40 वर्ष के युवा वर्ग में ये क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर लोकप्रिय होने या अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के जुनून में लोग इतने खो जाते हैं कि कुछ अलग हटकर दिखाने के चक्कर में खुद के साथ-साथ कई बार दूसरों तक की जान से खिलवाड़ कर डालते हैं। लोकप्रियता हासिल करने के लिए कभी कोई रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के सामने पहुंच जाता है तो कभी कोई बहुमंजिला इमारत पर खड़े होकर वीडियो बनाता है। कभी वाहन चलाते समय स्टंटबाजी, कभी सड़कों व चौक-चौराहों पर डांस, स्टंट करना और बांध पर खड़े होकर रील्स बनाना। कभी-किसी पहाड़ पर खड़े होकर अजीब हरकतें करना। कहीं झरनों व जलाशयों के बीचोंबीच जाकर पानी में बेपरवाह मस्ती करते हुए रील्स बनाना। कभी रेलवे ट्रैक पर जाकर या प्लेटफार्म या चलती ट्रेन में दरवाजे पर खड़े होकर रील्स बनाना। रील लाइफ की तुलना से युवाओं का आत्मसम्मान प्रभावित हो रहा है। सोशल मीडिया की दुनिया में परफेक्ट दिखने की होड़ में जब उनकी पोस्ट को वांछित प्रतिक्रिया नहीं मिलती, तो वे निराश हो जाते हैं। इसका सीधा असर उनकी मानसिक स्थिति पर पड़ता है, जिससे वे और अधिक सोशल मीडिया पर सक्रिय हो जाते हैं और इस चक्रव्यूह से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि इस समस्या से निपटने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों को मिलकर युवाओं को वास्तविक जीवन के महत्व का अहसास कराना चाहिए। वैसे तो बहुत से विषय हैं रील बनाने के, यदि किसी में टेलेंट है तो जान को जोखिम में डालने वाली रील बनाने की बजाय मोटिवेशनल, संगीत, नृत्य, तकनीकी ज्ञान, सेहत से जुड़ी टिप्स, धर्म, विज्ञान, फिटनेस, हास्य-व्यंग्य, खान-पान सहित सैकड़ों विषयों पर रील बनाकर ख्याति अर्जित की जा सकती है। रील्स देखने के कारण बच्चे वर्चुअल ऑटिज्म के शिकार हो रहे हैं, उन्हें मोबाइल से दूर रखें। बच्चों के सामने कम से कम मोबाइल का इस्तेमाल करें। बच्चों को वक्त दें, उनसे पारिवारिक बातें करें। सोशल मीडिया के चलते बच्चों और युवाओं में सामाजिक दिखावे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। युवा फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए एक-दूसरे की देखादेखी कर रहे हैं। उन्हें नहीं पता होता कि इसका नतीजा क्या होगा। उन्हें वास्तविकता का पता नहीं है। बच्चे अपने माता-पिता की बात नहीं मानते हैं। जो उम्र पढ़ने की होती है उसमें रील बना रहे हैं। रिस्क भी ज्यादा लेते हैं। ऐसे बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों की भी काउंसिलिंग की जरूरत है। युवाओं के साथ-साथ अब छोटे बच्चों में भी मोबाइल पर रील्स बनाने की आदत होने लगी है। बच्चे घर पर अकेले रहते हैं। सोशल मीडिया का अट्रैक्शन है। सबको अच्छा लगता है कि उन्हें लोग पसंद करे, तारीफ करें। इससे बचने का यही उपाय है कि बच्चों को मोबाइल फोन का प्रयोग कम करने दे। मोबाइल देखते समय बड़े उनके साथ ही रहें, जिससे वह कुछ गलत न कर सके।

# खबर डिलीट करो वरना तुमको डिलीट कर दूंगा?

■ पत्रकार को जाने से मारने की धमकी पत्रकार ने दी तहरीर

जन एक्सप्रेस | सुनहरा





**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में पीड़ित रामू शंकर पाण्डेय उर्फ रवि पुत्र राम खेलावन पाण्डेय निवासी मोहल्ला गोविन्द नगर सलेमपुर कोन जेल चौकी कोतवाली सदर जिला लखीमपुर खीरी का मूल निवासी है।पीड़ित पत्रकारिता लगभग 10 वर्षो से करता आ रहा है पीड़ित ने व्हाटसप पर अपना ग्रुप बना रखा है जिस पर खबर डालता है। करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष लखीमपुर आगमन की खबर डाली जिस खबर को देख कर इन्द्रेश वर्मा निवासी लालपुर कोतवाली सदर जिला खीरी (जो अवैध खनन करता है) जिसने पीड़ित पत्रकार पर अपने मोबाइल 7704088281 से पीड़ित पत्रकार के मोबाइल नम्बर 991990022 पर रात लगभग 10 बजे काल की 11 अक्टूबर को इन्द्रेश वर्मा मां बहन की गालियां देना शुरू कर दिया कहा खबर डिलीट कर दो वरना तुम डिलीट हो जाओगे कहा तुम्हारे बीबी बच्चे भी सब खत्म कर देंगे। जिसकी रिकार्डिंग शोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही वायरल रिकॉर्डिंग में इंद्रेश वर्मा द्वारा पत्रकार से कहां जा रहा है कि पत्रकारिता मेरे हिसाब से करो वरना लखीमपुर में पत्रकारिता नहीं कर पाओगे पत्रकार ने अपनी सभ्यता का सुबूत देते हुए कहा बड़े भाई और तरह-तरह से सम्मान दिया उसके अतिरिक्त इंद्रेश वर्मा के अपमान भरें बोल किसी शातिर अपराधी से कम नहीं थे। लग रहा था कि वर्तमान टाइम अगर पीड़ित पत्रकार इंद्रेश वर्मा के नजरों के सामने पड़ जाए तो कोई भी बड़ी वारदात कर सकता है जातिवाद इस तरीके से हावी हो गया है कि हर मामले में जातिवाद की गणित खेली जाती है और लोगों को शिकार बनाया जाता है।पत्रकारों को धमकी देना पत्रकारों को अपने आक्रोश दिखाकर अपमानित करना पत्रकारों को न जाने क्या समझते हैं।इस तरह के लोग हम पत्रकार हैं हमें खबर मिलेगी हम खबर छापेंगे हम खबर लगाएंगे हम अपडेट चलाएंगे किसी से मुझे परमिशन लेने की जरूरत नहीं है।

अगर परमिशन लेना पड़े तो हम पत्रकार काहे के हमें पत्रकारिता छोड़कर इंद्रेश वर्मा जैसे दबंग लोगों की चाटुकारिता करना पड़ेगा।

अगर ऐसा करना पड़ेगा तो पत्रकारिता का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। हम ना झुकेंगे हम ना रुकेंगे हम ना डरेंगे हम पत्रकार हैं कलमकार है न झुकेंगे भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध आवाज बुलंद है उसे और बुलंद करेंगे कलम के दंमपर जमकर खबर लिखेंगे और ऐसे धमकाने वाले लोग हमारी कलम के आगे जब तक नतमस्तक नहीं हो जाते तब तक हम झुकने वाले नहीं।

## फाइनेंस गाड़ी का सेटलमेंट करने के नाम पर दबंग कर रहा है पीड़ित को प्रताड़ित

■ पीड़ित की चौकी जेल गेट मामला पहुंचा विपक्षी की चौकी एल आर पी चौकी में विपक्षी अपने हिसाब से मामले को कर रहा सेट

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी



लगातार खबरे प्रकाशित होने के बाद भी पुलिस के उच्च अधिकारी नहीं ले रहे संज्ञान पीड़ित न्याय के लिए दर दर भटकने को मजबूर बताते चलें पीड़ित को गाड़ी खरीदना इतना भारी पड़ गया की गाड़ी उसके जी का जंजाल बन गई। सेटलमेंट के नाम पर खटारा स्कूटी देखकर दबंग ने अपाचे गाड़ी अपने पास रख ली पीड़ित ने जब काम न होने पर बात की तो दबंग आमादा फौजदारी हो गया पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में अमर सिंह उर्फ लालू ग्राम सुआगाड़ा जेल चौकी कोतवाली सदर ने बताया घटना दिनांक 16.06.2022 अपाचे सतगुरु महेवागंज लखीमपुर खीरी से फाइनेंस पर 70 हजार रुपए देकर लिया था।जिसका नम्बर यूपी 31 बीडब्लू 9445 है। पीड़ित उसके बाद 6 माह तक गाड़ी की किस्त जामा न होने के कारण उसके उक्त गाड़ी का सेटलमेंट कम रूपए में कराने के लिए सर्वेश वर्मा पुत्र रामबाबू मोहल्ला बरखेरवा चौकी एलआरपी कोतवाली सदर लखीमपुर-खीरी मोबाइल नंबर 7800008080 ने गाड़ी लेली है। उसके बदले में एक खटारा स्कूटी दी फाइनेंस वाले पीड़ित को आए दिन तंग कर रहे हैं कि फाइनेंस की किस्त दो लेकिन सर्वेश वर्मा ना अपनी पुरानी स्कूटी ले रहा है। ना गाड़ी दे रहा है।ना रुपए दे रहा है और ज्यादा करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है।कर्ज के बोझ में फंसा पीड़ित आत्महत्या के लिए मजबूर है।अगर समय रहते हुए सर्वेश वर्मा के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो फाइनेंस कंपनी के बोझ तले पीड़ित दबकर आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो जाएगा।जिसको लेकर पीड़ित का पूरा परिवार काफी दुखी है क्योंकि दबंग काफी शातिर व सर्कस किस्म का आदमी है।और राजनीतिक रसूक वाले हैं पीड़ित को भय था पुलिस मामले को मोड़ सकती है। मामले को पुलिस ने मोड़ कर विपक्षी को राहत पहुंचाई है। विपक्षी काफी शातिर किस्म का ब्यक्ति है जिसपर कई अपराधिक मुकदमे है।11 दिन हो गए हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई पीड़ित के पास एल आर पी चौकी से फोन आया जबकि एल आर पी चौकी विपक्षी की चौकी है।जबकि पीड़ित की चौकी जेल गेट है विपक्षी ने अपने को बचाने के लिए एल आर पी चौकी से आई जी आर एस लगवा तथा जीडी नंबर 126/135 बीएनएस की कार्रवाई कर दी अब मामले में नया मोड़ आ गया है लेनदेन गाड़ी की तो बात दूर पीड़ित अपनी जान बचाएं बचाएं भागा फिर रहा है पीड़ित को भय है कि विपक्षी उसके घर पर पहुंच कर तांडव मचा सकते हैं पूरा परिवार दहशत में है अगर समय रहते ही पीड़ित को न्याय नहीं मिला तो कोई भी बहुत बड़ी वारदात घट सकती है इसके जिम्मेदार पुलिस प्रशासन होगा।

## एक महीने बाद खीरी पुलिस को आखिरकार हत्या का मुक़दमा लिखना ही पड़ा

■ हत्यारों को बचाने का प्रयास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हंटर चलने के बाद रुका

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी



आखिर कार सुबूतो से छेड़छाड़ के बाद थाना खीरी पुलिस ने एक माह बाद मृतक सोनू गौड़ की हत्या की रिपोर्ट दर्ज की।इस बीच बेटे सोनू की मां पुलिस अधीक्षक,जिलाधिकारी से लेकर थाने तक गिड़गिड़ाती रही, परन्तु थाना खीरी पुलिस हत्यारोपियों को बचाती रही। खीरी पुलिस प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हंटर चलने के बाद मु.अ.स.436 अपराध धारा 103(1) हत्या जैसे गम्भीर आरोप में पंजीकृत हुआ है। मृतका की मां गायत्री देवी ने बताया कि मेरा बेटा सोनू अंग्रेजी में एमए पास था।सोनू 8 सितम्बर को प्रातः छः बजे नोएडा से घर आया था मेरे पैर छूने के बाद एक बैग व मोबाइल छोड कर मुझसे यह कह कर घर से गया था कि मम्मी अब मैं नोएडा नहीं गुजरात काम करने जाऊगा, चला गया था। 9 सितम्बर को देर सांय थाना खीरी से संबध पुलिस चौकी नकहा के ग्राम चहमलपुर सिथित नीम करोली आश्रम के पुजारी दिग्विजय सिंह उर्फ सीताराम मततू का फोन सोनू के पिता रमाकांत गौड़ के पास आया और बताया कि प्रातः साढ़े सात बजे सोनू आश्रम पर आये थे बैग व अपने पहने हुए जूते छोड़कर चले गये हैं अभी तक वापस नहीं आये हैं। 10 सितंबर को सोनू के छोटे भाई आयुष व चाचा ने सोनू की खोज की। 11 सितंबर को शोषल मीडिया के माध्यम से पता चला कि नीम करोली आश्रम के पीछे गन्ने के खेत में अज्ञात शव पड़ा है। मेरे बेटे व सोनू के चाचा ने सोनू के शव की शिनाख्त की थी। आश्रम के पुजारी सीताराम उर्फ मततू को रमाकांत का फोन नंबर कैसे पता चला,एक दिन पहले सीताराम से मिलने वाले सोनू का शव पहचानने से बाबा ने क्यों मना किया यहसब कुछ संदेह के घेरे में है। मां गायत्री देवी ने कहा कि जिस समय नीम करोली आश्रम के बाबा ने फोन करके सोनू के बारे में जानकारी दी थी ठीक वही समय पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सोनू की हत्या का समय दर्शाया गया है। चर्चा है कि सोनू की हत्या से पूर्व आश्रम पर हत्यारों ने सोनू से आत्म हत्या करने का सुसाइड नोट भी लिखाया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सोनू की हत्या की पुष्टि के बाद सुसाइड नोट कहां गया चर्चा का विषय बना हुआ है। सोनू के शव के पास कीट नाशक दवा की शीशी, रूमाल व सफेद पालीथीन किसने डाली, हत्यारों के पकड़े जाने के बाद ही खुलासा हो पायेगा।

## महर्षि वाल्मीकि की जयंती से पूर्व निकाली गयी प्रभात फेरी



जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी

महर्षि वाल्मीकि की जयंती आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनायी जाती है जो 17 अक्टूबर 2024 को होगी। महर्षि वाल्मीकि की जयंती के पहले समाज के लोगों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी, जिसका पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कैम्प कार्यालय गौशाला में महर्षि वाल्मीकि का आरती पूजन कर स्वागत किया तथा सभी को प्रसाद वितरित किया।इसके बाद दोपहर में बाल्मीकि समाज के युवाओं द्वारा एक बाइक रैली निकाली गयी जिसको नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू व सभासद धर्मेन्द्र बाल्मीकि द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार,नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, किसान मोर्चा नगर महामंत्री गौरव ज्ञान त्रिपाठी,मनोज बाथम, लवकुश अवस्थी,बाइक रैली के संयोजक राहुल वाल्मीकि, जगमोहन बाल्मीकि, अजयवाल्मीकि, विनोद वाल्मीकि, दिलीप, बाल्मीकि, गोविंद बाल्मीकि, नरेन्द्र बाल्मीकि आदिसहित सैकड़ों बाल्मीकि समाज के लोग उपस्थित रहे।

## आंखों की जांच का कैंप आयोजित किया गया

जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी

मंगलवार को पटेल शांति निकुंज इंटर कॉलेज परेली पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत डॉक्टर श्राप चैरिटी हॉस्पिटल मोहम्मदी सहदेवा के द्वारा आंखों की जांच का कैंप आयोजित किया गया जिसमें व्यवस्थापक के रूप में अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रहलाद पटेल अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे कैम्प में लगभग 110 से ऊपर ओपीडी हुई जिसमें से 50 से ऊपर मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए हास्पिटल की बस से भेजा गया कैंप में डॉक्टर निखिल अग्रवाल, चावली, सीटू, शारदा शुक्ला, मुस्कान मंसूरी, शोभित, बबली यादव, मोहिनी शुक्ला, शमन, राखी, समीर अली पूरी टीम ने अपनी उपस्थिति में सभी मरीजों को देखा पटेल शांति निकुंज इंटर कॉलेज परेली के प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफ ने अपना सहयोग दिया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में धान की क्रॉप कटिंग के संबंध में हुई बैठक



जन एक्सप्रेस | सीतापुर

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मंगलवार को तहसील सदर के अन्तर्गत ग्राम धरैंचा में धान की क्रॉप कटिंग कराई है। इस क्राप कटिंग में जिले में अच्छे धान खरीद उत्पादन के संकेत मिल रहे है। त्रिभुजाकार आकार में एक बिस्वा खेत में 26.18 किग्रा0 एवं लगभग 4.82 बीघा धान उत्पादन की क्राप कटिंग जिलाधिकारी के निगरानी में सम्पन्न हुई। संबंधित अधिकारी ने बताया कि यह क्राप कटिंग अच्छे उत्पादन का उत्पादन का संकेत है। वैसे पूरे जिले में अधिकारियों को अलग-अलग क्षेत्र में क्राप कटिंग करानी है। सभी परिणाम के बाद जिले का औसत उत्पादन निकल कर आएगा, धरैंचा में हुई क्राप कटिंग में 60 कुंटल प्रति हेक्टेयर उत्पादन होगा, जो कि पिछले साल से बेहतर है। जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित किसानों से अपील की कि वह अपना धान सरकारी क्रय केन्द्रों पर विक्रय करें। उन्होंने किसान भाई से धान में अब तक व्यय हुयी धनराशि की जानकारी प्राप्त की। प्रधान रामकिशोर से चकरोड, आर0आर0सी0 सेंटर, पानी की टंकी व स्कूलों के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, कानूनगो अवधेश पाण्डेय एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## डीएम ने किया ऐतिहासिक दशहरा मेले का शुभारम्भ



■ डीएम बोलीं, सामाजिक एकता अखण्डता का प्रतीक है दशहरा

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी

मंगलवार मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ ईरा श्रीवास्तव संग जिला मुख्यालय पर ऐतिहासिक दशहरा मेला महोत्सव का पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन एवं दीप जलाकर दशहरे मेला का शुभारंभ किया। इसके बाद रामायण संगोष्ठी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरु हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि जनपद खीरी के मुख्यालय पर होने वाला दशहरा मेला यहां का ऐतिहासिक मेला है, जो पिछलें कई दशको से हो रहा है, जहां हर जाति धर्म के लोग मेले का आन्नद लेते है। सामाजिक एकता और अखण्डता का प्रतीक है ये दशहरा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन बड़ा ही पावन होता है। इन कार्यक्रमों के जरिये समाज में एक अच्छा संदेश जाता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम भारतीय संस्कृति के उत्थान में सहायक होते है। समाज में एकता, समरसता और बंधुत्व को बढ़ावा देते है।डीएम ने कहा कि मेले में आए हुए नगरवासियों का स्वागत और अभिनंदन है। एसडीएम, तहसीलदार, ईओ, अध्यक्ष ने समय से मेला शुरू कराने के लिए दिन-रात मेहनत की है। काफी दुकाने लग गई है। शेष आज शामतक लग जाएगी। 15 दिन तक चलने वाले इस मेले में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। परिवार और बच्चों के साथ आकर मेले का आनंद उठाएं। इस मेले से बहुत सारे लोगों को रोजगार मिलता है। मेले की आयोजक नगर पालिका को इस मेले के आयोजन से आमदनी और लाभ हो, इसके लिए अध्यक्ष और ईओ कटिबद्ध है। आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं दी।

### मेले की व्यवस्थाओ को बनाए चाक चौबन्द : डीएम

डीएम ने ईओं को मेले में चाकचौबन्द व्यवस्था बनाने रखने के लिए निर्देशित किया। ऐसे समारोह, मेले एवं महोत्सवों में पुलिस विभाग की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि उन्हें भी भरोसा है कि हमारे जनपद की पुलिस इस कसौटी पर खरी उतरेगी। मेलार्थियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। डीएम ने मेले में निर्वाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था एवं साफ सफाई समेत सभी व्यवथाएं चुस्त दुरूस्त करने के लिए निर्देशित किया।इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा डा. इरा श्रीवास्तव ने डीएम के मेला आगमन पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से ऐतिहासिक दशहरा मेला महोत्सव का आयोजन हो सका है। उद्घाटन के अवसर पर एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह, सीओ रमेश कुमार तिवारी, ईओ संजय कुमार, मेला अधिकारी अमरदीप मौर्य, सहायक मेला अधिकारी मुरारी लाल, मेला अध्यक्ष मनोज राज, सहायक मेल अध्यक्ष श्वेता शर्मा, पिंकी देवी समेत सभासदगण कोशल तिवारी, कुमदेश शंकर शुक्ला एवं नगर पालिका कर्मचारी तथा पुलिस प्रशासन के लोग मौजूद रहे। ये दशहरा महोत्सव 15 अक्टूबर से प्रारम्भ होकर 29 अक्टूबर को अतिशबाजी के साथ सम्पन्न होगा।

### दशहरा सांस्कृतिक कार्यक्रम की एक नजर में..

रामायण संगोष्ठी (स्थानीय) 15 अक्टूबर, रामायण संगोष्ठी (आमंत्रित) 16 अक्टूबर, देवी जागरण 17 अक्टूबर, संस्कृत कवि सम्मेलन 18 अक्टूबर, स्कूली बच्चों द्वारा आयोजित कार्यक्रम 19 अक्टूबर, जवाबी कव्वाली 20 अक्टूबर, पंजाबी संगीत सम्मेलन 21 अक्टूबर, स्थानीय संगीत सम्मेलन 22 अक्टूबर, प्रादेशिक कवि सम्मेलन 23 अक्टूबर, अवध संध्या 24 अक्टूबर, भोजपुरी संगीत सम्मेलन 25 अक्टूबर, मुशायरा 26 अक्टूबर, अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 27 अक्टूबर, आमंत्रित कलाकारों द्वारा संगीत आमंत्रित 28 अक्टूबर और अतिशबाजी/समापन 29 अक्टूबर।

## महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चला विशेष अभियान



जन एक्सप्रेस | सीतापुर

पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5 के क्रम में समस्त थानों की महिला सुरक्षा पुलिस टीमो द्वारा सुरक्षा, शांति एवम् कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत अपने अपने थाना क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले भीड़-भीड़ वाले इलाको, सुनसान क्षेत्रों, मंदिरो, कोचिंग संस्थानो, रेलवे स्टेशनों, बस स्टॉप आदि पर निरंतर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है तथा बेवजह घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों, मनचलों आदि को कड़ी चेतावनी देते हुए बच्चो, महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे है। साथ ही बच्चो महिलाओं, बालिकाओं को सशक्त बनाने एवम् जागरुक करने के उद्देश्य से जनपद के थाना तालगांव टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय चांदपुर व आनंद इंटर कॉलेज अंगेठा, थाना रामपुरकलां टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय रामपुर कला, थाना हरगांव टीम द्वारा ग्राम सेमरीमोतीमदपुर, थाना सदरपुर टीम द्वारा ग्राम रामद्वारी व ग्राम गुड़ैचा, थाना सकरन टीम द्वारा सिडकिडा इंटर कालेज, थान बिसवां टीम द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय ग्राम भागीपुर, थाना सिधौली टीम द्वारा विमलनाथ डिग्री कॉलेज, थाना नैमिषारण्य टीम द्वारा अरुणोदय इण्टर कालेज एवं अन्य समस्त थानों के महिला सुरक्षा दलों, मिशन शक्ति पुलिस टीमों द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्रामो, कस्बोमोहल्ले, कोचिंग संस्थानों आदि में पुलिस की पाठशाला, चौपाल आदि लगाकर महिलाओं, बच्चों, छात्राओं को उनकी सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी जा रही है, साथ ही बच्चो से गुडटच-बैडटच के विषय में चर्चा कर इस तरह की किसी भी समस्या के बारे में अपने अभिभावको या पुलिस को अवश्य बताने के विषय में कहा गया।


महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वीमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टॉप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9.जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

### बहराइच की घटना पर जनपद में आक्रोश

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी। मंगलवार को अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने बहराइच में हुई एक हत्या के मामले में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। महासभा ने घटना की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए हिंदू समुदाय के लोगों की हत्या करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। मंगलवार सुबह 11.00 बजे, जिला अध्यक्ष विनोद गुप्ता के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने बहराइच में एक युवक की हत्या को लेकर निंदा की और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इसके साथ ही, पीड़ित के परिजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग की गई। प्रशासन के सहयोग में रद्द किया कार्यक्रम विनोद गुप्ता ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने इस मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो हिंदू महासभा भारी संख्या में बहराइच की ओर कूच करेगी। उन्होंने कहा कि यह पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। महासभा ने प्रशासन से आग्रह किया कि वह इस मामले को गंभीरता से ले और हिंदू समाज के लोगों को सुरक्षा प्रदान करें। गुप्ता ने बताया कि वे पहले बहराइच जाने की तैयारी कर चुके थे, लेकिन प्रशासन के सहयोग में उन्होंने अपना कार्यक्रम रद्द किया।

## वार्ड बॉय श्रीराम पर लगे आरोपों को लेकर आशा बहू ने दिया स्पष्टीकरण

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिकुनिया में कार्य कर रहे वार्ड बॉय श्रीराम पर बेबुनियाद आरोप लगाकर उनको परेशान किया जा रहा है इस सबंध में पीड़ित ने अपने उपर लगाए जा रहे आरोपों को निराधार बताया है और फर्जी खबर चलाने वाले लोगों की जांच कराने की बात कही है।आपको बता दें कि एक महिला कौशल्या पत्नी सुनील कुमार पुत्र रामचन्द्र निवासी बरसोला कला जो प्रसव पीड़ा होने पर अपनी आशा बहू के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिकुनिया में दिनांक 06.08.24 को सुबह करीब 6 बजे आई थी जिनका सामन्य प्रसव शाम करीब 4 बजकर 17 मिनट स्टाफ नर्स द्वारा किया गया था इस सम्बन्ध में साथ आई आशा द्वारा बताया गया है कि जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ थे जिसके बाद महिला मरीज को पी पी एच होने लगा जिस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर समुचित सुविधा न होने के कारण स्वास्थ केंद्र पर तैनात स्टाफ नर्स द्वारा उनको सीएचसी निघासन को रात करीब 8 बजकर 42 मिनट पर रेफर किया गया था जिसके बाद आशा बहू द्वारा दिनांक 07.08.24 को महिला एवं बच्चे को एम्बुलेंस के द्वारा उनके घर पर सुरक्षित छोड दिया गया था।

आशा का कहना है कि उसके बाद हमे इस सम्बन्ध में कोई जानकारी महिला एवं उनके पति सुनील कुमार पुत्र रामचन्द्र द्वारा नहीं दी गई है।

इस सम्बन्ध में वार्ड बॉय श्री राम का आरोप है कि उनका कोई अस्पताल नहीं था और जो खबरें प्रकाशित की जा रही है वह बेबुनियाद निराधार आरोप लगाकर लिखी गई है।इस मामले में मेरा एवं मेरी पत्नी का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## कोटेदारों ने वितरण कमीशन बढ़ोत्तरी के लिए मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन दिया

जन एक्सप्रेस | सीतापुर



महमूदाबाद में कोटेदारों को वितरण पर कमीशन बढ़ाए जाने व निर्धारित मानदेय दिए जाने को लेकर उत्तर प्रदेश फेयर प्राइस शाप डीलर एसोसिएशन की महमूदाबाद इकाई ने मंगलवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम शिखा शुक्ला के माध्यम से भेजे जाने के लिए तहसीलदार अनिल कुमार को सौंपा।

महमूदबाद के कोटेदारों ने दिए गए ज्ञापन में बताया है कि उनके द्वारा शासन की मंशानुरूप कोरोना काल में प्रधानमंत्री अन्न योजना व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्रों को दिया जाने वाले राशन का निश्शुल्क वितरण महज 90 रुपए प्रति कुंतल लाभांश पर ई-पास मशीनों से जीवन को संकट में डालने का जोखिम उठाते हुए किया। भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार को राशन वितरण के उत्कृष्ठ कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया। वर्तमान में भी इसी लाभांश पर कोटेदार काम कर रहे हैं। कोटेदारों ने मांग की कि राशन वितरण के लिए हरियाणा, गोवा, केरल में दो-दो सौ रुपए प्रति कुंतल तथा गुजरात में न्यूनतम आय गारंटी के तहत 20 हजार रुपए दिए जा रहे हैं। मांगपत्र में लालता प्रसाद, राजकपूर, महेंद्र, अब्दुल कय्यूम, शांती देवी, अशोक कुमार, राम नरेश, राजकुमार, त्रिभुवन वर्मा, सुरेंद्र कुमार, रामकुमार सहित 22 कोटेदारों द्वारा उत्तर प्रदेश में भी कोटेदारों को वितरण लाभांस बढ़ाकर दिए जाने व नियमित मानदेय दिए जाने की मांग की गई।

# गंगा-जमुनी तहजीब की धरती है दुदही : अजीम आलम

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



एक धर्म विशेष के युवक द्वारा धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने को लेकर सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट के बाद, दुदही नगर पंचायत में बनी उहापोह के स्थिति के बीच नगर पंचायत प्रतिनिधि अजीम आलम ने मंगलवार के दिन अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर शांति सौहार्द व आपसी भाईचारे कायम रखने के लिए अपील की।दुदही नगर पंचायत प्रतिनिधि अजीम आलम ने कहा की दुदही की धरती तमाम इतिहास को समेटे हुए हैं,दुदही की अमन चैन में खलल डालने वाला किसी तरह सही नहीं है और नाही वायरल पोस्ट को भी कही से जायजा ठहराया जा सकता है। सनद रहें की बीते दिनों में किए गए एक धर्म विशेष के युवक द्वारा एकधर्म के खिलाफ पोस्ट को लेकर दुदही नगर पंचायत में बीते सोमवार के दिन देर रात तक गहमागहमी बनी रही। एक जाति धर्म के लोगों द्वारा नगर पंचायत के गांधी चौक पे जमकर विरोधी दर्ज किया गया, जिसपर विशुनपुरा पुलिस ने संजीदगी दिखाते हुए मौके पर शांति व्यवस्था कायम करने में सफल रहीं।एक सवाल के जबाव में नगर पंचायत प्रतिनिधि अजीम आलम ने कहा की दुदही नगर पंचायत में हर धर्म जाती के लोग रहते है यहाँ कुछ लोगों द्वारा अराजकता फैलाने की कोशिश की गई है लेकिन प्रशासन के संजिदगी से गंगा जमुनी तहजीब कायम रहीं। आगे कहा की प्रभु श्री भारतीय संस्कृति के ध्वज वाहक है उनके द्वारा किए गए कृत समाज को दशा व दिशा तय करती हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर लोगों से अपील करते हुए कहा की दुदही नगर पंचायत के सभी सम्मानित लोग आपसी सौहार्द बनाए रखें।किसी भी अफवाह से बचे। हमारी मदद प्रशासन पूरी निष्ठा से कर रही हैं।

# गोरखपुर में पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर नजरबंद

## डॉक्टर अनुज सरकारी पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर कैंट थाने पर देना था धरना

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

गोरखपुर में सिपाही-डॉक्टर के बीच हुई मारपीट मामले में गोरखपुर पुलिस अपने ही विभाग के खिलाफ नजर आ रही है। सिपाही के पक्ष में डॉक्टर अनुज सरकारी के खिलाफ केस दर्ज कराने की मांग को लेकर गोरखपुर पहुंचे आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष और रिटायर्ड आईपीएस अमिताभ ठाकुर को पुलिस ने नजरबंद कर दिया। अमिताभ ठाकुर मंगलवार से कैंट थाने पर अनिश्चित कालीन धरना देने वाले थे। रेलवे स्टेशन के पास स्थित सिंचाई विभाग के डाक बंगला में रुके हुए थे। सुबह 10 बजे से वे धरना देने कैंट थाना पहुंचते। लेकिन, इससे पहले पुलिस वहां पहुंच गई और अमिताभ ठाकुर को नजरबंद कर दिया। आरोप है कि उनके समर्थकों को भी अंदर जाकर उनसे मिलने नहीं दिया जा रहा।

### कैंट इंस्पेक्टर ने दी धमकी

इससे एक दिन पहले भी सोमवार को अमिताभ ठाकुर ने एक वीडियो जारी कर कैंट पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा कि 15 अक्टूबर से थाना कैंट के सामने अनिश्चितकालीन विरोध प्रदर्शन के मामले में इंस्पेक्टर कैंट द्वारा धमकी दिए जाने की बात सामने आई है। उन्होंने पूर्व में यूपी के डीजीपी को शिकायत भेज कर 3 दिनों में अस्पताल कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की थी।



### अब मुझे अगले निर्देशों का इंतजार

अमिताभ ठाकुर ने एक वीडियो जारी कर बताया, मैं रेलवे स्टेशन के पास स्थित सिंचाई विभाग के डाक बंगला में ठहरा हुआ हूं। लेकिन, गोरखपुर पुलिस डाक बंगला को छावनी में तब्दील कर मुझे बाहर जाने से रोकी हुई है। फिलहाल मैं पुलिस-प्रशासन के अगले निर्देशों का इंतजार कर रहा हूं।

### जबरिया खाली कराया जा रहा डाक बंगला

पूर्व आईपीएस अधिकारी ने कहा कि डॉक्टर- सिपाही विवाद में पीड़ित सिपाही की ओर से एफआईआर दर्ज के लिए थाना कैंट के सामने अनिश्चितकालीन विरोध प्रदर्शन होना तय था। पार्टी के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने इस संबंध में सक्षम अधिकारी से बात कर यह कमरा आवंटित करवाया था।अमिताभ ठाकुर के आने पर इस कमरे का ताला खोलकर उन्हें रहने दिया गया, लेकिन इसके कुछ देर बाद उच्च स्तरीय दबाव में उन्हें कहा गया है कि वे तत्काल इस कमरे को खाली कर दें, क्योंकि यह कमरा उन्हें आवंटित नहीं हुआ है। अमिताभ ठाकुर ने इस पूरी स्थिति को अत्यंत ही दुखद और अधिकारों का खुला दुरुपयोग बताया है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### कांस्टेबल पर छेड़खानी का आरोप, पीड़िता ने एसपी को सौंपा शिकायत पत्र




जन एक्सप्रेस/कुशीनगर। मुख्य आरक्षी द्वारा एक महिला को अपने कमरे में ले जाकर अश्लील बातें करने के साथ छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है, महिला द्वारा विरोध करने पर हेड कांस्टेबल द्वारा फर्जी मुकदमा में फसाने की धमकी दिया गया, महिला द्वारा शोर मचाने पर कमरे में पहुंचे दो अन्य सिपाहियों द्वारा महिला को कमरे से बाहर निकालते हुए आरोपी आरक्षी को डांट सुनायी। पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र सौपकर कार्रवाई की मांग की है। बताते चलें कि जनपद के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के चितहा गांव निवासनी महिला मेहरून 22 वर्षीय का थाना क्षेत्र के धीरछपरा गांव निवासी खालिद से प्रेम प्रसंग में शादी हुई थी।जिससे एक बच्ची भी पैदा हुई।बाद मे घरेलू विवाद के चलते वह पति के साथ खड्डा में कमरा लेकर रहने लगी। कुछ दिन बाद खालिद के पिता ने उसका दूसरी शादी 5 जून को तंय कर दिया, जिसकी जानकारी जब हुई तो मेहरून ने थाने पहुंचकर पति व सास ससुर के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की,पुलिस दबाव मे आकर पति ने दूसरी शादी नही करने से इंकार और पीड़ित महिला के साथ रहने को राजी हो गया,जिसका एक मुख्य आरक्षी द्वारा सुलहनामा लिखवाया गया। जिसके बाद दोनो पति पत्नी बिना सुलहनामा की कापी लिये घर चले गए।उसके बाद फिर से पति ने चोरी चुपके से दूसरी शादी कर लिया,जिसकी जानकारी होने पर मेहरून ने 7 अक्टूबर को थाने पहुंचकर शिकायत करते हुए हेड कस्टेबल से सुलहनामा की कापी मांगी तो वह कापी देने के बहाने अपने कमरे में ले गया और वहां पर उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए छेड़खानी करने लगा,जब महिला ने विरोध किया तो उसको फर्जी मुकदमा मे फसाने की धमकी दी गई,शोर सुनकर दो अन्य कस्टेबल आ गए और महिला को कमरे से बाहर निकालते हुए आरोपी कस्टेबल को जमकर डाट सुनाया और महिला को घर भेज दिया।अब महिला द्वारा फोन पर कस्टेबल से सुलहनामा की कापी मांगी जा रही है तो वह एक रात महिला को अपने कमरे मे रूकने को बोला जा रहा है।जिससे परेशान महिला ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र सौपकर कार्रवाई की मांग की है।

### रेल और जेल में रहकर कार्यकर्ताओ ने बनाया विश्व की सबसे बड़ी पार्टी : पवन मिश्र



जन एक्सप्रेस/देवरिया। भाजपा किसान मोर्चा द्वारा 2 सितम्बर से चलाए जा रहे प्राथमिक सदस्यता अभियान के दूसरे चरण के अंतिम दिन किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने बरहजिया ट्रेन में भटनी से बरहज के बीच यात्रा कर रहे 100 से अधिक यात्रियों को मिस्ड कॉल के माध्यम से भाजपा का सदस्य बनाया। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि पूर्व की सरकारें भाजपा कार्यकर्ताओं पर जुल्म करती थी और विपक्षी पार्टियों ने 2014 के पहले भाजपा कार्यकर्ताओं पर अत्यधिक जुल्म किया है, तब कार्यकर्ताओ ने रेल में लगातार भ्रमण कर भाजपा की आवाज को बुलंद किया, पूर्ववर्ती सरकारों ने भाजपा कार्यकर्ताओं को जेलों में भी डाला, रेल और जेल में रहकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाया है। उन्होंने कहा कि सबका साथ-सबका विकास के माध्यम से भाजपा देश मे नई राजनीतिक संस्कृति ला रही है, जिसमे सभी वर्गों का समावेश होगा। भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष मुकेश राय ने कहा कि सदस्यता अभियान विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अभियान में मुख्य रूप से सुबोध तिवारी, सोनू यादव, राकेश प्रसाद, सुमन्त चतुर्वेदी, विवेक श्रीवास्तव, गत्ते लाल, सुमन्त चतुर्वेदी, अविनाश उपस्थित रहे।

### कायाकल्प के तहत जिले की 39 चिकित्सा इकाइयां पुरस्कृत

जन एक्सप्रेस/गोरखपुर। जिले की 39 चिकित्सा इकाइयों को 20.35 लाख रुपये का कायकल्प पुरस्कार मिला है। इनमें छह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 16 अर्बन पीएचसी और सत्रह आयुष्मान आरोग्य मंदिर इस योजना के तहत पुरस्कार के लिए चयनित हुए हैं। पुरस्कार की राशि से इन इकाइयों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेशन के लिए तैयार किया जाएगा। साथ ही कायाकल्प योजना में जो गैप पाए गए होंगे उन्हें ठीक भी कराया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आशुतोष कुमार दूबे ने पुरस्कार जीतने वाली सभी इकाइयों को शुभकामनाएं दी हैं। सीएमओ ने नोडल अधिकारी डॉक्टर एके चौधरी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक पंकज आनंद, डीपीएमयू टीम, शहरी स्वास्थ्य मिशन समन्वयक सुरेश सिंह चौहान, एसीपीए क्वॉलिटी एश्योरेंस विजय श्रीवास्तव और स्वास्थ्य इकाइयों के प्रभारी, चिकित्सक और स्टॉफ को बधाई दी है। उन्होंने सभी इकाइयों से अपील की है कि शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार अधिकाधिक चिकित्सा इकाइयों को एनक्वास के लिए तैयार किया जाए। मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर दुबे ने बताया कि चरगांवा पीएचसी पहले प्रयास में जिले में पहले स्थान पर रही। इलाहीबाग यूपीएचसी तीसरी बार पुरस्कार जीती है और जिले में टॉप पर रही है। शाहपुर यूपीएचसी लगातार चौथी बार पर पुरस्कार जीतने में सफल रही और फर्स्ट रनर अप रही है। पिपरौली ब्लॉक का कालेसर आयुष्मान आरोग्य मंदिर तीसरी बार पुरस्कृत हुआ है और अपने श्रेणी में जिले में टॉप पर रहा है। खोराबार ब्लॉक का लहसड़ी आयुष्मान आरोग्य मंदिर तीसरी बार और मोतीराम दूसरी बार पुरस्कृत रहा है एवं दोनों को क्रमशः फर्स्ट रनर अप और सैकेंड रनर अप का पुरस्कार मिला है।

### स्तनपान प्रोत्साहन में उत्कृष्टता के लिए एम्स गोरखपुर को मिला बीपीएनआई पुरस्कार

जन एक्सप्रेस/गोरखपुर। एम्स गोरखपुर गर्वपूर्वक घोषणा करता है कि वर्ल्ड ब्रेस्टफीडिंग वीक 2024 के दौरान स्तनपान जागरूकता और समर्थन में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए उसके बाल रोग विभाग और नर्सिंग कॉलेज को ब्रेस्टफीडिंग प्रमोशन नेटवर्क ऑफ इंडिया (BPNI) द्वारा प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। 105 भाग लेने वाले संस्थानों में से एम्स गोरखपुर को स्तनपान जागरूकता और समर्थन को बढ़ावा देने वाली प्रभावशाली पहलों के लिए मान्यता मिली है। एम्स गोरखपुर के कार्यकारी निदेशक, डॉ. अजय सिंह ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति टीमों की समर्पितता की सराहना करते हुए, संस्थान की शिशु पोषण और मातृ कल्याण के महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में स्तनपान को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दोहराया। यह राष्ट्रीय मान्यता भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य को आगे बढ़ाने के लिए एम्स के निरंतर प्रयासों को रेखांकित करती है। हम ब्रेस्टफीडिंग प्रमोशन नेटवर्क ऑफ इंडिया का इस सम्मान के लिए धन्यवाद करते हैं और सभी माताओं और बच्चों के लिए एक स्वस्थ भविष्य की दिशा में अपने कार्य को जारी रखने का संकल्प लेते हैं।

### प्रशासन ने नगर पंचायत में वार्ड के अवैध अतिक्रमण पर चलाया बुलडोजर



जन एक्सप्रेस/रामकोला, कुशीनगर। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 4 अटल नगर अमवा बाजार टोला मिश्रौली में रोड पर अतिक्रमण को लेकर उप जिला अधिकारी के निर्देश पर नगर पंचायत प्रशासन व राजस्व टीम ने पुलिस बल के साथ बुल्डोजर चलाकर अवैध अतिक्रमण हटाया। मंगलवार को उपजिलाधिकारी कप्तानगंज के निर्देश पर अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत रामकोला संतोष कुमार वर्मा ने मय पुलिया फोर्स एवं राजस्व टीम के साथ अवैध जमीन को कब्जा मुक्त कराई। कार्यवाही में राजस्व निरीक्षक राकेश लाल श्रीवास्तव, हल्का लेखपाल रौनक सिंह, प्रदीप कुमार नगर पंचायत के लेखाकार हरेराम शर्मा, आमिर खान,विकास राव सहित दर्जनों कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बड़ा सवाल: पुलिस की नाकामी,या चोरों द्वारा पुलिस को चुनौती

- एक ही रात्र में आठ घरों में चोरी, सीसीटीवी कैमरा मे चेहरा हुआ कैद

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



पटेरा बुजुर्ग गांव मे सोमवार रात्रि को अज्ञात चोरों ने एक एक कर आठ घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया और एक घर में चोरी का प्रयास किया है। चोरी की घटना में मोबाइल, जेवर सहित विभिन्न समान चोरी हुआ है। पुलिस की निष्क्रियता को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने गांव के चंडी चौराहे पर विरोध प्रदर्शन कर जल्द से जल्द चोरी की घटना का पर्दाफाश करने के साथ लपरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है।

प्राप्त सूचना के अनुसार नेबुआ नौरंगिया थाना के ग्राम पटेरा बुजुर्ग निवासी मंहथ कुशवाहा के घर से अज्ञात चोरो ने 40 हजार का मोबाइल चोरी किया। चोरी कर वापस जाते समय चोर का चेहरा घर मे लगे सीसीटीवी कैमरा मे कैद हो गया है। इसी गांव के मीन अंसारी के घर से 20 हजार का मोबाइल, शाहरूख के घर से विदेशी टार्च व 30 हजार का मोबाइल, रामकिशुन यादव के घर मे सोई उनकी पुत्री निक्की यादव का दो मंगलसूत्र व 20 हजार का मोबाइल, झमन अंसारी के घर 35 हजार का मोबाइल सहित अन्य समान, नसरूदीन के घर से 20 हजार का मोबाइल, खेलावन कुशवाहा के घर से 15 हजार का मोबाइल, बंस गोपाल के घर से मोटरसाईकल को सरेह मे लाकर लाक तोड़ने का प्रयास किया गया लेकिन लाक नही टूटने पर वहीं बाइक को छोड कर चले गए उसी गांव के गनेश के घर मे चोरो ने घुसकर चोरी का प्रयास कर रहे थे तभी घर के पतोहू निर्मला जग गई और एक चोर को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन चोर भागने मे सफल रहा। एक ही रात मे इतना हुई चोरी को लेकर गांव मे दहशत का मौहाल व्याप्त है। ग्रामीणों ने मंगलवार सुबह को इसकी सूचना 112 नंबर पुलिस को दिया तो पुलिस मौके पर पहुचकर सभी पीड़ितों से घटना की जानकारी लेकर लौट गई।

इस चोरी की घटना से नाराज गांव के जितेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व मे मंहथ कुशवाहा, जितेंद्र, पप्पू अंसारी, शमशेर अंसारी, शाहरुख अंसारी, मुस्तफा अंसारी, रसीद अंसारी, रूदल कुशवाहा, मुलायम यादव आदि ग्रामीणों ने गांव के चंडी चौराहा पर विरोध प्रदर्शन कर बताया कि गांव या चौराहा पर बीट के पुलिस कर्मियों द्वारा रात्रि गस्त नही किया जाता है,और न ही किसी घटना की सूचना देने पर समय पर पुलिस पहुंचती है। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस अधीक्षक से चोरी की घटना का शीघ्र पर्दाफाश कराने व लपरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है।साथ ही चेतावनी दिया है कि यदि घटना का खुलासा के साथ डियूटी के दौरान लपरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई नही की जाती है तो जिला मुख्यालय पर आंदोलन करने को बाध्य होगे।

# इंडो-नेपाल सीमा पर 16 सौ ग्राम चरस के साथ दो भारतीय गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। नौतनवा/महराजगंज

सोनौली पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने इंडो नेपाल सीमा पर गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर चरस के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के उपरान्त जेल भेज दिया। इंडो नेपाल सीमा से सटे सीमावर्ती क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी रोकथाम हेतु थानाध्यक्ष अंकित सिंह की अध्यक्षता में गठित पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने जरिए मुखबिर सूचना के आधार पर फरेन्दी बाजार थाना सोनौली के समीप नेपाल राष्ट्र से आ रहे दो युवकों के पास से 1600 ग्राम चरस (कुल 165 गोली) बरामद किया। आरोपियों की पहचान अनिल चौधरी पुत्र निवासी घनश्यामनगर थाना सोनौली व मुलायम यादव पुत्र निवासी पिपरहिया एसएसबी रोड थाना सोनौली के रूप में हुई। आरोपियों के विरुद्ध 169/2024 धारा 8/20/23 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय रवाना किया गया जहां आरोपियों को जेल भेज दिया गया। बरामदगी टीम में उपनिरीक्षक अभय कुमार उपाध्याय, एसएसबी सहायक सेनानायक हरिमोहन मीना, हेड का. अक्षय कुमार, का. अवनीश कुमार यादव, एसएसबी एसआई महेन्द्र कुमार, हेड का. मारकण्डेय, का. श्यामनारायण महतो व जीवन कुमार मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर कोटेदारों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

मंगलवार को आल इण्डिया फेयर शाप डीलर फेडरेशन (इकाई) के जिलाध्यक्ष रामनिवास प्रसाद के नेतृत्व मे नारो के साथ दर्जनों की संख्या मे कप्तानगंज तहसील क्षेत्र के कोटेदार तहसील परिसर में पहुंचकर मौके पर मौजूद तहसीलदार कप्तानगंज दिनेश कुमार को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा।इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष रामकोला रामहर्ष कुशवाहा, ब्लाक अध्यक्ष कप्तानगंज रामरुप गुप्ता, दिग्विजय कुंवर, अमरजीत यादव, रंगलाल, मनोज भारती, राधेश्याम, साहबजादा सिंह,ओम प्रकाश तिवारी सहित दर्जनों कोटेदार मौजूद रहे।

# शाकाहारी लोगों में शुगर, बीपी का खतरा कम

- कोलेस्ट्रॉल, हृदय रोग और शुगर के खतरों को कम करने में मददगार

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



शाकाहारी लोगों को टाइप-2 डायबिटीज, दिल से जुड़ी बीमारियों के साथ ही कैंसर और मोटापा जैसे रोग कम होते हैं। मांसाहारी भोजन अधिकतर डीप फ्राइड और फ्रोजन होते हैं, इसके सेवन से हार्ट, बीपी, शुगर, कैंसर का खतरा अधिक रहता है।

-डॉ.गौरव पांडेय
एम. डी. (फिजिशियन)



स्वस्थ भोजन से आशय है, वह भोजन जिसमें खनिज पदार्थ, प्रोटीन, कार्बोहाइट्रेड और विटामिन सहित सभी पोषक तत्व हों। शाकाहारी भोजन सभी पोषक तत्व प्रदान करता है। वह हृदय रोग, कैंसर, बीपी, शुगर जैसी बीमारियों से भी बचाता है।

- डॉ. (मेजर) अमित श्रीवास्तव,
एम. डी. (मेडिसिन)

शाकाहार और मांसाहार दोनों ही पूर्ण आहार माने गए हैं लेकिन मांसाहारी भोजन की तुलना में शाकाहारी भोजन शरीर के लिए अधिक फायदेमंद माना जाता है। ये शुगर, बीपी जैसी कई बीमारियों से बचाता है। हर साल अक्तूबर माह में विश्व शाकाहारी दिवस मनाया जाता है।

इसका उद्देश्य शाकाहारी भोजन को बढ़ावा देना है।

डॉक्टरों का कहना है कि शाकाहारी आहार से कई तरह के प्रोटीन, विटामिन, मिनरल, कार्बोहाइड्रेट और फाइबर प्राप्त होता है, जो मांसाहारी आहार में कम होता है। जो लोग सब्जियों का सेवन अधिक करते हैं, उनका रक्तचाप सामान्य रहता है,जबकि मांस का सेवन करने वाले हाई ब्लड प्रेशर के अधिक शिकार होते हैं। शाकाहारी भोजन हृदय रोग, कैंसर, उच्च रक्तचाप, शुगर, जोड़ों का दर्द व अन्य कई बीमारियों से बचाने में मददगार है। सब्जियों में एमीनो एसिड के साथ मैग्नेशियम पाया जाता है। यह ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखता है। दाल, फल और सलाद से कई पोषक तत्व मिलते हैं। ये वजन संतुलित रखते हैं। मांस में कार्बोहाइड्रेट नहीं होता, जबकि ब्रेड, केला और आलू कार्बोहाइड्रेट का अच्छा स्रोत है। कार्बोहाइड्रेट की कमी से शुगर हो सकता है। कैल्शियम कमी से हड्डियां कमजोर होती हैं। कैल्शियम भी मांस से नहीं मिलता। यह बादाम और दूध से बनी चीजों से मिलता है। इसी तरह पत्तेदार सब्जियां, पुदीना और गुड़ हीमोग्लोबिन बढ़ाकर एनीमिया से बचाते हैं, जबकि इसकी पूर्ति मांस के सेवन से नहीं हो सकती।

# डिजिटल अरेस्ट: एसपी सिटी की सीख, व्हाट्सएप पर इन बातों का रखें खासा ध्यान

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

शहर में डिजिटल अरेस्ट के केस बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में सावधानी बरतने की जरूरत है। विशेषज्ञों का कहना है कि व्हाट्सएप पर साइलेंट अननोन कॉलर्स पर क्लिक करें, इससे अंजान कॉल से मुक्ति मिल सकती है। इस प्रक्रिया को करने के बाद आपके मोबाइल के फोन बुक में जितने नंबर होंगे, केवल उन्हीं नंबरों से ही व्हाट्सएप कॉल आ पाएगी।



एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने भी लोगों को सावधानी बरतने के सुझाव दिए हैं। उनका कहना है कि डिजिटल अरेस्ट के केस बढ़ते जा रहे हैं। रिटायर्ड बुजर्ग, नौकरी पेशा से लगाए आधुनिक पढ़ाई करने वाले छात्र भी डिजिटल अरेस्ट के चक्कर में फंसकर जालसाजों की कठपुतली बन जा रहे हैं। इससे बचने के लिए हर किसी को सावधानी बरतनी होगी।

### इस तरह करें साइलेंट

व्हाट्सएप पर अंजान कॉल को साइलेंट करने के लिए एसपी सिटी ने बताया कि व्हाट्सएप एप खोलें। सेटिंग में जाएं, प्राइवेसी पर क्लिक करें। फिर कॉल और साइलेंट अननोन कॉलर्स पर क्लिक करें। इसके बाद साइलेंस अननोल कॉलर्स ऑन पर क्लिक करते ही अंजान कॉल से मुक्ति मिल जाएगी। इस दौरान आपातकालीन कॉल आती है तो अननोन कॉलर्स को साइलेंट करने की सुविधा अस्थायी रूप से बंद हो जाएगी।

### एसपी सिटी ने इन खास बातों का ध्यान रखना जरूरी बताया

- पुलिस कभी डिजिटल अरेस्ट नहीं करती है। यह अफवाह है।
- कभी पुलिस या अधिकारी आपसे पैसे की मांग नहीं करता है।
- कोई खुद को पुलिस बता रहा है, तो इसकी सूचना अगल-बगल के थाने पर देकर पुष्टि करें।
- किसी भी अनजान व्यक्ति से व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल पर बात करने से बचें।

सराहना | निर्धारित लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करने का दिया निर्देश

# डीएम ने की सीएम डैशबोर्ड पर विकास एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर विकास एवं राजस्व कार्यों तथा कर करेतर राजस्व वसूली कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। डीएम ने,+, और, रैंकिंग प्राप्त करने वाले विभागाध्यक्षों के कार्यों की सराहना की साथ ही जिन विभागों की रैंकिंग क्एवं ष्ट, ई थी, उन्हे निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण काम कराते हुए लक्ष्य प्राप्त करने के साथ साथ ग्रेडिंग एवं रैंकिंग सुधारने के निर्देश संबंधित विभागाध्यक्षों को दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को शासन से जुड़ी जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं एवं परियोजनाओं को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सितंबर माह में जनपद कुशीनगर की रैंकिंग राजस्व एवं विकास कार्यों में सम्मिलित रूप से तृतीय, राजस्व से संबंधित कार्यों में चतुर्थ रही है, सभी अधिकारी विशेष ध्यान दें कि किसी अधिकारी की शिथिलता या लापरवाही से जनपद की रैंकिंग प्रभावित नहीं हों। पूरी तत्परता एवं कर्तव्यनिष्ठ होकर काम करने की आवश्यकता है। जिन विभागों का लक्ष्य सितंबर में निर्धारित है या जो आवेदन आपके विभागीय पोर्टल पर आवेदकों के लंबित उन्हे शीघ्र समयांतर्गत निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि सितंबर माह की रैंकिंग के अंतर्गत औषधि खाद्य नमूना एवं कृत



कार्यवाहियों के अंतर्गत सी , प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में सी ग्रेड की रेटिंग प्राप्त हुई है तथा खनन विभाग के प्रवर्तन कार्यवाहियों के अंतर्गत, राज्य कर विभाग के अंतर्गत लक्ष्य के सापेक्ष संग्रह में ,राजस्व विभाग के अंतर्गत भू आवंटन, लक्ष्य के सापेक्ष आवास स्थान, कुम्हार कला भूमि आवंटन पट्टा में ग्रेड ई रैंक प्राप्त हुई है , जो कि किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं है। जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक के दौरान नगर निकाय वार स्वीकृत आवासों की संख्या, औषधि खाद्य नमूना के अंतर्गत प्राप्त किए गए नमूने और तथा उसे पर कृत कार्यवाहियों, खनन विभाग के अंतर्गत चेक गेट के माध्यम से चालान की प्रगति तथा चालान के सापेक्ष जुर्माने वसूली एवं नोटिस निर्गत की संख्या व चेक गेट के माध्यम से की प्रवर्तन कार्यवाहियों एवं वसूले गए जुर्माने की धनराशि के बारे में जानकारी ली गई। उन्होंने खनन अधिकारी को निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष चेक गेट से चालान तथा चालान के उपरांत लगाए जुर्माने की वसूली शीघ्र करें तथा उपायुक्त कर अधिकारी निर्धारित वार्षिक जीएसटी राजस्व लक्ष्य के सापेक्ष संग्रह की स्थिति में सुधार करें। जिलाधिकारी द्वारा भू आवंटन की खराब प्रगति पर नाराजगी प्रकट की तथा उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को भू आवंटन के लक्ष्य को शत प्रतिशत प्राप्त करने के निर्देश भी दिए।

# परमात्मा व जीवात्मा का मधुर मिलन है महारास : कार्ष्णि गुरुशरणानंद महाराज

जन एक्सप्रेस । मथुरा/वृन्दावन




परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीकृष्ण कृपा धाम में इन दिनों शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में त्रिदिवसीय शरदोत्सव अत्यंत धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ चल रहा है।जिसके अंतर्गत विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।महोत्सव के दूसरे दिन ठाकुर श्रीकृष्ण कृपा बिहारी महाराज का भव्य श्रृंगार किया गया।साथ ही उनको 56 भोग लगाए गए। इस अवसर पर आयोजित वृहद संत सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए महामंडलेश्वर कार्ष्णि स्वामी गुरुशरणानंद महाराज ने कहा कि शरद पूर्णिमा पर श्रीधाम वृन्दावन के वंशीवट पर हुआ महारास धर्म व अध्यात्म जगत का एक प्रमुख आख्यान है। वस्तुत- परमात्मा व जीवात्मा का मधुर मिलन ही महारास है। क्योंकि यह गोपियों द्वारा अपने मोक्ष की कामना से किया गया था। जगद्गुरू शंकराचार्य भानुपुरा पीठाधीश्वर स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ महाराज ने कहा कि महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज न केवल धर्म व अध्यात्म जगत की अपितु समाजसेवा की भी एक बहुमूल्य निधि हैं। जिनके द्वारा समूचे विश्व में गीता जी के प्रचार के साथ-साथ समाजसेवा के भी विभिन्न सेवा प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं।


महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि शरद पूर्णिमा शीत ऋतु का उद्घोषक पर्व है।इस तिथि को चंद्रमा से झरने वाली अमृतमयी किरणें समूची प्रकृति को आलोकित करती हैं।इससे न केवल प्रकृति अपितु हम सभी का मन भी प्रफुल्लित व पुलकित हो जाता है।

श्रीनाभा पीठाधीश्वर स्वामी सुतीक्ष्णदास देवाचार्य महाराज एवं श्रीकृष्ण कृपा संजीवनी मासिक पत्रिका के संपादक डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर ÷गीता ज्ञान संस्थानम÷ की स्थापना करके एक ऐतिहासिक कार्य किया है।जिसके माध्यम से श्रीमद्भगवद्गीता का प्रचार-प्रसार समूचे विश्व में हो रहा है।जिससे असंख्य व्यक्ति लाभान्वित होकर कृष्ण भक्ति की ओर अग्रसर हो रहे हैं। संत सम्मेलन में प्रख्यात संत स्वामी गिरिशानंद सरस्वती महाराज, गौसेवी संत कृष्णानंद महाराज ÷भूरी वाले÷, महामंडलेश्वर स्वामी चित्तप्रकाशानन्द महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानन्द महाराज, स्वामी गोविंदानंद तीर्थ, चतु- संप्रदाय के श्रीमहंत फूलडोल बिहारीदास महाराज, प्रख्यात भागवताचार्य श्रीराम मुद्गल महाराज, महंत ब्रजबिहारी दास, आचार्य नेत्रपाल शास्त्री, विपिन बापू, अशोक व्यास, बाबा भूपेंद्र सिंह (पटियाला), एडवोकेट महेन्द्र प्रताप सिंह, आचार्य बद्रीश महाराज, सौरभ गौड़, ध्रुव शर्मा, भजन गायक चंदन महाराज, बालशुक पुंडरीक कृष्ण महाराज, संगीतज्ञ स्वामी देवकीनंदन शर्मा, डॉ. राधाकांत शर्मा, अनूप देव (जबलपुर), प्रख्यात आयुर्वेदिकाचार्य आचार्य मनीष, भागवताचार्य मुकेश मोहन शास्त्री, वासुदेव शरण महाराज, शक्ति स्वरूप ब्रह्मचारी, गोविंद ब्रह्मचारी, भजन गायक रतन रसिक, डॉ. अशोक सम्राट, अशोक चावला, सुदर्शन अग्रवाल आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।संचालन सुरेश गोयल ने किया।इससे पूर्व प्रातः काल महंतों, संतों, विद्वानों व श्रीहनुमद् आराधन मंडल के सदस्यों का सम्मान किया गया।

# आज बुधवार को मनाया जाएगा शरद पूर्णिमा व्रत एवं स्नान, दान 17 अक्टूबर गुरुवार को...

■ रवि योग में माँ लक्ष्मी पूजा से आर्थिक, मानसिक समस्या होगी दूर: स्वामी पूर्णानंदपुरी महाराज

जन एक्सप्रेस । अलीगढ



वैसे तो सभी पूर्णिमा स्नान,दान का अपना अपना महत्त्व रखती हैं लेकिन सनातन धर्म में अश्विन माह की पूर्णिमा का विशेष महत्त्व है,इसे शरद पूर्णिमा अथवा कोजागरी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है।मान्यता है कि इस पूर्णिमा की रात्रि चंद्रमा से अमृत बरसता है।इस बार शरद पूर्णिमा तिथि को लेकर भी संशय बना हुआ है।

वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज के अनुसार प्रदोष एवं अर्धरात्रि व्यापिनी आश्विन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा एवं कोजागर व्रत किया जाता है।यदि पूर्णिमा पहले दिन केवल निशीथ व्यापिनी और दूसरे दिन केवल प्रदोष व्यापिनी हो, तो दूसरे दिन कोजागर व्रत होगा, क्योंकि इस व्रत में किए जाने वाले लक्ष्मीपूजन का काल प्रदोष में ही लिखा है। दिवा तत्र न भोक्तव्यं ऋते बाला तुराज्जनात। प्रदोषसमये लक्ष्मी पूजयित्वा यथाक्रमम्। दूसरे दिन प्रदोष व्याप्ति के अभाव में और पहले दिन निशीथ व्याप्ति में पूर्णिमा तिथि हो तो पहले दिन ही यह व्रत किया जाए ऐसा शास्त्र निर्देशित है। अतः आज यह तिथि पूर्णतः अर्धरात्रि को व्याप्त करती है और कल पूर्णिमा तिथि सूर्यास्त से पूर्व सायं 04-55 मिनट पर ही समाप्त हो जायेगी। अतः आज बुधवार को ही शरद पूर्णिमा और कोजागरी व्रत रखना श्रेष्ठ रहेगा, गुरुवार 17 अक्टूबर को स्नान दान करना श्रेष्ठ रहेगा । आश्विन माह की पूर्णिमा तिथि आज रात्रि 08-40 मिनट पर प्रारंभ होगी तथा रवि योग प्रातः 06-23 से सांय 07-18 बजे तक रहेगा। ज्योतिष में इस योग को बेहद शुभ माना जाता है,इस योग में चंद्र देव की पूजा करने से आरोग्य जीवन का वरदान प्राप्त होता है। साथ ही सभी प्रकार के मानसिक कष्टों से मुक्ति मिलती है।

स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने बताया कि शरद पूर्णिमा के दिन खीर का भोग बहुत शुभ माना जाता है,क्योंकि शरद पूर्णिमा की रात्रि में चंद्रमा पूरी 16 कलाओं से युक्त होता है। यह दिन देवताओं के लिए भी अत्यंत शुभ माना गया है इस दिन देवी लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करती है जिस घर में शुद्ध हृदय से पूजा होती है वहाँ स्थाई रूप से निवास करती है इस दिन चंद्रमा की किरणों से अमृत वर्षा होती है। इस रात चन्द्रमा का विशेष प्रभाव होता है और उसकी किरणों में अद्भुत ऊर्जा होती है इसके औषधीय गुणों की वजह से ही इस दिन खुले आसमान में खीर रखकर प्रातः भोग के रूप में सेवन किया जाता है। इससे व्यक्ति का स्वास्थ्य अच्छा रहता है,वहीं इस दिन व्रत रखने से व्यक्ति को सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है।साथ ही सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है।

# धूमधाम से मनाई गई मिसाइल मैन डॉ कलाम जी की जयन्ती



जन एक्सप्रेस । आगरा

विश्वशांति मानव सेवा समिति-1ह्यद्व-ह्यठ्ठद्गश द्वारा रहनकलां में महान दार्शनिक,वैज्ञानिक,शिक्षाविद एवं भारतरत्न पूर्व राष्ट्रपति युवाओं के प्रेरणास्रोत डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम जी की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई।

सर्वप्रथम कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों एवं पदाधिकारियों के साथ उपस्थित जनों ने दीप प्रज्ज्वलित कर चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किये। तत्पपश्चात कार्यक्रम संचालन कर रहे एम एस एकलव्य जी ने सभी का अभिवादन कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। और वक्ताओं को आमंत्रित किया जिसमें वक्ताओं ने कलाम जी के जीवन पर शुक्ष्म रूप से प्रकाश डालते हुए अपने अपने विचारों को प्रेषित कर पदचिन्हों पर चलने का निर्णय लिया।

# श्रीराम व भरत का मिलाप देख आनंदित हो उठी पॉटरी नगरी

जन एक्सप्रेस । खुर्जा

श्रीराम लीला कमैटी के तत्वाधान में शाम को श्रीराम लीला मैदान पर श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और श्त्रुघ्न मिलाप की लीला का बड़ा ही जीवट मंचन किया गया। रावण वध के बाद श्रीराम, लक्ष्मण और माता जानकी के अयोध्या प्रस्थान का समाचार पाकर उनकी आगवानी के निकले भरत और शत्रुघ्न की शोभायात्रा का नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। रावण वध और विभीषण के राजतिलक के बाद श्रीराम, लक्ष्मण और माता जानकी अयोध्या को प्रस्थान करते हैं। इधर, श्रीराम, लक्ष्मण और माता जानकी के अयोध्या प्रस्थान का समाचार से मगन-मुदित भरत और शत्रुघ्न उनकी आगवानी के लिए निकले पड़ते है। श्रीगंगा मंदिर से नगर के प्रमुख मार्गो से होकर निकली भरत और शत्रुघ्न की शोभा यात्रा का नगर वासियों ने तोरण द्वार बनाकर और पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। जंक्शन रोड स्थित श्रीराम लीला मैदान पर श्रीराम, लक्ष्मण और



भरत व शत्रुघ्न का मिलाप होता है। चारों भाईयों का मिलन होता देख बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालु गदगद हो उठते हैं। जयश्रीराम के जय जयकार से श्रीरामलीला मैदान गूंज उठता है। आज की व्यवस्था में श्रीराम लीला कमैटी के प्रधान पुनीत साहनी, महामंत्री संचित गोविल, कोषाध्यक्ष सचिन बंसल, जनरल मैनेजर पूर्व पालिकाध्यक्ष दीपक गर्ग, हरजीत सिंह टीटू, मीडिया प्रभारी चंद्र प्रकाश तायल, शोसल मीडिया प्रभारी विनीत आर्य, सर्वेश गुप्ता भोला, राजीव वार्ष्णेय, मां काली शोभा यात्रा इंचार्ज वासुदेव शर्मा, ब्रजेश प्रजापति, रमाकांत शर्मा, अशोक पालीवाल, आशीष गोयल, अरुण गर्ग, अंकित गर्ग, शुभम गुप्ता, उमा शंकर अग्रवाल बिंदा वाले, रामेश्वर गुरु, अंकित गुप्ता नवीन कुमार एडवोकेट, प्रेम प्रकाश अरोरा, मैनेजर प्रमोद वर्मा, विकास वर्मा, भाजपा नेता डीसी गुप्ता, डीसी अग्रवाल, अजय शर्मा, महेश भार्गव और पालिका सभासद अभिषेक गोस्वामी और चैतन्य शर्मा का सहयोग सराहनीय रहा।

# डॉ. भूदत्त शर्मा हुए एक और ग्लोबल अवार्ड के लिए चयनित

जन एक्सप्रेस । खुर्जा

समाजसेवा, शैक्षिक और राष्ट्र भाव को समर्पित नगर के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. भूदत्त शर्मा को एक और ग्लोबल अवार्ड के लिए चसनित किया गया है। डॉ. भूदत्त शर्मा अब तक करीब तीन दर्जन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजे जा चुके है। अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर 23 अक्टूबर को उन्हें दिल्ली में सस्म्मानित करेगा। नगर के श्रीनवदुर्गा शक्ति मंदिर कालोनी निवासी, आदर्श किसान इंटर कालेज के प्रधानाचार्य और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. भूदत्त शर्मा शिक्षा के राष्ट्रपति और राज्यपाल पुरस्कार समेत करीब तीन दर्जन से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित हैं। अब उनके सम्मानों की श्रंखला में संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर 23 अक्टूबर को एक और अंतरराष्ट्रीय सम्मान जुड़ जाएगा। दिल्ली स्थित सुप्रीम कोर्ट के सामने कृष्णा मेनन भवन सभागार में संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर 23 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच उन्हें सम्मानित करेगा। डॉ. भूदत्त शर्मा को यह सम्मान 192 राष्ट्रों के राष्ट्र ध्वजों के नागरिक अभिनंदन समारोह में प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. भूदत्त शर्मा ने कहा कि वैश्विक शांति, सुरक्षा, मानवाधिकारों की रक्षा, मानव सेवा, भारत की प्रतिष्ठा, पंचशील के सिद्धातों को वैश्विक स्तर पर बढ़ाने के लिए के लिए और राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों के लिए वह प्रतिबद्ध रहेंगे।

# दीपावली पर्व से पूर्व सड़कों को कराए गड्ढा मुक्त, नहीं तो होगी कार्यवाही : डीएम

■ जिलाधिकारी ने बीडीओ को सौपी गड्ढा मुक्त सड़कों का सत्यापन करने की जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस । आगरा



जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में जनपद की समस्त सड़कों को गड्ढा मुक्त किए जाने के संबंध में अहम बैठक जिलाधिकारी आवास कार्यालय में संपन्न हुई।

बैठक में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा बताया गया कि जनपद में उनके विभाग के अंतर्गत आने वाली 50 प्रतिशत सड़कों को गड्ढा मुक्त कर दिया गया है तथा शेष पर गड्ढा मुक्ति का कार्य त्वरित गति से संचालित है। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा गड्ढा मुक्त सड़कों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को खंड विकास अधिकारी के माध्यम से सत्यापन कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि उनके अधीन सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए टेंडर प्रक्रिया परिचालित है, जो कि 21 अक्तूबर को पूर्ण होगी। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि सड़कों को गड्ढा मुक्ति का कार्य 03 दिन में पूर्ण कर लिया जाएगा। बैठक में मंडी सचिव ने अवगत कराया कि उनके अधीन आने वाली सड़कों की मरम्मत के लिए कार्य योजना शासन को भेजी जा चुकी है और प्रकरण अभी शासन स्तर पर लंबित है, जिलाधिकारी द्वारा उनके ओर से शासन को पत्राचार करने के मंडी सचिव को निर्देश दिए गए। ए एम ए जिला पंचायत ने बताया कि उनके अधीन सभी सड़कों की मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को खंड विकास अधिकारी के माध्यम से सत्यापन कराए जाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी द्वारा विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि दीपावली पर्व से पूर्व जनपद की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी विभाग द्वारा संबंधित सड़कों को दीपावली पर्व से पहले गड्ढा मुक्ति नहीं किया गया तो जिम्मेदारी का निर्धारण करते हुए कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।उक्त के अतिरिक्त उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद के प्रमुख मार्गों की मरम्मत का कार्य पहले पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में नगर आयुक्त अंकित खण्डेलवाल, मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह सहित लोक निर्माण, नगर निगम, जिला पंचायत आदि।

# विश्व हाथ धुलाई दिवस, स्वच्छ हाथों से स्वस्थ भविष्य की ओर

जन एक्सप्रेस । आगरा

जिले में मंगलवार को स्वास्थ्य इकाइयों और स्कूलों में विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जीवनीमंडी और प्राथमिक विद्यालय नयाघेर पर आयोजित कार्यक्रम में छात्रों और समुदाय के लोगों को सुमन-के फार्मूले से हाथ धोने के बारे में प्रशिक्षित किया गया साथ ही बीमारियों को दूर रहने, साफ-सफाई रखने से बीमारियों को फैलने से रोकाने, हाथ धोने की आदत को अपनाने से स्वस्थ जीवनशैली अपनाई जाने के बारे में जागरूक किया गया । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि हाथों की धुलाई के प्रति जागरूकता पैदा करने के मकसद से पूरे विश्व में 15 अक्टूबर को विश्व हाथ धुलाई दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि हाथ धोने से हमारे आसपास के संक्रामक व बैक्टीरियल रोगों को दूर रखा जा सकता है।

# शिक्षा प्रणाली को वैश्विक मानकों के अनुरूप छात्रों को 21वीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार करना है प्रो सिंह

जन एक्सप्रेस । आगरा




शिक्षा सलाहकार मुख्यमंत्री, प्रो0 डीपी सिंह की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में आगरा मण्डल के उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा एवं व्यावसायिक शिक्षा की मण्डलीय एवं जनपदीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में संयुक्त विकास अधिकारी, मण्डल, आगरा, अपर आयुक्त (प्रशासन) मण्डल आगरा एवं विभागों के मण्डलीय एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

बैठक में शिक्षा सलाहकार मुख्यमंत्री, प्रो0 डीपी सिंह द्वारा उपरोक्त समस्त विभागों के अधिकारियों से वर्तमान में संचालित विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार के द्वारा बनायी गयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 शिक्षा के क्षेत्र के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इसका उद्देश्य भारतीय शिक्षा प्रणाली को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाना और छात्रों को 21वीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अन्तर्गत छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु उन्हें भारतीय परम्परा, संस्कृति एवं शास्त्रों को ध्यान में रखते हुए उनमें बेसिक से लेकर प्राविधिक शिक्षा के ज्ञान को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने छात्र/छात्राओं में शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति का ज्ञान बढ़ाने पर भी जोर देने हेतु निर्देशित किया तथा शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर किए जाने के उद्देश्य से कक्षा-06 से क्वालिटी एजूकेशन एवं स्किल एजूकेशन को बढ़ावा दिए जाने के सम्बन्ध में विस्तृत निर्देश दिए गये।

बैठक में शिक्षा सलाहकार मुख्यमंत्री, ने शिक्षा के अधिकार पर जोर देते हुए कहा कि चाहे बेसिक शिक्षा हो या फिर माध्यमिक, उच्च, व्यावसायिक एवं प्राविधिक शिक्षा, समस्त शिक्षा के क्षेत्र में प्रत्येक बच्चे को शिक्षा का अधिकार दिया जाए। अधिकारी प्रयासरत रहें कि किसी भी तरह से छात्रों के इस अधिकार का हनन न हो। शिक्षा की गुणवत्ता में बेहतर सुधार हो सके, इसके लिए नए मानक तैयार किए जाएंगे। उन्होंने शिक्षा का विस्तार करने के लिए ऑनलाइन और दूरस्त शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु निर्देशित किया और कहा कि शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों को मजबूत किया जाएगा।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली समूह की दीदियो को वितरित किया गया ई स्कूटी



जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

जिला प्रशासन तथा एनटीपीसी व अल्ट्राटेक सीमेंट के सहयोग से जिलाधिकारी अविनाश सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली 35 समूह की दीदियों/समूह सखियों/बैंक सखियों की ई स्कूटी प्रदान कर उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इससे पूर्व में भी उत्कृष्ट कार्य करने वाली पांच दीदियों को ई स्कूटी प्रदान की जा चुकी है इस प्रकार अब तक कुल 40 दीदियों को ई स्कूटी देकर सम्मानित किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 51 उत्कृष्ट कार्य करने वाली दीदियों को ई स्कूटी प्रदान करने का लक्ष्य है जिसके सापेक्ष अब तक कुल 40 दीदियों को प्रेरणा श्रोत हेतु ई स्कूटी प्रदान कर सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर एनटीपीसी एवं अल्ट्राटेक के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भारतीय नौसेना ने नौसेना के नागरिकों को बीमा प्रदान करने के लिए बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

जन एक्सप्रेस । आगरा

भारतीय नौसेना के नागरिक कर्मियों को जीवन बीमा से संबंधित सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने के लिए भारतीय नौसेना ने देश की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक बजाज आलियांज लाइफ के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। 08 अक्टूबर 2024 को किए गए इस समझौता ज्ञापन के तहत बजाज आलियांज लाइफ किफायती दरों पर व्यापक कवरेज सुनिश्चित करते हुए विभिन्न प्रकार के जीवन बीमा प्रॉडक्ट उपलब्ध कराएगा।

नौसेना नागरिकों के वर्ष के तहत आयोजित गतिविधियों के एक भाग के रूप में इस अवसर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, कार्मिक प्रमुख वाइस एडमिरल संजय भल्ला ने बजाज आलियांज लाइफ द्वारा प्रस्तुत



उन जीवन बीमा समाधानों की सराहना की, जिन्हें विशेष रूप से भारतीय नौसेना के नागरिकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है।

बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ श्री तरुण चुघ ने कहा, बजाज आलियांज लाइफ में हम सभी के लिए यह वास्तव में गर्व का क्षण है कि हमें भारतीय नौसेना के कर्मियों को जीवन बीमा सेवाएँ प्रदान करने का अवसर मिला है। भारतीय नौसेना के 2024 - नौसेना नागरिकों के वर्ष के अनुरूप - हम नौसेना नागरिकों के लिए अपनी सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। मेरा मानना है कि यह जीवन बीमा के लाभों को और अधिक भारतीयों तक पहुँचाने और हमारे देश के भीतर बीमा पैठ की खाई को दूर करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हम भारतीय नौसेना को केवल सबसे प्रभावी और सहज-सरल समाधान प्रदान करें।

इस भागीदारी के तहत बजाज आलियांज लाइफ जीवन बीमा से संबंधित विभिन्न प्रॉडक्ट उपलब्ध करा रहा है। ये ऐसे प्रॉडक्ट हैं, जो भारतीय नौसेना से जुड़े नागरिकों के विभिन्न जीवन लक्ष्यों को पूरा करने के लिहाज से बहुत उपयोगी हैं। भारतीय नौसेना के नागरिक कर्मियों को उनके जीवन लक्ष्यों को सुरक्षित करने के लिए टर्म इंश्योरेंस और पर्याप्त जीवन बीमा कवरेज के महत्व को समझने में मदद करने के लिए शैक्षिक सेमिनार और सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। कंपनी नौसेना के नागरिकों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने वाली अनूठी प्रक्रियाओं को भी पेश करेगी।

# किया इंडिया ने एयरटेल बिजनेस से साझेदारी की; ग्राहकों को किया कनेक्ट 2.0 का नया अनुभव मिलेगा

जन एक्सप्रेस । आगरा

देश में सबसे तेजी से बढ़ती प्रीमियम कार निर्माता कंपनियों में से एक किया इंडिया ने अपने किया कनेक्ट 2.0 प्लेटफॉर्म के लिए भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल (एयरटेल) की बी2बी शाखा एयरटेल बिजनेस के साथ साझेदारी की है। यह 2.0 प्लेटफॉर्म पांच बातों पर फोकस करता है। वह है वाहन प्रबंधन, एआई वॉयस कमांड, सुविधा, रिमोट कंट्रोल, सुरक्षा और नेविगेशन। इस साझेदारी से एयरटेल के मजबूत राष्ट्रव्यापी संचार नेटवर्क के माध्यम से किया के सभी कनेक्टेड कार वेरिएंट को विश्वसनीय और से रियल-टाइम कनेक्टिविटी मिलेगी जिससे महत्वपूर्ण डेटा का बिना पेरेशानी के ट्रांफर संभव होगा।

इस पर टिप्पणी करते हुए, किया इंडिया के सीनियर वीपी और सेल्स एंड मार्केटिंग हेड, हरदीप सिंह बरार ने कहा, अपने 2.0 ट्रांजिशन के हिस्से के रूप में, हम ओटीए (ओवर-द-एयर) किया कनेक्ट डायग?नोस्टिक्स की शुरुआत कर रहे हैं, जो सॉफ्टवेयर-डिफाइंड वाहनों की व्यापक संभावनाओं को अनलॉक करता है, जहां इत (आई ओ टी )तकनीक हमारी पेशकशों के लिए मूल आधार बन जाती है। हम एयरटेल बिज़नेस के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं, जिसके फ्यूचरिस्टिक सॉल्यूशन हमारे वाहनों के साथ सहजता से इंटीग्रेट हो जाएंगे। इससे मज़बूत डेटा सेफ्ची और गोपनीयता सुनिश्चित होगी। एयरटेल के व्यापक नेटवर्क के साथ, हम ग्राहक अनुभव को और बेहतर कर पाएंगे जिसके लिए किया प्रसिद्ध है।

# मैगलगंज नेशनल हाईवे पर कार सवार बदमाशों ने तीन युवकों के साथ मारपीट कर लूटे दो मोबाइल

- घुंघचाई थाना क्षेत्र के शहबाजपुर स्थिति राइस मिल के निकट हुई घटना
- देर रात स्वजनों के साथ थाना पंहुचे युवकों ने पुलिस को दी घटना की जानकारी

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



पूरनपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में खाना बनाकर घर वापस लौट रहे बाइक सवार तीन युवकों को हाईवे पर खड़े आधा दर्जन कार सवार बदमाशों ने रोंक लिया। मारपीट कर जेब रखे रुपए और दो मोबाइल लूट लिए। वारदात के बाद कार सवार बदमाश मौके से फरार हो गए। पीड़ित युवकों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।पीड़ितों ने बताया कि देर रात पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर पूछताछ की।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया ताल्लुके अजीतपुर बिल्हा निवासी आशीष गुप्ता, आकाश कुशवाहा, आकाश शर्मा सोमवार रात पूरनपुर की पंकज कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में खाना बनाने गए हुए थे। रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे बाइक सवार तीनों युवक पूरनपुर वाया मैगलगंज नेशनल हाईवे से घर वापस लौट रहे थे। शहबाजपुर में स्थिति राइस मिल के पास हाईवे पर खड़े आधा दर्जन कार सवारों ने बाइक सवारों को रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने बाइक की चाबी निकाल ली। बाइक चोरी की बताकर धमकाया गया। विरोध पर बदमाशों ने बाइक सवार युवकों के साथ मारपीट कर जेब में रखी नगदी, आशीष गुप्ता, आकाश शर्मा का मोबाइल, घडी लूट ली। आकाश कुशवाहा ने मोबाइल पास में ही फेंक दिया। वारदात के बाद कार सवार बदमाश मौके से फरार हो गए।पास में फेंके मोबाइल को खोजकर घटना की जानकारी पीआरबी को दी। देर तक पीआरबी मौके पर नहीं पंहुची। युवकों के शोर शराबा करने पर कार सवार राहगीर रुक गए। राहगीरों ने कार सवार बदमाशों का पीछा किया।कार सवार बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित युवकों ने घटना की जानकारी स्वजनों को दी।स्वजन देर रात तीनों युवकों को लेकर घुंघचाई थाना पंहुचे। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी जुटाई।

> घटना की जानकारी नहीं है। युवक मोबाईल के डिब्बे लेकर आए थे। थाना क्षेत्र में कोई घटना न होने के कारण उन्हें वापस कर दिया गया।
> **विषेश कुमार, थानाध्यक्ष घुंघचाई।**

# घर के अंदर साल की लकड़ी का चिरान कर रहे एक आरोपित को पकड़ा

- मौके से साल की अवैध लकड़ी और चिरान के उपकरण बरामद
- दो आरोपितों के विरुद्ध लिखी गई प्राथमिकी, एक को भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



जंगल से साल का पेड़ काटने के बाद घर के अंदर लकड़ी का चिरान करने की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने एक आरोपित को पकड़ लिया। घेराबंदी के दौरान एक आरोपित टीम को चकमा देकर भाग गया।घर के अंदर से एक वोटा, छह बरगा साल की लकड़ी बरामद की। दोनों आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पकडे गए आरोपी को जेल भेज दिया।

पीटीआर में हो रही अवैध घुसपैठ पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।गश्त में लापरवाही के चलते तस्कर जंगल में घुसपैठ कर वन संपदा को नुकसान पंहुचा रहे हैं। सोमवार हरीपुर रेंजर वीरेंद्र सिंह रावत को सूचना मिली की जंगल से साल के पेड़ को काटने के बाद जटपुरा के एक घर में लकड़ी का चिरान किया जा रहा है। रेंजर ने वन दरोगा ज्ञानी सिंह अन्य टीम के साथ घर में दबिश देकर एक आरोपी को मौके से पकड़ लिया। टीम को देख एक आरोपी मौके से फरार हो गया।तलाशी के में घर अंदर से एक वोटा, छह बरगा साल की लकड़ी, आरा, आरी बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी और बरामद लकड़ी को रेंज कार्यालय लाया गया। पकड़े गए आरोपित ने पूछताछ में अपना नाम नौरंग सिंह और फरार आरोपित का नाम राजेश प्रताप सिंह निवासी जटपुरा बताया। आरोपितों के विरुद्ध वन संरक्षण अधिनियम की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई।पकडे गए आरोपी को मंगलवार जेल भेज दिया गया।

# तेंदुए की मौत से फैली सनसनी उप प्रभागीय वनाधिकारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे

- 13 दिन के भीतर एक और तेंदुए की मौत, शिकार छीनने में चली गई जान
- तेंदुए के सबको कब्जे में लेकर पीटीआर मुख्यालय लाया गया

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

### शिकार छीनने में चली गई मादा तेंदुए की जान

हरीपुर रेंज में मृत मिले तेंदुआ की मौत आपसी संघर्ष में होने की आशंका जताई जा रही है। वन अफसरों का कहना है कि मादा तेंदुआ शिकार पर रही होगी। इस पर बाघिन भी आ गई। शिकार को लेकर मादा तेंदुआ और बाघिन के बीच संघर्ष हुआ और इसी में मादा तेंदुआ की जान चली गई। वन अफसरों के मुताबिक बाघिन तेंदुआ को मारने के बाद शिकार को घसीटते हुए ले गई। हालांकि घटनास्थल पर कोई अवशेष नहीं मिला है। घटनास्थल पर मिले पगमार्क से बाघिन के साथ संघर्ष होने की पुष्टि हो रही है।

मंगलवार को एक बार तब सनसनी फैल गई जब एक तेंदुए की और मौत हो गई बताते चलें कि गश्त के दौरान सुबह करीब लगभग 10-00 बजे हरीपुर रेंज के कंपार्टमेंट एक में तेंदुआ का सब पड़ा हुआ मिला जिसमें गश्त कर रही टीम में हड़कंप मच गया।

हरीपुर रेंज में 13 दिन के भीतर एक और तेंदुए की मौत से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर उप प्रभागीय वनाधिकारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। शव को कब्जे में लेकर पीटीआर मुख्यालय लाया गया है। वन अफसर मादा तेंदुए की मौत आपसी संघर्ष में होने की संभावना जता रहे हैं। फिलहाल तेंदुए की मौत किस वजह से हुई, इसका खुलासा बुधवार को होने वाले पोस्टमार्टम के बाद ही हो सकेगा। घटना पीलीभीत टाइगर रिजर्व की हरीपुर रेंज में मंगलवार सुबह हुई। हरीपुर रेंज के वनरक्षक हर्षित कुमार टीम के साथ सुबह जंगल में गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान सुबह करीब 10 बजे हरीपुर रेंज के कंपार्टमेंट एक में एक तेंदुआ का शव पड़ा दिखाई दिया। इससे गश्त कर रही टीम में हड़कंप मच गया। वनरक्षक ने तत्काल इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी। सूचना मिलने पर उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान टीम के साथ हरीपुर रेंज पहुंचे। उन्होंने क्षेत्रीय वनाधिकारी वीरेंद्र सिंह रावत एवं डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार आदि के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। उन्होंने गश्त करने वाले वन कर्मियों से भी इस बाबत जानकारी ली। तेंदुआ के शव को कब्जे में लेकर पीटीआर मुख्यालय लाया गया है। वन अफसरों के मुताबिक तेंदुए के शव का पोस्टमार्टम बुधवार को एनटीसीए की गाइडलाइन के मुताबिक किया जाएगा। इसके बाद ही तेंदुआ की मौत की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## सपा कार्यकर्ताओं ने सपा प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सिरकोनी हौज टोल प्लाजा पर सोमवार शाम को लखनऊ से वाराणसी जा रहे सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का जफराबाद विधानसभा क्षेत्र के सपा नेता आलोक त्रिपाठी लकी के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओ ने माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आलोक त्रिपाठी लकी ने प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल से विधानसभा क्षेत्र में लगातार सक्रियता से बन कर लोगो के सुख दुख में शामिल होकर उनके साथ खड़ा रहने की जानकारी को अवगत कराया। प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करने वालो में विधानसभा अध्यक्ष नंदलाल यादव, आनंद पांडेय जिला उपाध्यक्ष प्रबुद्ध सभा, नरेंद्र गौतम, शिव संत यादव, बच्चू लाल यादव, विनोद यादव, प्रवीण कुमार सहित काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हरीपुर के जंगल में शिकार की खींचतान में बाघिन से हुए संघर्ष में मादा तेंदुआ की मृत्यु

- गश्त के दौरान कंपार्टमेंट नम्बर एक में पड़ा मिला तेंदुआ का शव
- पीटीआर मुख्यालय पर रखा गया शव, बुधवार को होगा पोस्टमार्टम

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

### 3 अक्टूबर को कंपार्टमेंट 88 में मिला था शव

शिकार को लेकर हो रहे संघर्ष में बाघिन लगातार तेंदुओं की जान ले रही है हरीपुर रेंज के कंपार्टमेंट 88 में तीन अक्टूबर को भी एक व्यस्क तेंदुआ का शव मिला था। बाघ से संघर्ष में तेंदुआ की मृत्यु की पुष्टि हुई थी। 12 दिन बाद एक बार फिर हरीपुर रेंज में ही वन्यजीव हमले में तेंदुआ की मृत्यु से जंगल में गश्त की पोल खुल रही है।

> हरीपुर रेंज में तेंदुआ का शव मिला है। तेंदुआ के शरीर पर वन्यजीव के हमले के निशान हैं। प्रथम दृष्टया बाघ हमले में उसकी मृत्यु होने की आशंका है। बुधवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इसके बाद ही मृत्यु का असली कारण पता चल सकेगा।
> **मनीष सिंह, डीएफओ पीटीआर।**

शिकार खाने को लेकर बाघिन से हुए संघर्ष में मादा तेंदुआ की मौत हो गई। वन विभाग की टीम को गश्त के दौरान जंगल के अंदर तेंदुआ का शव पड़ा मिला। घटना की जानकारी से महकमे में खलबली मच गई। घटनास्थल के आसपास पग मार्क ट्रेस किए गए। मादा तेंदुआ के शव को जिला मुख्यालय पर फ्रीजर मे रखा गया है। पैनल गठित कर बुधवार तेंदुआ के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

पीटीआर में वन्य जीव संरक्षण के सफल परिणाम के बीच वन्य जीव संघर्ष चुनौती बनकर उभर रहा है। दो सप्ताह में हरीपुर रेंज के जंगल में दो तेंदुआ जान गवा चुके हैं। मंगलवार दुधवा टाइगर रिजर्व की किशनपुर सेंचुरी से डेढ़ सौ मीटर दूर पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) की हरीपुर रेंज के कंपार्टमेंट नंबर एक में वनकर्मियों ने तेंदुआ का शव पड़ा देखा।

इसकी सूचना हरीपुर के वन क्षेत्राधिकारी वीरेंद्र कुमार रावत को दी गई। वह टीम के साथ पहुंचे। जानकारी पर उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश कुमार चौहान और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के परियोजना अधिकारी नरेश कुमार घटनास्थल पर पहुंच गए। जिस स्थल पर तेंदुआ का शव पड़ा था वहां संघर्ष के निशान और पदचिंह थे। ट्रेस करने पर बाघ के पदचिन्ह निकले।

तेंदुआ के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय पर भेजा गया है। बाघिन के हमले में तेंदुआ की मृत्यु होने की आशंका है।

रेंजर ने बताया कि एहतियात के तौर पर टीम को लगाया गया है। मौके पर बाघ के पदचिन्ह मिले हैं। उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान ने बताया कि शिकार को लेकर खींचतान के बाद बाघिन से हुए संघर्ष में मादा तेंदुआ की मौत हुई है।

### घर से तीन दिन पहले लापता हुई किशोरी का तालाब में मिला शव

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत। जनपद के थाना सुनगढ़ी क्षेत्र में विगत 14 वर्षीय नाबालिक बालिका घर से बगैर जानकारी दिए हुए कहीं चली गई थी जिनकी तहरीर 12 अक्टूबर को थाने में दी गई थी और आज गांव के ही बाहर तालाब में उसका शव पड़ा मिला। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी जुटाई। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज पुलिस छानबीन कर रही है। सुनगढ़ी क्षेत्र के एक व्यक्ति ने 12 अक्टूबर को तहरीर देकर बताया था कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री घर से बिना बताए चली गई थी। इसके बाद काफी तलाश किया गया लेकिन अभी तक कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। किशोरी की तलाश चल रही थी लेकिन उसका कुछ सुराग नहीं लग सका। सोमवार देर शाम गांव के बाहर तालाब में किशोरी का शव पड़ा मिला। इसकी सूचना मिलने पर सुनगढ़ी पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। हत्या और खुदकुशी को लेकर पुलिस छानबीन कर रही है। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। उसी आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। एफआईआर दर्ज की जा चुकी थी।

# ववाहिता और ससुर की मौत के मामले में दोनों तरफ से दर्ज हुई हत्या की प्राथमिकी

- महिला और उसके ससुर की लटकने की वजह से हुई थी मृत्यु
- पोस्टमार्टम के बाद विवाहित का शव मायके ले गए स्वजन

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

> महिला और ग्रामीण की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मृत्यु होना पाया गया है। दोनों तरफ से दी गई तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। विवेचना के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> **विशाल चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर**

विवाहित और उसके ससुर की मौत को लेकर लगे आरोप प्रत्यारोप के बाद दोनों तरफ से दी गई तहरीर पर पुलिस ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए हत्या और मायके पक्ष पर रनधीर की हत्या के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। महिला और उसके ससुर की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग (लटकने) की वजह से मृत्यु होना पाया गया है।पोस्टमार्टम हाउस से महिला का शव उसके मायकेवाले अपने साथ ले गए। ग्रामीण का शव गांव लाकर अंत्येष्टि कर दी गई। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

थाना क्षेत्र के गांव गुलड़िया भूपसिंह निवासी सूरज की पत्नी तासू सिंह का रविवार को कमरे में दुपट्टे के फंदे से शव लटका मिला था। करेली थाना क्षेत्र के गांव सिंगरौली निवासी तासू के मायके वालों ने दहेज के लिए हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया था। महिला के मायके और ससुराल पक्ष में वार्ता होने पर मायके वालों ने पांच लाख रुपये की मांग की थी। तीन लाख की नकदी और पांच तोला सोना मायके वालों को देना तय हुआ। मायकेवालों को रूपये और जेवरात देने पहुंचे सूरज के पिता रनधीर का भी शव पेड़ में रस्सी के सहारे लटका मिला था। एक घर में दो लोगों की मृत्यु से खलबली मच गई थी। रनधीर के भाई संजीव सिंह ने मंगलवार को सूरज के ससुराली अभिमन्यु सिंह, सुमन देवी, स्वतंत्रपाल विदुर सिंह निवासी सिमरौली और घनश्यामपुर थाना निगोही जिला शाहजहांपुर निवासी अनिल सिंह पर पिता की हत्या कर शव लटकाने, तीन लाख की नकदी व पांच तोला सोना लेकर भाग जाने का आरोप लगाया है। उधर तासू सिंह के पिता अभिमन्यु सिंह ने बेटी की दहेज के लिए हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को तहरीर दी। पोस्टमार्टम हाउस से तासू सिंह का शव उसके मायके वाले अपने साथ ले गए। उन्होंने सिमरौली में उसकी अंत्येष्टि की। रनधीर सिंह का शव गांव लाया गया। जहां गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। थानाध्यक्ष विशेष कुमार ने बताया कि तासू सिंह के पिता की तरफ से दहेज हत्या और रनधीर के भाई की तरफ से हत्या की प्राथमिकी लिख ली गई है।

# श्री राम का हुआ राज्याभिषेक सभी नगर वासियों ने किया भव्य सगत

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



आज स्थानीय परमठ मंदिर पर श्री राम राज्याभिषेक की लीला का सजीव मनमोहक मंचन किया गया।

प्रभु राम का अयोध्या पहुंचने पर सभी नगर वासियों ने भव्य स्वागत किया। कुलगुरू वशिष्ठ प्रभु राम के राज्याभिषेक की बात कहते हैं। यह खबर सुन सभी नगरवासी प्रश्न हो उठे। सभी नदियों का जल मंगाकर कुलगुरु वशिष्ठ प्रभु राम का स्नान कराने के पश्चात शुभ मुहूर्त और लग्न में वेद मंत्रोच्चार पूर्ण उनका राज्याभिषेक करते हैं। प्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि कीन्हा। पुनि सब विप्रह आयुस दीन्हा। वशिष्ठ मुनि प्रभु राम का तिलक करते हैं बाद में अन्य ब्राह्मण लोग तिलक करते हैं। माताएं राजसिंहासन पर प्रभु राम को देख अत्यंत हर्षित हो उठीं। देवगण पुष्पवर्षा करने लगे। राजसिंहासन पर भरत-छत्र, लक्ष्मण - चंवर, शत्रुघ्न - पंखा, विभीषण - धनुष, अंगद - तलवार, हनुमान - ढाल तथा सुग्रीव - शक्ति लिए प्रभु राम तथा सीता की सेवा में शोभायमान हैं। इसके बाद प्रभु राम सभी को वस्त्राभूषण प्रदान करते हैं। यह मंचन देख सभी भक्तगण प्रभु राम की जय जयकार कर उठे। आज इस अवसर पर महंत ओमकार नाथ, सुनील मिश्रा, अमरीश शर्मा अंबू, भानु प्रताप सिंह, प्रेम सिंह, नरेश शुक्ला, आयुष सक्सेना, अमिताभ त्रिपाठी, संजीव मिश्रा, अंकुर गुप्ता, रमाकांत पांडेय, संजीव शर्मा, अवनीश शर्मा, संजीव मोहन अग्रवाल, अंशुमान मिश्र, अमित जौहरी, आकाश कश्यप, सुधीर पाल सिंह, महेंद्र गुप्ता, प्रतीक अग्रवाल, विश्वास प्रकाश सक्सेना, प्रदीप शर्मा, पुनीत शर्मा, विनीत शर्मा आदि सहित अनेकों पदाधिकारी एवं भक्तगण उपस्थित रहे। लीला का संचालन संजय पांडेय, सोमनाथ सप्रे तथा अंकुर मिश्रा ने किया एवं रामायणी निशांत तिवारी तथा ओमकार सिंह यादव ने रामचरितमानस चौपाइयों का गायन किया।

# गोकसी की सूचना पर पहुंची पुलिस पर तस्करो ने की फायरिंग



जन एक्सप्रेस । जहानाबाद

जनपद के थाना जहानाबाद क्षेत्र में गोकशी की सूचना पर ग्राम बरातबोझ में दबिश मारने पहुंची पुलिस टीम पर तस्करों ने फायरिंग कर दी। हालांकि अच्छी बात यह रही की कोई भी पुलिसकर्मी इसमें घायल नहीं हुआ। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पांच गोमांस तस्करों को धर दबोचा। गोवंश भी जिंदा बरामद कर लिया गया। आरोपियों को रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है। जहानाबाद पुलिस को मंगलवार सुबह सूचना मिली कि ग्राम बरातबोझ में एक निर्माणाधीन मकान के पीछे पांच तस्कर गोहत्या करने वाले हैं। एक गोवंश को बांधकर डाल रखा है। गोकशी से जुड़ी सूचना मिलने पर जहानाबाद पुलिस ने आनन-फानन में बताए गए स्थान पर दबिश दी। आरोप है कि पुलिस टीम पर तस्करों ने फायर कर दिया। हालांकि इसमें कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस ने मौके से पांच तस्कर ग्राम निसरा निवासी सलीम, तस्लीम, अमन, सितारगंज (उत्तराखंड) के ग्राम सिसैया के आरिस, ग्राम बरातबोझ के शाकिर को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से दो तमंचे, तीन कारतूस, गोकशी से संबंधित औजार और एक जिंदा गोवंश बरामद किया। पांचों तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# हमेशा गरीबों की लडाई लड़ते थे पूर्व सांसद अर्जुन सिंह: प्रोफेसर राकेश

- राजबहादुर पीजी कॉलेज गुलालपुर में मनाई गई पूर्णतिथि
- ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षण संस्थानों की स्थापना कर जगाई शिक्षा की अलख

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जिले के पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक स्वर्गीय अर्जुन सिंह यादव की 26वीं पुण्यतिथि समारोह पूर्वक शिक्षण संस्थानों में मनाई गई। जिसमें उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए लोगों ने कहा वह हमेशा गरीबों के लिए लड़े और जीए। उनका जीवन क्षेत्र के विकास में समर्पित रहा।

गुलाबी देवी पीजी कॉलेज सिद्दीकपुर में पूर्व विधायक एवं पूर्व सांसद स्वर्गीय अर्जुन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए मुख्य वक्ता प्रोफेसर राकेश कुमार यादव ने कहा कि वह ऐसे नेता थे जो हमेशा क्षेत्र की विकास के लिए समर्पित रहे। गरीबों मजलूमों की लड़ाई लड़ते थे और जिले में शिक्षण संस्थानो मे पूर्वांचल विश्वविद्यालय जैसे शिक्षण संस्थान की स्थापना में अपनी जमीन देकर बड़ी भूमिका निभाई।डॉ राज बहादुर ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन सादगी भरा था और बार बार निर्दल चुनाव जीतना ही यह साबित करता था कि वह जनता के नायक थे। एडवोकेट अजय कृष्ण बबलू सारंग ने कहा कि जब भी उनके पास उम्मीद लेकर कोई भी जाता था, उन्हें कभी निराश नहीं होना पड़ा और वह जनता की पुकार पर क्षेत्र में हमेशा बने रहते थे। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षण संस्थाओं की स्थापना करवाकर शिक्षा की अलख जगाई और बच्चों को बाहर पढने जाने से राहत मिली। राज बहादुर पीजी कॉलेज गुलालपुर में छात्रों शिक्षकों ने समारोह पूर्वक पूर्णतिथि मनाई।

जिसमें प्रबंधक विवेक यादव, प्राचार्य डा ज्योतिष प्रकाश, राजेंद्र पाल, राधेश्याम ने उनके जीवन चरित्र प्रकाश डाला।

इस अवसर पर सपा के वरिष्ठ नेता लालचंद यादव लाले, प्राचार्य डॉ रमाशंकर, अश्विनी यादव, अंकुर यादव कान्हा, कृष्णेश यादव रिंकू, चंदन सिंह, आशुतोष, अंकित, दिवाकर, टोनी, अशोक मौजूद रहे।

# कार दुर्घटना में घायल अधेड़ की उपचार के लिए ले जाते समय हुई मौत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर





जफराबाद थाना क्षेत्र के हौज गांव के पास सोमवार को कार की टक्कर से घायल 58 वर्षीय अधेड़ की उपचार के लिए बीएचयू ले जाते समय रास्ते मे मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।।घटना के बाद कार चालक वाहन सहित भाग गया था।

हौज शिवाला गांव निवासी राजनाथ राजभर गांव में स्थित सरकार द्वारा संचालित गोशाला में काम करता था।वह गोशाला से काम करके साइकिल से घर खाना खाने जा रहा था।हौज गांव के पास वह साइकिल से उतरकर पैदल ही चलने लगा।उसी समय लखनऊ से वाराणसी की तरफ जा रही कार ने उसे टक्कर मार दिया था। जिससे वह अचेत होकर सड़क के किनारे गिर गया।सूचना पाकर ग्राम प्रधान चंदन चौहान मौके पर पहुंच गए।वे राजनाथ को जिला चिकित्सालय ले गए। जहां उसका उपचार चल रहा था। थोड़ी देर बाद हालात गम्भीर होने पर चिकित्सको ने राजनाथ राजभर को ट्रामा सेंटर बीएचयू रेफर कर दिया था।जहां बुधवार को उसकी मौत हो गयी।

मृतक के पुत्र ने कार नम्बर यू पी 65 डी.एन. 6803 के चालक ने लापरवाही ढंग से कार चलाते हुए टक्कर मार दिया। जिससे यह घटना हुई। थानाप्रभारी जयप्रकाश यादव ने वादी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# धूमधाम से दुर्गा प्रतिमा का हुआ विसर्जन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




शाहगंज नगर में दुर्गा पूजा पांडाल में स्थापित प्रतिमा को गाजे-बाजे के साथ जलूस निकाल कर नगर भ्रमण कर विसर्जन किया गया।

नगर के नयी आबादी मोहल्ला स्थित श्री आदि दुर्गा पूजा समिति ने सोमवार को भव्य ढंग से मां दुर्गा की प्रतिमा का विदाई समारोह का आयोजन किया। यात्रा के दौरान शेर सवार माता के जयकारे संग जमकर अबीर गुलाल उड़ाया गया। जिसमें मोहल्ले की महिलाओं ने मां का सिंगार कर भक्ति मय गीत गाते हुए पुरूषों के साथ नम आंखों से मां दुर्गा की विदाई किया। इस दौरान जलूस गाजे बाजे के साथ योगी तिराहे से रोडवेज, तहसील से खुटहन मार्ग होते हुए विसर्जन स्थल बनुवाडीह में जाकर समाप्त हुआ। सैकड़ों भक्त महिलाएं आदि मौजूद रहीं।

# कन्नौज सदर विधानसभा में अब तक 40 हजार से अधिक सदस्य बने






जन एक्सप्रेस । कन्नौज

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 3 सितंबर को राष्ट्रव्यापी विशेष सदस्यता अभियान की शुरुआत की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य पार्टी की विचारधारा, नीतियों और कार्यक्रमों को अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुँचाना है। कन्नौज सदर विधानसभा में अब तक 40 हजार से अधिक नए सदस्यों ने पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण की है। सदस्यता अभियान को गति देने के लिए आज पार्टी कार्यालय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने की वही मुख्य रूप से क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी, निवर्तमान सांसद सुब्रत पाठक, मंत्री असीम अरुण उपस्थित रहे। वही सदर विधायक व मंत्री असीम अरुण ने कहा, पार्टी का लक्ष्य इस अभियान के माध्यम से लाखों नए सदस्य जोड़कर जन-जन को भाजपा के साथ जोड़ना है। श्री अरूण ने समाज के हर वर्ग से सदस्यता ग्रहण कर नए भारत के निर्माण में सहभागिता का आह्वान किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने विशेष सदस्यता अभियान की औपचारिक घोषणा के समय कहा, यह अभियान भाजपा के मूल्यों, विचारधारा और नीतियों को पूरे देश में फैलाने का एक अनूठा प्रयास है। हम सबको को इस सदस्यता के पर्व में अपनी अपनी भागीदारी निभानी है और भाजपा को और मजबूत बनाना है। वही सुब्रत पाठक ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से हम अधिक से अधिक नागरिकों को भाजपा परिवार का हिस्सा बनने का अवसर प्रदान करेंगे और राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करेंगे।

### विभिन्न माध्यमों से ले रहे हैं सदस्यता

अभियान के अंतर्गत नागरिक विभिन्न माध्यमों से पार्टी की सदस्यता ले रहे हैं। पार्टी ने इस बार डिजिटल सदस्यता अभियान को मुख्य रूप से प्रोत्साहित किया है। इच्छुक सदस्य भाजपा की आधिकारिक वेबसाइट या मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। साथ ही, मिस्ड कॉल के माध्यम से भी सदस्यता लेने की सुविधा प्रदान की गई है। अभियान में समाज के सभी वर्गों को लक्षित किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग विशेषकर युवा, महिलाएं, किसान, अनुसूचित जाति/जनजाति और पिछड़े वर्गों को भाजपा से जोड़ना है। ताकि पार्टी की नीतियों और विकास योजनाओं को इन वर्गों तक पहुँचाकर उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में काम किया जाएग। पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को सदस्यता अभियान से जोड़ रहे हैं और भाजपा की विचारधारा से अवगत करा रहे हैं। वही क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी ने कहा कि सदस्यता अभियान के दौरान, पार्टी की ओर से विशेष कार्यक्रमों, रैलियों और संवाद सत्रों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं।

### महिला और युवा भागीदारी

भाजपा महिला और युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यक्रम चला रही है। उन्हें पार्टी की मुख्यधारा में लाने और नेतृत्व की भूमिकाओं में उन्हें सशक्त बनाने पर जोर दिया जा रहा हैं। जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा, भाजपा इस अभियान के माध्यम से भारत के विकास और सुशासन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए नए सदस्यों का स्वागत करती है। सभी नागरिकों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की जाती है इस मौके पर पार्टी पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पूर्व राष्ट्रपति कलाम की जयंती पर सपा ने उन्हें किया याद

जन एक्सप्रेस । कन्नौज




आज समाजवादी पार्टी कार्यालय में देश के पूर्व राष्ट्रपति एवं भारत रत्न व महान वैज्ञानिक डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम की जयंती एवं विधानसभा क्षेत्र कन्नौज की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष कलीम खान की अध्यक्षता एवं विधानसभा अध्यक्ष पी0पी0 सिंह बघेल जी के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत डा0 अब्दुल कलाम साहब के चित्र पर माल्यार्पण करके की गयी तत्पश्चात विधानसभा अध्यक्ष पी0पी0 सिंह बघेल नें विधानसभा की मासिक बैठक हेतु पार्टी द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों से उपस्थित नेताओं को अवगत कराया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कलीम खान एवं पूर्व विधायक अरविंद यादव नें कहा कि डा0 अब्दुल कलाम साहब देश की धरोहर थे, उन्होनें अभाव ग्रस्त जीवन से निकल कर विकसित भारत की परिकल्पना के लिए काम करते हुए भारत को अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में एवं परमाणु उर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनानें के लिए काम किया। वह जीवन भर छात्रों को सकारात्मक के साथ अपनें लक्ष्य को प्राप्त करनें काम करनें के लिए प्रेरित करते रहे। नेता जी मुलायम सिंह यादव नें रक्षा मंत्री रहते हुए डा0 अब्दुल कलाम साहब के देश के प्रति समर्पण को देखते हुए पहले रक्षा मंत्रालय का वैज्ञानिक सलाहकार नियुक्त किया था और बाद में भाजपा सरकार पर दवाव बनाकर देश के राष्ट्रपति पद के लिए नाम प्रस्तावित कर देश का राष्ट्रपति बनवानें का काम किया।

वरिष्ठ नेता जय कुमार तिवारी बउअन एवं पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे ने कहा कि डा0 अब्दुल कलाम साहब एक सच्चे राष्ट्रभक्त थे। उन्होनें अपना पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया। समाजवादी पार्टी की सरकार में कन्नौज के ग्राम फकरपुर चंदुआहार को सोलर प्लांट की सौगात दी गयी थी जिसका उद्घाटन अपने अंतिम समय में डा0 ऐ0पी0जे0 अब्दुल कलाम नें किया था जोकि एक देश की एक धरोहर होनी चाहिये थी लेकिन आज भाजपा सरकार नें अपनी द्वेषपूर्ण राजनीति के कारण उस सोलर प्लांट को बर्बाद करके रख दिया है। आज भाजपा सरकार लोगों को जाति और धर्म में बांटकर, आपस में नफरत फैलाकर राजनीति कर रही है लेकिन समाज को डा0 अब्दुल कलाम साहब से सीखकर राष्ट्र कल्याण के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए।

इस अवसर प्रदेश सचिव आकाश शाक्य एवं सयुस प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन ने कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए एकजुट होकर जुटनें एवं लोगों के सुख दुख में लगातार शामिल होते रहनें के लिए प्रेरित किया। उन्होनें कहा कि लोकसभा चुनाव की जीत जनता के प्रति हमारी जिम्मेदारी को बढ़ाती है इसलिए पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने अपने क्षेत्र में लोगों के बीच सकारात्मक रूप में सक्रीय भूमिका में रहना चाहिये एवं अधिक अधिक संख्या में लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़कर अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करनें का काम करना चाहिए।

इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन नेम सिंह यादव ने किया एवं जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी, रजनीकांत यादव, यश दोहरे अंशुल, सलोवा जिलाध्यक्ष अंशू पाल, संतोष यादव, शकील अहमद, भोले कुरैशी, कौसर खान, नाजिम खान, शिब्बू तिवारी, नितिन यादव, इंजीश्र अनुज यादव, शुभम मिश्रा, भानू गुप्ता, दमयंती कटियार, शशिमा सिंह दोहरे, आनंद बाबू यादव, बालकराम यादव, मुजम्मिल खां, अजय कश्यप, मुकेश कुशवाहा, पिंटू यादव, गोविंद यादव, राव दीपक सिंह, कमलेश कटियार, कमलकांत कटियार, दिलीप अहिरवार, हुकुम सिंह यादव, अमरदीप यादव, दयानंद कश्यप, तुफैल खान, डा श्र सुमित यादव, राकेश कटियार, सुधीर कश्यप, रामवीर कठेरिया, तौसीफ़ कुरैशी आदि नेता उपस्थित रहे।

# बहराइच हिंसा को लेकर हिन्दू संगठनों में उबाल



कन्नौज

बहराइच हिंसा को लेकर हिंदू संगठनों में गुस्सा है। उन्होंने हिंसा में शामिल मुस्लिमों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और फांसी की सजा की मांग की है। इस मुद्दे को लेकर योगी सेना ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सीओ सिटी को सौंपा। सदर कोतवाली के बड़ा बाजार स्थित राम जानकी मंदिर में हिंदूवादी संगठनों जैसे योगी सेना, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारी एकजुट हुए। वहां उन्होंने बहराइच हिंसा पर चर्चा की। योगी सेना के पवन पांडेय ने कहा कि बहराइच जैसी घटनाएं यूपी के कई जिलों में हो रही हैं। कन्नौज में भी पहले ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। बहराइच में विसर्जन यात्रा के दौरान राम गोपाल मिश्रा की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी।

### जल्द से जल्द दोषियों को फांसी दी जाए

विश्व हिंदू परिषद के नेता पंकज मिश्रा ने कहा कि राम गोपाल के साथ जो हुआ, वो बेहद अमानवीय था और ऐसे अपराधियों को समाज में रहने का कोई हक नहीं है। उन्होंने मांग की कि ऐसे मामलों पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में केस चलाकर जल्द से जल्द दोषियों को फांसी दी जाए और उनके घरों पर बुलडोजर चलाया जाए। इस मौके पर गोपाल पांडेय, केशवान्त शर्मा, अरुण कश्यप, मनोज, सत्यम आदि ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सीओ सिटी कमलेश कुमार को सौंपा।

### जनरल स्टोर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो। कस्बे की पेट्रोल पंप के समीप लालजी मार्केट में जनरल स्टोर, कॉस्मेटिक, गिफ्ट हाउस की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई धुआं देखकर पड़ोसियों ने दुकान मालिक और मार्केट मलिक को फोन कर सूचना दी सूचना पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने फायर बिग्रेड को सूचना दी और पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आसपास घरों से समरसेबल के द्वारा पानी डालना शुरू कर दिया जब तक फायर विकेट पहुंची तब तक पुलिस ने काफी आग को कंट्रोल कर लिया था। फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग पर पूरी तरह काबू पाया लाल की मार्केट में अविनाश जनरल स्टोर के नाम से मार्केट में दुकान है जिसमें जनरल, कॉस्मेटिक, गिफ्ट हाउस का सामान फुट कर व थोक में बिक्री होता था दुकान मालिक अविनाश ने बताया कि अभी हम इस स्थिति में नहीं है कि यह बता सके कि कितना नुकसान हुआ है।

# एक्सप्रेस वे पर तालग्राम कट के पास बस दुर्घटना, 8 यात्री गम्भीर




जन एक्सप्रेस । कन्नौज

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर एक डबल डेकर बस डिवाइडर से टकरा गई। जिससे 20 यात्री घायल हो गए। इनमें से 8 यात्रियों की हालत गंभीर है, जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। बाकी घायलों को तालग्राम के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। बस बिहार से यात्रियों को लेकर दिल्ली जा रही थी। इस हादसे में दिल्ली निवासी नेहा, सौरभ, उदय सरोज, लखनऊ निवासी हर्ष, रुचि यादव, आजमगढ़ निवासी प्रशांत, दीपक और कासगंज निवासी गनी अहमद गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी को तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घायलों के परिजनों को सूचना दे दी है। बाकी यात्रियों को दूसरे वाहन से उनकी मंजिल की ओर भेजा गया है।

### पुलिस ने घायलों के परिजनों को सूचना दी

हादसा रात करीब 12.30 बजे तालग्राम थाना क्षेत्र में हुआ। बस के ड्राइवर को झपकी आने के कारण वह बस को नियंत्रित नहीं कर सका और डिवाइडर से टकरा गया। एक्सीडेंट की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। यूपीडा की टीम ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त बस को सड़क से हटाया।

# अवैध शराब विक्रेता भाग निकला तो एसपी ने सस्पेंड कर दिए दो सिपाही



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

तिर्वा कोतवाली में पुलिस हिरासत से अवैध शराब बेचने का आरोपी भाग निकला था। इस मामले में एसपी ने 2 सिपाहियों को सस्पेंड कर दिया है, वहीं कोतवाल ने दोनों सिपाहियों और होमगार्ड के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवा दी है। तिर्वा के बौद्धनगर मोहल्ले के रहने वाले गौतम गिहार के खिलाफ पुलिस ने पिछले वर्ष अवैध शराब बेचने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की थी। इस मामले में युवक कोर्ट में तारीख पर नहीं पहुंचा, तो न्यायालय ने वारंट जारी कर दिया। 1 दिन पहले पुलिस ने गौतम को पकड़ लिया था। जिसके बाद उसने कोतवाली में हंगामा शुरू कर दिया।

### दीवार में खुद का सिर पटककर हुआ घायल

उसने दीवार में खुद का सिर पटक लिया, जिससे वह घायल हो गया। इलाज के लिए पुलिस उसको राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गई। जहां से वापस लाने के बाद पुलिस कर्मियों ने उसको हवालात के बाहर बैठा दिया। मौका लगते ही वह पुलिस कर्मियों को चकमा देकर भाग निकला। जब इस मामले की जानकारी पुलिस कर्मियों को हुई तो उनके हाथ-पांव फूल गए। हालांकि पुलिस ने उसे गिहार बस्ती से दोबारा पकड़ लिया।

### कोतवाल ने दर्ज कराई एफआईआर

इस मामले में लापरवाही बरतने वाले सिपाही प्रदीप कुमार और बिनोद कुमार को एसपी ने सस्पेंड कर दिया, जबकि होमगार्ड मूलचंद्र के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिला होमगार्ड कमांडेंट को पत्र लिखा है। दूसरी ओर तिर्वा कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने लापरवाही बरतने वाले सिपाही प्रदीप और बिनोद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# स्वास्थ्य कैंप में 163 टीवी मरीजों की मुफ्त जांच और दवाएं दी गई




जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में शिवराजपुर ब्लाक के मुश्ता गांव में स्वास्थ्य विभाग ने कैंप लगाकर टीबी रोगियों जांच की है।जांच दौरान 163 लोगो का सैंपल लिया चेस्ट एक्सरे के लिए 142 मरीजों की रिपोर्ट तय की गई। 61 लोगो की रिपोर्ट के लिए कानपुर सैंपल भेजा गया है।जांच उपरांत मरीजों के संभावित लक्षणों के बारे में जानकारी मिल सकेगी

मंगलवार को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत, ( टी. बी. मुक्त के लिए केंद्र व राज्य सरकार अभियान चलाकर कैंप मध्यम से चिकित्सो द्वारा जांच करवा रही है। मंगलवार को ब्लाक के मुश्ता गांव में क्षय रोग केंद्र और टी.बी?. अलर्ट इंडिया संस्था के सहयोग से एक्टिव स्क्रीनिंग हेल्थ कैंप लगा। इस दौरान गांव के संभावित मरीजों का रजिस्ट्रेशन, चेस्ट एक्स-रे जांच, बलगम सैंपल कलेक्शन कर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर टीवी अलर्ट इंडिया संस्था द्वारा पहुंचाया गया। इस दौरान एमओ अंशुल शाक्य फार्मासिस्ट सीमा सिंह, विकास, अनुराधा तिवारी, नेहा कनौजिया, आशा वर्कर, सीईओ विकास, स्टेट लीड शिवम मिश्रा, फील्ड कोऑर्डिनेटर अभय सिंह, आशुतोष और एक्स-रे टेक्नीशियन धर्मेंद्र सक्सेना, उपस्थित रहे।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की नवम बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई

जन एक्सप्रेस । रवीन्द्र कुमार भारतवंशी



जिला स्तरीय बैठक में जिला सड़क सुरक्षा समिति की नवम बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई जिसमे अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव ने कहा कि स्कूलों में बच्चों के लिए चलने वाले वाहनों/बसों आदि का फिटनेस परीक्षण कर लिया जाए, स्कूलों में अनफिट वाहन किसी भी दशा में ना चले। कहा कि स्कूलों में छात्र छात्राओं को लाने - ले जाने वाले विद्यालय द्वारा अनुबंधित वाहन नियमानुसार पूर्णतया फिट होना चाहिए तथा उसमे सभी वैध प्रपत्र होने चाहिए। अनफिट/गैर मानक वाले वाहन किसी भी दशा में सड़को पर नहीं चलने चाहिए।

वाही अधिकारी ने सड़कों पर गोवंशों के बैठने से दुर्घटनाए पर चिंता जताते 7 पुलिस, राजस्व एवं पशुपालन विभाग की टीम द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी दशा में कोई भी गोवंश सड़क पर नहीं बैठना चाहिए, इसकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाए। आने वाले ठंड के सीजन/कोहरे आदि के दृष्टिगत सड़क सुरक्षा उपायों एंटी स्मॉगर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर ने कहा कि जनपद में सेतुओं के पास प्रकाश की उचित व्यवस्था रखी जाए। आबादी क्षेत्र में, तीव्र मोड़ो पर रिफ्लेक्टर एवं अन्य सुरक्षात्मक उपकरण लगाए जाए। कहा कि दुर्घटना बाहुल्य स्थलों/हॉट स्पॉट का चिन्हांकन कर वहां पर जरूरी यातायात संकेतक, साइन बोर्ड आदि लगवाए जाएं। ओवरलोड वाहनों तथा अनफिट वाहनों पर लगातार प्रवर्तनीय कार्रवाई की जाय। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सभी विभागों द्वारा समेकित प्रयास किए जाएं ल। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु हर संभव प्रयास किए जाएं। बैठक में एसडीएम व सीओ सदर, एआरटीओ प्रवर्तन व प्रशासन, सीओ ट्रैफिक, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

### डोडवा जमौली गांव में सालो से गायब व्यक्ति नहीं लगा सुराग



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में शिवराजपुर ब्लाक के डोडवा जमौली गांव ससुराल में रह रहे व्यक्ति का कई सालो से सुराग नहीं लग सका परिजनों ने पुलिस को प्रर्थना पत्र दिया गया था। कानपुर देहात हरिराम पुरवा निवासी रमाकांत पुत्र बनवारी लगभग उम्र 55 वर्ष अपने गांव से 23 जनवरी 2015 को कानपुर नगर शिवराजपुर ब्लाक के डोडवा जमौली गांव में रहने आए हुए थे कुछ दिनो तक रुके फिर कुछ दिन बाद अचानक कही चले गए तब से अभी तक उनका कोई सुराग नहीं लगा उधर परिजनों ने गुमशुदगी के लिए तहरीर दी थी पारिवारीजन नाते रिश्तेदारी में ढूंढ कर छक चुके हैं लेकिन कहीं पर भी कोई पता नहीं चल सका है।

# घर की खिड़की तोड़ कर चोरो ने पार किया लाखों का सामान



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिले के हसेरन कस्बे में सोमवार बीती रात चोरों ने एक घर की खिड़की तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के समय घर के सदस्य छत पर सो रहे थे। सुबह जब उन्होंने घर में सामान बिखरा हुआ देखा, तो उनके होश उड़ गए।

यह घटना इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के हसेरन कस्बे की है। जहां के निवासी नीरज मिश्रा अपने परिवार के साथ घर की छत पर सो रहे थे। रात में किसी समय चोर मकान के पीछे की खिड़की तोड़कर घर में घुस गए। कमरे में रखे बक्से और सेफ के ताले तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवर और नगदी लेकर फरार हो गए।

### चोरी में करीब 10 लाख रुपए का नुकसान

मंगलवार सुबह जब परिवार के लोग जागे, तो घर का सामान बिखरा हुआ देखकर वे हैरान रह गए। नीरज मिश्रा ने तुरंत इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। थोड़ी ही देर में पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घर के पीछे टूटा हुआ बक्सा और कुछ सामान पुलिस को मिला। चोरों की तलाश के लिए पुलिस कस्बे में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। नीरज मिश्रा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि चोरों ने उनके घर से सोने का एक हार, एक जोड़ी चूड़ी, चार अंगूठियां, कमर की दो पेटी, मंगलसूत्र, एक जोड़ी बाली, दो टॉप्स, दो जोड़ी पायल और 65,700 रुपए नकद चोरी कर लिए। उन्होंने अनुमान लगाया कि इस चोरी में करीब 10 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

# हमीरपुर द्वारा महिलाओं विधिक जानकारी के हितार्थ एक शिविर का आयोजन किया गया

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर



आज दिनांक 15.10.2024 को विधान से समाधान के अन्तर्गत महिलाओं विधिक जानकारी के हितार्थ एक शिविर का आयोजन किया गया। अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर गीतांजलि गर्ग द्वारा अपने वक्तव्य में बताया कि उक्त विधिक जागरूकता कार्यकम विधान से समाधान के अन्तर्गत महिलाओं की शिकायतों के समाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सेवायें प्रदान की जाती है, यदि किसी प्रकार महिलाओं के अधिकारों का उल्लंघन होता है तो वह अपने शिकायती प्रार्थना-पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर एवं सम्बन्धित थाना में निःसंकोच केस दर्ज करा सकती हैं, महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे एसिड हमला, बलात्कार, अपहरण, दहेज उत्पीडन, एवं यौन उत्पीडन के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक बताया इसके अतिरिक्त केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ आप जब ले सकते हैं जब आप जागरूक एवं शिक्षित होगें यदि कोई आपको मानसिक व भावनात्मक रूप से भी प्रताड़ित करता है तो उसे भी घरेलू हिंसा के अन्तर्गत आता है और इसके लिए कानून में घरेलू हिंसा अधिनियम के रूप में उल्लेखित है एवं दिनांक 14.12.2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुलह समझौते के आधार पर अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं, तथा सूक्ष्म एवं लघु प्रकृति के वादों को सम्बन्धित न्यायालय के निर्देशानुक्रम में जनपद न्यायालय परिसर में मध्यस्थता केन्द्र खुला हुआ है। उक्त मध्यस्थता केन्द्र के सदस्योंध्अधिवक्ताओं द्वारा दोनों पक्षों को बिठाकर समझौता कराया जाता है। इसी कम में बताया कि महिलाओं के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु सैद्धान्तिक ज्ञान के साथ व्यवहारिक ज्ञान अति आवश्यक है। उक्त कार्यक्रम के दौरान चीफ लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम श्री आनन्द कुमार सक्सेना, रिसोर्स पर्सन नामित अधिवक्ता, श्री मुनीन्द्र कुमार शिवा, असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम श्री सत्यम, श्री मो0 असलम तृतीय श्रेणी, श्री कीर्ति सागर डाटा इन्ट्री आपरेटर, एवं श्री अमित कुमार चतुर्थ श्रेणी आदि उपस्थित रहें।

# डॉ.अब्दुल कलाम को उनकी तस्वीर पर फूल चढ़ा जयंती मनाई

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र में जगह-जगह भारत के पूर्व राष्ट्रपति, मिसाइल मैन, वैज्ञानिक के रूप में देश को अपना अमूल्य योगदान देने वाले महान व्यक्तित्व डॉ.अब्दुल कलाम जी की जयंती को सपा विधानसभा अध्यक्ष इं विनय यादव ने ककवन स्थित अपने कार्यालय पर मनाई। कलाम जी के देश के प्रति समर्पण को याद करते हुए इं विनय ने कहा कि दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाने में योगदान स्मरणीय है। भारत को परमाणु शक्ति संपन्न बनाने से लेकर अंतरिक्ष तक भारत के तिरंगे को लहराया है। डीआरडीओ और इसरो जैसे संस्थानों को नई दिशा दी। कलाम जी का कहना था कि यदि आप देश में शांति चाहते हैं तो आपको शक्तिशाली होना पड़ेगा क्योंकि शांति की स्थापना शक्ति से होती है। इसी विचारधारा के साथ कलाम जी ने देश को शक्तिशाली व समृद्ध बनाने में एक अहम भूमिका अदा की थी। कार्यक्रम में शिव शंकर, संतोष कठेरिया, मुनीश कश्यप, मो रईस, ओमजी, अंकित चक्रवर्ती, शादाब, श्रीराम गौतम, शौकत, जगल्लू, सुमित यादव, गोरे लाल दोहरे व अन्य समाजवादी साथी उपस्थित रहे।

# दिल्ली में पटाखे बैन

## ऑनलाइन डिलीवरी भी नहीं होगी, 1 जनवरी तक लागू रहेगा, भाजपा बोली, पटाखे प्रदूषण फैलाते हैं, आप वैज्ञानिक रिपोर्ट दिखाएं

- सरकार के आदेश के मुताबिक पटाखे बनाने, उन्हें स्टोर करने, बेचने और इस्तेमाल पर बैन है

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिवाली से पहले दिल्ली में वायु प्रदूषण को नियंत्रण में रखने के लिए दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने 1 जनवरी 2025 तक पटाखों को बैन कर दिया है। सरकार के आदेश के मुताबिक पटाखे बनाने, उन्हें स्टोर करने, बेचने और इस्तेमाल पर बैन है। इतना ही नहीं पटाखों की ऑनलाइन डिलीवरी भी प्रतिबंधित रहेगी। इसमें ग्रीन पटाखे भी शामिल हैं। इस बैन को सख्ती से लागू कराने की जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस को सौंपी गई है। दिल्ली पुलिस रोज इसकी रिपोर्ट डीपीसीसी को सौंपेगी। हालांकि, दिल्ली भाजपा ने पटाखों पर बैन के पीछे के औचित्य पर सवाल उठाया। साथ ही आम आदमी पार्टी सरकार पर बिना कोई वैज्ञानिक सबूत पेश किए इसे लागू करने का आरोप लगाया।



### पंजाब में केवल ग्रीन पटाखे फोड़ने की परमिशन

इधर, पंजाब सरकार ने कहा है कि दिवाली, गुरुपर्व, क्रिसमस और नए साल के जश्न के दौरान केवल ग्रीन पटाखे फोड़ने की परमिशन दी जाएगी। ग्रीन पटाखे, जो बेरियम लवण या एंटीमनी, लिथियम, पारा, आर्सेनिक, सीसा या स्ट्रोंटियम क्रोमेट के कम्पाउंड्स से मुक्त हैं। केवल उनके इस्तेमाल की परमिशन है।

### बीजेपी का सवाल, पटाखों प्रदूषण फैलाते हैं आप रिपोर्ट पेश करे

दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण कपूर ने दावा किया- दिल्ली सरकार ने पटाखों को प्राथमिक प्रदूषक के रूप में पहचानने वाली कोई रिपोर्ट तैयार नहीं की गई है। आप सरकार ने पहले एक सुरक्षित विकल्प के रूप में हरित पटाखों के उपयोग को बढ़ावा दिया था, लेकिन तब से उसने खुद को उस पहल से दूर कर लिया है। कपूर ने कहा, दिल्ली सरकार ने अभी तक कोई वैज्ञानिक रिपोर्ट पेश नहीं की है जो साबित करती हो कि दिवाली की रात जलाए गए पटाखे सर्दियों के प्रदूषण की वजह हैं।

### कमीशन ऑफ एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट ने दिल्ली में लागू किया ग्रैप-1

सोमवार को दिल्ली का एयर क्वॉलिटी इंडेक्स 200 पार होने के बाद दिल्ली एनसीआर में ग्रैप-1 लागू कर दिया है। होटलों और रेस्तरां में कोयला और जलाऊ लकड़ी के उपयोग पर बैन लगाया गया है। आयोग ने एजेंसियों को पुराने पेट्रोल और डीजल गाड़ियों (बीएस -थ्री पेट्रोल और बीएस-फोर डीजल) के संचालन पर सख्त निगरानी के आदेश दिए है। आयोग ने एजेंसियों से सड़क बनाने, रेनोवेशन प्रोजेक्ट और मेन्टेनेन्स एक्टिविटीज में एंटी-स्मॉग गन, पानी का छिड़काव और डस्ट रिपीलेंट तकनीकों के उपयोग को बढ़ाने के लिए भी कहा है।

### दिल्ली में अवैध पटाखे जब्त

दिल्ली में पटाखों पर बैन के दौरान पुलिस ने रविवार को राजधानी के कई इलाकों से 1,300 किलोग्राम से अधिक के अवैध पटाखों को जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है। जिसमें व्यापारी और उसका ड्राइवर पकड़ा गया है। दिल्ली पुलिस ने एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम एनआर-वन ने दिल्ली के विभिन्न इलाकों में अवैध पटाखों का व्यापार करने वालों का पर्दाफाश किया है। अपराध में शामिल दो आरोपी व्यापारी और ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया। दो गोदामों से 1323 किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखे जब्त किए गए हैं।

### मंत्री गोपाल राय ने दी सख्त चेतावनी

दिल्ली सरकार में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने राजधानी की जनता को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण कार्य या किसी माध्यम से जो लोग धूल प्रदूषण फैला रहे हैं, उनके खिलाफ सोमवार से अभियान तेज किया जाएगा। गोपाल राय ने कहा कि किसी को भी ढील नहीं दी जाएगी जो भी नियम का उल्लंघन करेगा उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ एंटी डस्ट कैंपेन के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# आदर्श आचार संहिता से चंद मिनट पहले दिवाली बोनस का एलान



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बड़ा एलान किया। उन्होंने निचले स्तर के सरकारी कर्मचारियों के लिए दिवाली बोनस की घोषणा की। शिंदे ने कहा कि बीएमसी (बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कारपोरेशन) कर्मचारियों को भी 29 हजार रुपये बोनस मिलेगा। खास बात यह है कि इस साल राशि पिछली बार हुई घोषणा की तुलना में तीन हजार रुपये ज्यादा है। सरकार ने यह भी कहा है कि किंडरगार्टन (चत्र) कक्षा के बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षकों और आशा वर्कर्स को भी बोनस का लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि इससे पहले राज्य सरकार मदरसा शिक्षकों का वेतन बढ़ाने का एलान भी कर चुकी है। सरकार की आज की घोषणा इसलिए भी अहम है क्योंकि विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही पूरे राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। अब किसी भी तरह के सरकारी लाभ वाले एलान पर पाबंदी रहेगी। हालांकि, कुछ अति विशिष्ट परिस्थितियों में निर्वाचन आयोग की मंजूरी के बाद सरकार पैसे जारी कर सकती है।

### तीसरी सबसे बड़ी विधानसभा में सियासी समीकरण

महाराष्ट्र में इस बार सियासी मुकाबला बेहद दिलचस्प होने के आसार हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लगभग 25 महीने पहले जून, 2022 में महाविकास अघाड़ी सरकार गिरी थी। इसके बाद भाजपा समर्थित सरकार बनी। शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दो-फाड़ होने के बाद राज्य में पहली बार विधानसभा चुनाव होंगे। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा में फिलहाल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार के पास 202 विधायकों का समर्थन है। 102 विधायकों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। अजीत पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (ह्रष्टक्क) के 40 विधायक हैं। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के 18 विधायक हैं। 14 निर्दलीय विधायकों ने भी एनडीए सरकार को समर्थन दिया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार को पांच अन्य छोटे दलों का समर्थन भी हासिल है।

### विपक्ष कितना मजबूत

इसके अलावा विपक्षी खेमे (महाविकास अघाड़ी- MVA) में कुल 71 विधायक हैं। विपक्ष में कांग्रेस 37 विधायकों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना के 16 विधायक हैं। वरिष्ठ राजनेता शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के 12 विधायक हैं। समाजवादी पार्टी के दो, सीपीआईएम और पीडब्लूपीआई के एक-एक विधायक हैं। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के दो विधायक भी विपक्षी खेमे में हैं। 15 विधानसभा सीटें खाली हैं।

### तमाम जनप्रतिनिधियों की अग्निपरीक्षा

बता दें कि उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के बाद देश की तीसरी सबसे बड़ी विधानसभा महाराष्ट्र है। 2019 में हुए पिछले आम चुनावों के बाद महाराष्ट्र और झारखंड में भी मुख्यमंत्री बदलने की नौबत आई। ऐसे में अब दोनों राज्यों के राजनीतिक चौसर पर तमाम जनप्रतिनिधियों की अग्निपरीक्षा होगी।

### मदरसा शिक्षकों को कितना लाभ?

इससे पहले बीते 11 अक्तूबर को राज्य सरकार ने मदरसा शिक्षकों का पारिश्रमिक बढ़ाने का एलान किया। सीएम शिंदे की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्य की कैबिनेट ने डीएड डिग्री वाले मदरसा शिक्षकों का मानदेय 6,000 रुपये से बढ़ाकर 16,000 रुपये और बीए, बीएड और बीएससी डिग्री वाले शिक्षकों का वेतन 8,000 रुपये से बढ़ाकर 18,000 रुपये करने का भी फैसला किया।

### 38 दिन बाद नई सरकार का गठन

महाराष्ट्र में सियासी गतिविधियों के तेज होने और सरकार के हालिया फैसलों के बीच यह जानना भी दिलचस्प है कि अगले 38 दिनों के बाद राज्य में नई सरकार का गठन होगा। चुनाव आयोग ने 20 नवंबर को मतदान और 23 नवंबर को नतीजों की घोषणा करने का एलान कर दिया है। प्रदेश की राजनीति में फिलहाल मुकाबला रोचक इसलिए भी है क्योंकि नेताओं-विधायकों का पाला बदलने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। फिलहाल सीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना-भाजपा और अजित पवार गुट की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) महायुति सरकार में शामिल है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### चार विमानों में बम की धमकी, दिल्ली से शिकागो जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट की गई कनाडा डायवर्ट

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये मंगलवार को चार विमानों में बम की धमकी दी गई। इसमें एयर इंडिया की दिल्ली से शिकागो जा रही फ्लाइट में बम होने की बात कही गई। इसके बाद फ्लाइट को कनाडा की ओर डायवर्ट कर दिया गया। जहां फ्लाइट की जांच की जाएगी। एक्स के जरिये एक पोस्ट में मुंबई से शुरू होने वाली तीन और दिल्ली से शुरू होने वाली एक फ्लाइट में बम की धमकी दी गई। इसके बाद यात्रियों और एयरलाइन क्रू की जान खतरे में पड़ गई। धमकी की सूचना मिलने पर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं। एयर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर-बंगलूरू वाया अयोध्या फ्लाइट (IX765) में बम की धमकी दी गई। इस विमान को अयोध्या में उतारा गया और जांच की गई। इसके अलावा स्पाइसजेट के दरभंगा-मुंबई विमान (स्त्र116) और अकासा के सिलीगुड़ी-बंगलूरू विमान (QP 1373) में भी बम होने की धमकी दी गई। सूचना मिलने तक यह दोनों विमान लैंड कर चुके थे। एयरपोर्ट पर दोनों विमानों की सुरक्षा एजेंसियों और पुलिस बल ने जांच की।

### भारी बारिश के कारण तमिलनाडु-कर्नाटक में आज स्कूल-कॉलेज बंद, जलभराव के कारण ट्रेनें रद्द

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने कर्नाटक, आंध्र प्रदेश तमिलनाडु समेत दक्षिण भारत के कई इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक ऊपरी हवा का चक्रवाती प्रभाव बना है। इससे आंध्र प्रदेश के दक्षिण तटीय क्षेत्र में एक कम दबाव का क्षेत्र बना है और बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम और उससे सटे तमिलनाडु के तटीय इलाकों में 16 अक्तूबर को अत्यधिक वर्षा होने की आशंका है। इसके अलावा कर्नाटक सरकार ने मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए बुधवार को आंगनवाड़ी, प्राथमिक और उच्च विद्यालयों के लिए अवकाश घोषित किया है। बंगलूरू शहरी के जिला कलेक्टर ने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिए हैं। दक्षिण रेलवे की तरफ से जारी बयान के मुताबिक भारी बारिश और बेसिन ब्रिज तथा व्यासरपडी रेलवे स्टेशनों (तमिलनाडु में) के बीच पुल संख्या 114 पर जलभराव के कारण ट्रेनें पूरी तरह रद्द कर दी गई हैं।

### भारत का वस्त्र उद्योग 2030 तक 35 हजार करोड़ डॉलर का होगा: गिरिराज सिंह

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि भारत का वस्त्र उद्योग वर्ष 2030 तक बढ़कर 350 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इससे देश में तीन करोड़ पचास लाख नौकरियां सृजित होंगी। भारत-टेक्स 2025 के आयोजन से पहले श्री सिंह ने आशा व्यक्त की कि भारत को विश्व में अपने भारत ब्रांड और टिकाऊ पर्यावरण अनुकूल कपड़ा उत्पादों से वैश्विक पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि वस्त्र उद्योग के लिए केंद्र सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना परिधान उद्योग में उत्पादन और ब्रांडिंग बढ़ाने में सहायक होगी। श्री सिंह ने बताया कि ग्लोबल टेक्सटाइल एक्सपो - भारत टेक्स 2025 अगले वर्ष 14 से 17 फरवरी तक राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम और ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित किया जाएगा। पांच हजार से अधिक प्रदर्शकों और छह हजार से अधिक अंतर्राष्ट्रीय क्रेता इस एक्सपो में भागीदारी करेंगे।

### बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का चौथा आरोपित 21 तक पुलिस हिरासत में भेजा गया

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई।** बहुचर्चित पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में मुंबई पुलिस चौथे आरोपित हरीश कुमार बालकराम (23) को उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले से गिरफ्तार करके मुंबई लाई और मंगलवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे 21 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपित पुणे में स्क्रैप डीलर के रूप में काम कर रहा था। उस पर बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में पैसे का इंतजाम करने का शक है। इसका कारण उसके बैंक खाते में बड़े पैमाने पर पैसे जमा किए गए हैं। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त दत्ता नलावड़े ने बताया कि पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में हरीश कुमार बालकराम का नाम पहले गिरफ्तार किए।

## सभ्यता के इतिहास के बारे में लोगों की समझ विकसित करेगा राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर: प्रधानमंत्री मोदी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर बनाने के उनकी सरकार के फैसले का मकसद सभ्यता के इतिहास के बारे में लोगों की समझ विकसित करना है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लिंक्डइन पर 'आइए, पर्यटन पर ध्यान केंद्रित करें' शीर्षक वाले पोस्ट में कहा कि नई परियोजना निश्चित तौर पर इतिहास प्रेमियों और पर्यटकों के बीच समान रूप से उत्साह बढ़ाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि इस तरह के प्रयास से पर्यटन अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, जिसे भारत में विकास के एक प्रमुख ताकत के रूप में देखा जाता है। पीएम ने कहा, ''जब पर्यटन बढ़ता है तो सभी की आय बढ़ती है। मैं आप सभी अग्रणी और सम्मानित पेशेवरों से आग्रह करता हूं कि आप पर्यटन क्षेत्र में नए अवसरों का पता लगाएं और इस पर अपने विचार मेरे साथ साझा करें।''उन्होंने कहा, ''इस तरह, हम एक मजबूत अर्थव्यवस्था में योगदान देंगे और साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए अपने समृद्ध अतीत को संरक्षित करेंगे। यह परिसर प्राचीन लोथल को डॉक शहर की मिनी प्रतिकृति के रूप में फिर से जीवंत करेगा।'' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोथल एक समय सभ्यताओं, विचारों और वस्तुओं का जीवंत समागम स्थल था और खुदाई से इसकी भूमिका एक महत्वपूर्ण समुद्री केंद्र के रूप में दिखती है। उन्होंने कहा कि हजारों साल पहले बनाए गए डॉक, हमारे पूर्वजों की सरलता की भावना दर्शाते हैं।

### 10 वर्षों में इस प्रवृत्ति में बदलाव देखा गया: पीएम

मोदी ने कहा कि हालांकि, पिछले 10 वर्षों में इस प्रवृत्ति में बदलाव देखा गया है। उन्होंने कहा कि इसी भावना के साथ उनकी सरकार ने एक जीवंत राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर बनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इससे सभ्यता के इतिहास की हमारी समझ विकसित होगी। उन्होंने कहा, ''इस परिसर के केंद्र में एक प्रतिष्ठित लाइटहाउस संग्रहालय खड़ा होगा, जो 77 मीटर ऊंचा है और यह दुनिया में अपनी तरह का सबसे ऊंचा होगा।'' बता दें कि लोथल अहमदाबाद जिले के धोलका तालुका में आता है और यह नेशनल हाईवे-47 और स्टेट हाईवे-8 के करीब स्थित है। यह स्थल तीन गांवों से घिरा हुआ है- सरगवाला, उतेलिया और गुंडी। यहां मुख्य तौर पर कृषि ही आय का स्रोत और व्यवसाय है।

### 'आजादी के बाद नहीं दिया गया ऐतिहासिक स्थलों पर ध्यान'

प्रधानमंत्री ने कहा कि इसकी उन्नत इंजीनियरिंग और शहरी नियोजन आधुनिक पर्यवेक्षकों को चौंका देती है। यह हमारे अतीत की प्रतिभा का एक नमूना मात्र है। उन्होंने कहा, ''अफसोस है कि आजादी के बाद के दशकों में हमने अपने इतिहास के कई पहलुओं और कई ऐतिहासिक स्थलों को नजरअंदाज कर दिया, जिससे हमारा समृद्ध अतीत खोता जा रहा है।''

## सड़क दुर्घटना पीड़ित के परिजनों को करीब 28 लाख रुपये का मुआवजा, निजी बीमा कंपनी को देना होगा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के ठाणे में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) ने एक निजी बीमा कंपनी को एक पीड़ित परिवार को मुआवजे के रूप में 27.63 लाख रुपये देने का आदेश दिया है। 2020 में सड़क दुर्घटना में 23 वर्षीय एक शख्स की मौत हो गई थी। एमएसीटी के अध्यक्ष एस बी अग्रवाल ने 7 अक्तूबर को आदेश पारित किया, जो मंगलवार को उपलब्ध कराया गया। आदेश में न्यायाधिकरण ने कंपनी को मीना महेंद्र सिंह (47) को 27,63,304 रुपये का भुगतान करने को कहा।



जिनके बेटे सागर महेंद्र सिंह की 1 मार्च, 2020 को एक कार द्वारा मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद मृत्यु हो गई थी। सागर सिंह मानव संसाधन परामर्श फर्म यूएनएच मैनेजमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में ऑपरेशन एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत थे। उनकी मां द्वारा दायर याचिका के अनुसार, जब वह अपनी मोटरसाइकिल पर नवी मुंबई के ऐरोली स्थित अपने घर की ओर जा रहे थे, तो उनकी गाड़ी को एक कार ने टक्कर मार दी, जिसे लापरवाही से चलाया जा रहा था। सागर सिंह, परिवार का एकमात्र कमाने वाला और सहारा था, जिसकी दुर्घटना में मौत हो गई। कार की मालकिन पूजा अनिल अग्रवाल थी और ड्राइवर कार चला रहा था। चूंकि कार का मालिक पहले ही मर चुका था और उस पर एकपक्षीय मुकदमा दर्ज था। इसलिए न्यायाधिकरण ने बीमा कंपनी को उत्तरदायी ठहराया। लेकिन बीमा कंपनी ने याचिका को खारिज करने की मांग की।

## एससीओ शिखर वार्ता के लिए पाकिस्तान पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर पाकिस्तान में बुधवार को होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शिखरवार्ता में भाग लेने के लिए मंगलवार को इस्लामाबाद पहुंचे। नौ साल बाद ये पहला मौका है जब भारत के विदेश मंत्री पाकिस्तान की यात्रा पर पहुंचे हैं। इससे पहले दिसंबर 2015 में तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज पाकिस्तान गयी थीं। एससीओ के शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक में संगठन में शामिल देशों के शीर्ष नेता शामिल होते हैं। भारत की तरफ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्थान पर विदेश मंत्री जयशंकर बैठक में शिरकत करने पहुंचे हैं। विदेश मंत्री को लेकर भारतीय वायुसेना का विमान आज नूर खान एयर बेस पर उतरा। जयशंकर ने इस्लामाबाद में उतरने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। एससीओ एक प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा समूह है जो सबसे बड़े अंतरक्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय संगठनों में से एक के रूप में उभरा है। भारत, पाकिस्तान के अलावा चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान इसके सदस्य हैं। विदेश मंत्री जयशंकर पहले ही कह चुके हैं कि उनकी पाकिस्तान यात्रा बहुपक्षीय मंच में भागीदारी से जुड़ी है और इसका कोई द्विपक्षीय पहलू नहीं है। हालांकि वे हर यात्रा से पहले अपेक्षित और अनपेक्षित दोनों स्थितियों के लिए पूरी तैयारी के साथ जाते हैं।

## अध्यात्मिक प्रवक्ता खगुल कृष्ण ने आचार्य नंदू महाराज ब्रजवासी का किया अभिनंदन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जयपुर**

सौभरि ब्राहमण समाज मुहाना के द्वारा आयोजित श्रीमद्भगवत कथा महोत्सव में अध्यात्मिक प्रवक्ता खगुल कृष्ण भारद्वाज (ब्रजवासी) ने कथा प्रवक्ता आचार्य नंद किशोर पांडेय का स्मृति चिन्ह भेंट कर व पगड़ी पहनाकर सैकड़ों भागवत प्रेमियों के मध्य नागरिक अभिनंदन किया। इस अवसर पर अध्यात्मिक प्रवक्ता खगुल कृष्ण भारद्वाज ने कहा कि कलयुग में भागवत भगवान के प्रचार प्रसार से सनातन धर्म की जीवंतता अक्षुण्ण रह



सकती है। इस मौके पर सौभरि समाज की सरदारी ने अध्यात्मिक प्रवक्ता खगुल कृष्ण भारद्वाज का भी पटुका पहनाकर सम्मानित किया। व्यासपीठ पर विराजमान आचार्य नंद किशोर पांडेय नंदू जी महाराज (ब्रजवासी ) ने कृष्ण रुक्मिणी प्रसंग पर रोचक प्रकाश डालते हुए कहा कि जो लक्ष्मीपति बनने की कोशिश करता है उसको शिशुपाल की तरह रोना पड़ता है। कथा के दौरान कृष्ण रुक्मिणी विवाहोत्सव के दौरान उपस्थित भक्तगणों ने पुष्पवर्षा कर माहौल कृष्णमय बना दिया।

# भारत-अमेरिका के बीच 31 प्रीडेटर ड्रोन्स के सौदे पर हस्ताक्षर, हिंद महासागर में बढ़ेगी हमारी ताकत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने अमेरिका के साथ 31 प्रीडेटर ड्रोन्स खरीदने का सौदा कर लिया है। दोनों देशों के बीच इस सौदे पर दोनों पक्षों ने हस्ताक्षर किए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। लंबे समय से दोनों देशों के बीच इस सौदे को लेकर बातचीत चल रही थी। यह सौदा 32 हजार करोड़ रुपये का है। इससे समुद्र से लेकर सतह और आसमान तक भारत की मारक और निगरानी क्षमता में प्रभावी वृद्धि होगी। रक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने बीते हफ्ते ही इस सौदे को अपनी मंजूरी दी थी। भारत में आयोजित हुए एक कार्यक्रम में दोनों देशों के शीर्ष अधिकारियों और सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी में सौदे पर हस्ताक्षर हुए। भारत द्वारा 31 प्रीडेटर ड्रोन्स खरीदने के रक्षा सौदे का एलान प्रधानमंत्री मोदी के बीते साल अमेरिका दौरे पर किया गया था। इस सौदे की अहमियत को लेकर अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा था कि इस सौदे से दोनों देशों के रणनीतिक तकनीक सहयोग और सैन्य सहयोग में उल्लेखनीय इजाफा होगा। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, प्रीडेटर ड्रोन्स एमक्यू-9बी के मिलने से भारतीय नौसेना की हिंद महासागर में निगरानी



की ताकत कई गुना बढ़ जाएगी। ये प्रीडेटर ड्रोन्स अमेरिकी कंपनी जनरल एटॉमिक्स से खरीदे जाएंगे। यह सौदा भारत और अमेरिका की सरकारों के बीच विदेशी सैन्य बिक्री अनुबंध के तहत हुआ है। सौदे के तहत मिलने वाले 31 प्रीडेटर ड्रोन्स में से भारतीय नौसेना को 15 ड्रोन्स मिलेंगे। वहीं वायुसेना और थल सेना को 8-8 ड्रोन्स मिलेंगे।

### बेहद खास हैं प्रीडेटर ड्रोन

एमक्यू-9बी रीपर या प्रीडेटर ड्रोन की सबसे बड़ी खासियत ये है कि ये ड्रोन 40 हजार फीट से अधिक ऊंचाई पर करीब 40 घंटे तक उड़ान भर सकता है। यह ड्रोन सर्विलांस और हमले के लिहाज से बेहतरीन है और हवा से जमीन पर सटीक हमले करने में सक्षम हैं। यह हर प्रकार के मौसम में 40 घंटे से अधिक समय तक उपग्रह के माध्यम से उड़ान भर सकता है। अपनी क्षमताओं की वजह से प्रीडेटर ड्रोन को मानवीय सहायता/आपदा राहत, खोज और बचाव, कानून प्रवर्तन, विरोधी सतह युद्ध, पनडुब्बी रोधी युद्ध, एयरबोर्न माइन काउंटरमेसर, लंबी दूरी की रणनीतिक आईएसआर, ओवर-द-एयर लक्ष्यीकरण, पनडुब्बी रोधी युद्ध में इस्तेमाल किया जा सकता है।

### अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से कुछ हफ्ते पहले ही इस रक्षा सौदे पर हस्ताक्षर हुए

हिंद महासागर में जिस तरह से चीन अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिशों में जुटा है, उसे देखते हुए भारतीय नौसेना भी अपनी क्षमताओं में इजाफा कर रही है। अब प्रीडेटर ड्रोन्स मिलने के बाद नौसेना की ताकत में काफी बढ़ोतरी होगी क्योंकि सीमाओं की निगरानी रखने में इस प्रीडेटर ड्रोन्स बहुत मददगार साबित होंगे। मंगलवार को भारत और अमेरिका के बीच दो समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। जिसमें एक समझौते के तहत अमेरिका से भारत को 31 प्रीडेटर ड्रोन्स मिलेंगे, वहीं दूसरे समझौते के तहत इन ड्रोन्स के देश में ही रखरखाव, मरम्मत की सुविधा स्थापित की जाएगी। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से कुछ हफ्ते पहले ही इस रक्षा सौदे पर हस्ताक्षर हुए हैं। जनरल एटॉमिक्स के सीईओ विवेक लाल भी सौदे पर हस्ताक्षर के समय दिल्ली में मौजूद रहे।

### इसी ड्रोन से अमेरिका ने अल जवाहिरी को ढेर किया था

एमक्यू-बी प्रीडेटर ड्रोन अमेरिका के एमक्यू-9 रीपर ड्रोन का एक वैरिएंट है। जुलाई 2022 में इसी ड्रोन से हेलफायर मिसाइल को लॉन्च कर अमेरिका ने अल कायदा के आतंकी अयमन अल जवाहिरी को ढेर किया था। यह ड्रोन हेलफायर मिसाइल के साथ ही 450 किलो विस्फोटक लेकर उड़ान भर सकता है। प्रीडेटर ड्रोन्स बनाने वाली कंपनी जनरल एटोमिक्स ने पहले भी भारतीय कंपनी भारत फोर्ज के साथ इस ड्रोन के कलपुर्जे बनाने का समझौता कर लिया है। कंपनी भारत में ही इन ड्रोन्स की मरम्मत और रखरखाव के लिए भी एमआरओ हब स्थापित करेगी। साथ ही कंपनी भारत को अपने स्वनिर्मित लड़ाकू ड्रोन्स बनाने में भी मदद करेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)